दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 128 | जयपुर | बुधवार, 12 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

36.0° अधिकतम तापमान

21.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 74,102.32
-12.85 (0.017%)

निफ्टी 22,497.90
+37.60 (0.17%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 88,625 /10g

चांदी 98,000 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर का सरकारी इंजीनियर 50 से ज्यादा प्लॉट का मालिक, एसीबी की छापेमारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जयपुर विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता के ठिकानों पर छापेमारी की है। एसीबी को इंजीनियर अविनाश शर्मा की आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद लंबे समय से उन पर नजर रखी जा रही थी। मंगलवार सुबह से जारी इस कार्रवाई में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। टीम को आरोपी इंजीनियर के पास जयपुर के विभिन्न पॉश इलाकों की 25 से अधिक कॉलोनियों में 50 से ज्यादा प्लॉट मिले हैं। इतना ही नहीं, प्रारंभिक जांच में 6.25 करोड़ रुपए से अधिक की अन्य प्रॉपर्टी और निवेश का भी पता चला है। एसीबी ने इस मामले में 5 टीमों को लगाया है। एक टीम जहां जेडीए कार्यालय में सर्च कर रही है, वहीं दूसरी टीम को चाकसू नगर पालिका भेजा गया है। जहां भी कई संपत्तियों की जानकारी मिली है। अधिकारी मौके पर मिले नकद की गिनती के लिए कैश काउंटिंग मशीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। एसीबी के अनुसार कार्रवाई अभी जारी है और जांच में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### गैंगस्टर अमन साहू का झारखंड के पलामू में एनकाउंटर

बढ़ता राजस्थान

**रांची।** झारखंड के बड़े गैंगस्टर्स में शामिल अमन साहू पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है। मंगलवार को उसे रायपुर जेल से झारखंड पुलिस की रिमांड में रांची लाया जा रहा था। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के मुताबिक, अमन साहू को एनआईए के एक मामले में एटीएस की टीम रायपुर जेल से ला रही थी। जैसे ही स्कॉर्पियो चैनपुर-रामगढ़ रोड के अन्हारी ढ़ोढ़ा घाटी पहुंची। अमन साहू के साथियों ने, उसे छुड़ाने के लिए स्कॉर्पियो पर बम फेंका।





# खाटूश्यामजी के फाल्गुनी लक्खी मेले का हुआ समापन

## खाटू में सूरजगढ़ का निशान चढ़ाया

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** सीकर के खाटू में बाबा श्याम के 12 दिन चले वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले का समापन मंगलवार को हो गया। समापन में बाबा खाटूश्याम की भोग आरती और निशान चढ़ाया गया। हर साल की तरह इस बार भी बाबा श्याम के मंदिर पर सूरजगढ़ का प्रसिद्ध निशान चढ़ाया गया।

मंदिर कमेटी के अनुसार, इस बार पिछले साल की तुलना में 10 लाख कम श्रद्धालु पहुंचे। जबकि मेला इस बार 12 दिन का रखा गया था।

### होली खेलने रुके हैं भक्त

मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंगलवार को द्वादशी होने के कारण बाबा श्याम को परंपरागत रूप से खीर चूरमे का भोग लगाया गया। इसके साथ मंदिर में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। बाबा श्याम की भोग आरती के बाद लक्खी मेले के समापन की औपचारिक घोषणा श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से की गई। जिसके बाद भक्त बाबा श्याम के दर्शन कर वापस अपने घरों को लौटने शुरू हो गए। वहीं हजारों श्याम भक्त बाबा श्याम के साथ होली खेलने के लिए श्याम नगरी में रुके हुए हैं और होली के बाद ही खाटू धाम से रवाना होंगे। मंदिर कमेटी के मैनेजर संतोष शर्मा ने बताया कि खाटू में फाल्गुनी लक्खी मेला 28 फरवरी से 11 मार्च तक आयोजित किया गया था। इस बार देशभर से 20 लाख भक्तों ने खाटू नरेश के निज मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए। पिछले साल 2024 में लक्खी मेले में मंदिर कमेटी के अनुमान के मुताबिक करीब 30 लाख भक्त आए थे। पिछले साल के मुकाबले इस साल मेले में भक्तों की संख्या 10 लाख कम रही है।

### शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मेला

वार्षिक मेले के दौरान छोटी-मोटी घटनाओं व परेशानियों को अगर छोड़ दिया जाए तो मेला पूरी तरह से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिसके चलते जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने अब राहत की सांस ली है। जिला प्रशासन की ओर से इस बार श्याम भक्तों के लिए सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पिछले साल के मुकाबले इस बार अधिक पुलिस जाब्ता मेले में तैनात किया गया था। श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से भी भक्तों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सहायता के लिए बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई थी।

### इन कारणों से भक्तों की संख्या घटी

- इस बार खाटू मेले में वीआईपी दर्शन पूरी तरह से बंद थे। वीआईपी लाइन भी भक्तों के लिए खुली थी।
- मेले में जिला प्रशासन के सख्त रवैये के कारण भी भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खाटू में मेले के दौरान 2 दिन बाजार बंद रहा।
- राजस्थान में चल रही बोर्ड की परीक्षा का प्रभाव भी मेले में देखने को मिला। इसके कारण स्टूडेंट्स व परिजन नहीं आए।
- मेले में भीड़ कम रहने का मुख्य कारण महाकुंभ का मेला भी माना जा रहा। 26 फरवरी को महाकुंभ खत्म हुआ था और 28 फरवरी से लक्खी मेला शुरू हुआ।

राज्यसभा में खड़गे के ठोकेंगे वाले बयान पर हंगामा

## डिप्टी चेयरमैन ने बोलने से रोका तो कहा- क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ठोकेंगे वाले बयान पर हंगामा हुआ। दरअसल, डिप्टी चेयरमैन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खड़गे बीच में अपनी बात रखने लगे। इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा- आप सुबह बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा- ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं। इस पर हरिवंश ने कहा- अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए। इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। जब हरिवंश ने खड़गे के बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा कि हम सरकार की नीतियों को ठोकने की बात कर रहे हैं।

# पाकिस्तान में पैसेंजर ट्रेन हाईजैक

## बलूच आर्मी का दावा-20 सैनिकों को मारा, 182 यात्री बंधक बनाए

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। बलूच लिबरेशन आर्मी ने बयान जारी कर बताया कि 182 पैसेंजर्स को बंधक बना रखा है, जबकि 20 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या कर दी है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने ये भी बताया कि उसने एक ड्रोन मार गिराया है। ये हमला दोपहर करीब 1 बजे क्वेटा से पेशावर के रूट पर बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में हुआ। 6 घंटे बाद शाम 7:30 बजे तक भी जाफर एक्सप्रेस पूरी तरह से बलूच लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों के नियंत्रण में है। पिछले साल 25 और 26 अगस्त 2024 की दरमियानी रात बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस ट्रेन के रूट में कोलपुर और माच के बीच एक ब्रिज को उड़ा दिया था। इसके चलते ट्रेन की सर्विस रोक दी गई थी। 11 अक्टूबर 2024 से ट्रेन सर्विस फिर से शुरू हो गई थी।



### पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर बलूच लिबरेशन आर्मी ने किया अटैक

बलूच लिबरेशन आर्मी ने बोलान के माशकाफ में गुडालार और पीरू कुनरी के बीच इस हमले को अंजाम दिया है। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर बलूच लिबरेशन आर्मी ने ट्रेन पर हमला किया। सबसे पहले बलूच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद बलूच लिबरेशन आर्मी ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ। इस ट्रेन में सुरक्षाबलों, पुलिस और ढ्ढस्ढ्ढ के एजेंट्स सफर कर रहे थे। सभी पंजाब जा रहे थे। इन्होंने बलूच लिबरेशन आर्मी के हमले का जवाब दिया, लेकिन बलूच लिबरेशन आर्मी ने ट्रेन पर कब्जा कर लिया।

# मुख्यमंत्री ने ली मेट्रो अलाइमेंट की बैठक

## सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर की डीपीआर 31 मार्च तक हो पूरी जयपुर के अन्य क्षेत्रों में भी मेट्रो के विस्तार की बनाए प्रभावी योजना - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा (गोनेर मोड़) से अंबाबाड़ी (टोडी मोड़) तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य 31 मार्च, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के सिविल कार्यों के टेंडर 15 अगस्त से पहले जारी हो और परियोजना का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मेट्रो अलाइमेंट के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जयपुर में मेट्रो सेवा के विस्तार पर गंभीरता से कार्य कर रही है। हमारी मंशा है कि भविष्य के आवश्यकता को देखते हुए जयपुर के सभी क्षेत्र मेट्रो से कनेक्ट हो। मुख्यमंत्री ने फेज-2 के अंतर्गत सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक मेट्रो संचालन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस परियोजना से प्रतापनगर, टोंक रोड, सीकर रोड, विद्याधर नगर, सीतापुरा जैसे क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ेंगे और बड़ी संख्या में आमजन को मेट्रो की सुगम एवं द्रुतगामी परिवहन सुविधा मिल सकेगी।



### मेट्रो स्टेशन्स पर यात्री सुविधा का रखें विशेष ध्यान

उन्होंने अधिकारियों को सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन्स पर समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने यात्री सुविधा के दृष्टिगत स्टेशन्स को पोड टैक्सी सिस्टम्स से कनेक्ट करने के निर्देश भी दिए। शर्मा ने मेट्रो रूट के अलाइमेंट पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और जेएमआरसी की संयुक्त उद्यम कम्पनी से प्रदेश की निर्माणाधीन एवं भविष्य की सभी मेट्रो रेल परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती आनंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

VARDHAMAN DENTAL HOSPITAL

Dr. Amit Kant Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9829422290

Dr. Meha Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9983039253

Medical History : • Asthema • Hypertension • Diabeties • Pregnancy/Breast Feeding • Hospitalization/Surgery • Drug Allergy

Dental Laser | Digital X-ray(RVG) | Fix Braces | Zirconia Crowns

• 71/44 Opp. Kala Color Lab, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur
• 114/415 Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# मेहंदीपुर बालाजी में 6 दिवसीय होली महोत्सव की धूम, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारियां

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( भरत सिंह )।** मेहंदीपुर बालाजी आस्थाधाम में आयोजित होने वाले 6 दिवसीय होली महोत्सव पर बड़ी तादाद में दर्शनार्थियों का जुटना शुरू हो गया है। महोत्सव को लेकर मंगलवार को महंत डॉ नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में बालाजी का अलौकिक श्रृंगार व सोने का चोला चढ़ाकर इसका विधिवत आगाज हुआ ।

यह महोत्सव 11 से 16 मार्च तक चलेगा। 6 दिनों तक चलने वाले इस होली महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से करीब दो लाख से ज्यादा दर्शनार्थी बालाजी दरबार में ढोक लगाने पहुंचेगे। होली महोत्सव पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों के आस्था धाम पहुंचने व उनकी सुरक्षा, व्यापक सुविधाओ व कानून व्यवस्था को लेकर मंदिर प्रबंधन व प्रशासन ने भी इसकी व्यापक तैयारियों की कवायद तेज कर दी है। मंदिर प्रबंधन द्वारा दर्शनार्थियों की सुविधाओ पर फोकस किया जा रहा है, मंदिर ट्रस्ट सचिव एम के माथुर ने बताया कि होली महोत्सव को लेकर आस्थाधाम में पहुंचने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा, प्रसादी, भोजन पैकेट व्यवस्था, सुगमता से दर्शनों की व्यवस्था, व्यवस्थित कतारें, पानी, शौचालय, पार्किंग की व्यवस्था सहित अन्य व्यापक तैयारियों को काफी हद तक मूर्त रूप दिया जा चुका है। जहां व्यापक सुविधाओं के साथ प्याउ, अस्थाई चल शौचालय, दर्शनों के बाद दर्शनार्थियों को भोजन के पैकेट, एंबुलेंस सहित यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मंदिर प्रबंधन की ओर से अतिरिक्त गार्डों की तैनाती की जाएगी। पुलिस सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दोसा करौली जिला पुलिस व प्रशासन से सहयोग मांगा है। उन्होंने बताया कि होली महोत्सव मंगलवार से शुरू होकर 16 मार्च तक चलेगा। थानाधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि होली में व्यापक सुरक्षा इंतजाम को लेकर अतिरिक्त जवानों का जाब्ता मांगा गया है।

महोत्सव के दौरान व्यवस्थाओं में कस्बे के लोगों व व्यापारियों के सहयोग को लेकर सीएलजी की बैठक में भी चर्चा कर रणनीति तैयार की है।

### निगरानी कमेटी हर गतिविधि पर रखेगी नजर


होली महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन व मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, व्यवस्थाओं की बेहतरी को लेकर एक निगरानी कमेटी भी गठित की गई है। जो प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखने के साथ व्यवस्थाओं को मूर्त रूप देगी।

### संकट मोचन हनुमंत महायज्ञ में दी जाएंगी आहुतियां, होलिका मैदान में होगा होली का दहन

आस्था धाम मेहंदीपुर बालाजी में होली धूलंडी पर्व के बाद संकट मोचन हनुमंत महायज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें सिद्ध पीठ के महंत डॉक्टर नरेश पुरी महाराज द्वारा आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की जाएगी। दरअसल होली महोत्सव के तहत मंदिर ट्रस्ट की ओर से बालाजी बाईपास स्थित एनकेपी आश्रम में संकट मोचन हनुमंत महायज्ञ के विशेष आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। जबकि कस्बे के होलिका मैदान में बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों की मौजूदगी में होली का दहन होगा।

### दौसा व गंगापुर जिले के 150 पुलिसकर्मी व ट्रस्ट के 120 गार्ड संभालेंगे व्यवस्था

होली महोत्सव के दौरान दर्शनार्थियों की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए दौसा व करौली जिला पुलिस के 150 से अधिक पुलिस के जवान एवं मंदिर ट्रस्ट के एक सो बीस गार्ड तैनात किए जाएंगे। जो महोत्सव के दौरान सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जिम्मा संभालेंगे। जहा बड़ी तादाद में दौसा करौली जिले का पुलिस जाब्ता मौजूद रहेगा। जबकि आला अधिकारी मेले को व्यवस्थाओं को लेकर लगातार मॉनिटरिंग करते रहेंगे।



# मछली को बचाने के लिए गेहूं का बलिदान, लगाए आरोप

बढ़ता राजस्थान



**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** शाहपुरा जिला उपखंड मुख्यालय पर सिंचाई विभाग के अधिकारी एईएन द्वारा मनमानी करते हुए किसानों की फसलों को मौत का फरमान सुना दिया और गेहूं की फसल को जरूरत के समय नहर का पानी बंद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग के अध्यक्ष हनुमान धाकड़ ने बताया कि उम्मेद सागर बांध पर लगभग 5 फीट पानी है और शाहपुरा क्षेत्र के किसानों की फसलें खेत में खड़ी हैं और इस मौके पर फसलों को पानी की अत्यंत आवश्यकता है, इससे किसान की फसल का मूल्य निर्धारण होगा, और चलती हुई नहर को बिना किसी सूचना के बंद कर दिया गया। आरोप लगाया गया कि शाहपुरा के फूलडोल महोत्सव में नहर चलने से कोई हादसा ना हो, बेतुकी संभावना व्यक्त करते हुए नहर का पानी रोक दिया गया। किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं मछली के ठेकेदारों में साथ गांठ होने से मछलियों के पानी कम रहने से उनके नुकसान की भरपाई करने के लिए क्षेत्र के हजारों किसानों की फसलों को बलि चढ़ाया जा रहा है, जबकि शाहपुरा क्षेत्र की अधिकतर जनता शाकाहारी है और गेहूं की रोटी खाने पर ही विश्वास करती है, लेकिन मांसाहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग के अधिकारी तुगलक की फरमान जारी करते हुए नहर को बंद कर दिया। जबकि नियम यह है कि बांध का एक भी बूंद पानी नहीं रहे, तब तक नहरें चलती रहें। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को व्यवहार के कारण किसान आकर्षित हैं और अपने फसलों की चिंता करते हुए कल सिंचाई विभाग का एवं अधिकारियों का घेराव करते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देंगे और सरकार से मांग करेंगे कि नहर को बिना विलंब किए शुरू किया जाए, ताकि किसानों की फसलें सूखने से बच सकें।

### इनका कहना

सिंचाई विभाग एईएन कोमल छिपा का कहना है कि शाहपुरा में सिंचाई के लिए पूर्व में चार बार नहर को खोल दिया गया अब 4 फीट पानी ही रहा है ।

# यूफबीयू के बैनर तलें बैंककर्मियों द्वारा किया विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( सुरेश लाटा )।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक सरदारशहर मुख्य ब्रांच के समक्ष मांगों के समर्थन में बैंक कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों, ग्रामीण बैंकों, के बैंकों के कर्मचारियों और अधिकारियों ने काफी संख्या में भाग लिया। इससे पूर्व 3 मार्च 2025 को संसद के समक्ष जंतर-मंतर नई दिल्ली में एक विशाल धरना आयोजित किया गया था। जिसमें देशभर के बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया था। इस संबंध में एनसीबीई राजस्थान इकाई के उपमहासचिव अभिषेक पारीक ने कहा कि देशभर में बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारियों और अधिकारियों की बढ़ती समस्याओं, कर्मचारी-विरोधी नीतियों और विभिन्न लंबित मांगों को लेकर यह आंदोलन आयोजित हैं । स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के जोनल सेक्रेटरी रविश सुथार ने बताया कि यह आंदोलन पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने, आउटसोर्सिंग बंद करने, आदि मुद्दों पर किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में यूएफबीयू के सभी घटक संगठनों में एआईबीईए, एआईबीओसी, एनसीबीई, एआईबीओए, बीईएफआई, आईएनबीईएफ, आईएनबीओसी, एनओबीडब्लू और एनओबीओ के प्रतिनिधियों और बैंकों के कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता दिखाकर आक्रोश व्यक्त किया।

**आंदोलन और हड़ताल का प्रस्तावित कार्यक्रम :** पीनबी आफिसर ऐसोसिएशन के विनोद मीणा ने बताया आंदोलन और हड़ताल के प्रस्तावित कार्यक्रम के बारे 11 मार्च को सभी बैंकों के मुख्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं में प्रदर्शन किया जाएगा। 17 मार्च को राज्य स्तर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाएगा। 21 मार्च को देशभर के सभी प्रमुख शहरों में रैली निकाली जाएगी। 22 मार्च को सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और 24-25 मार्च को 48 घंटे की राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल की जाएगी।



विरोध प्रदर्शन में भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संघ से अभिषेक पारीक, रविश सुथार, बसंत पुरोहित, नीमेश सांखला बलदेव डूडी, भानूप्रताप सिंह, सुरेन्द्र भाटी, मनोहर सिंह, शीशपाल तैतरवाल, नीमेश सांखला,सुरेन्द्र, काशीराम शर्मा, पीएनबी के विनोद कुमार मीणा, कमलकांत शर्मा, इंडियन बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, कार्यकारी संघ से संदीप कुमार, कोरपोरेशन बैंक से हेमंत मीणा, बैंक आफ इंडिया से राकेश कुमार, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से प्रेम कुमार, रतनप्रभा यूनियन बैंक, कानाराम , प्रवेश कुमार, राजपाल रोझ, विनोद सैनी, अनुराग धनखड़, सेन्ट्रल बैंक, दोलतनाथ, रमेश माली, सुभाष भालोठिया, सुखविंदर, सहित सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों और अधिकारियों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

# आनन फानन में बना दिया विधायक : अभिषेक पारीक

## जिला नहीं बनने तक जारी रहेगा आंदोलन, मोबाइल एसोसिएशन ने दिया धरना

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** शाहपुरा (भीलवाड़ा) जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहे आंदोलन के तहत मंगलवार को 69 वे दिन शहर के सभी मोबाईल व्यवसायियों ने दिया धरना। मोबाईल व्यवसायी शांतिलाल मामोडिया ने संघर्ष समिति और अधिवक्ता संघ को ऐतिहासिक आंदोलन की बधाई दी और हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। मोबाईल व्यवसायी अभिषेक पारीक ने कहा कि स्थानीय विधायक बार बार यही बात कहते है कि पूर्ववर्ती सरकार ने आनन फ़ानन में जिले बना दिए लेकिन मेरा ये मानना है कि हमने आनन फ़ानन में विधायक बना दिया और इन विधायकों ने आनन फ़ानन में पर्ची से मुख्यमंत्री बना दिया जिनको जनहित के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने बताया कि जिस व्यक्ति को जनता ने हजारों वोटो से जिताया तो उनकी जवाबदारी बनती है कि वह धरने पर आकर जनता को आश्वस्त करें और सरकार को मापदंड के अनुसार जिला बनाकर न्याय संगत कार्यवाही करनी चाहिए लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसी को जनता से सरोकार नहीं है। अविनाश शर्मा ने कहा कि संघर्ष समिति के तहत फूलडोल महोत्सव के दौरान हस्ताक्षर अभियान के तहत वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की तैयारी की जा रही है जिसमे सभी का परिजनों सहित सहयोग अपेक्षित है। अधिवक्ता नमन ओझा ने कहा कि शाहपुरा जिले को लेकर चल रहे आंदोलन में प्रत्येक समाज व संगठन अपना योगदान दे रहा है इसी का परिणाम है कि आज 69 दिन से निरंतर जिले की मांग को लेकर धरना जारी है। धरने पर अधिवक्ता चावण्ड सिंह ने संचालन किया। इस दौरान मोबाइल व्यवसायी हरीश वासवानी, रतन कुमावत, महावीर कुमावत, शुभम् लड्ढा, दिनेश कुमावत, मोहन कुमावत, रामरतन



टेलर, धनराज वैष्णव, कैलाश साहू, किशन प्रजापत, पिंकू तम्बोली, पुखराज जाट, राधेश्याम कुमावत, सलीम कायमखानी, ओम नैनवा, अर्पित हेड़ा, द्वारका कुमावत, दलीचंद गुर्जर, बबलू गुर्जर, किशोर सिन्धी, प्रहलाद कुमावत, अंकित तेली, ब्रजमोहन धाकड़ उपस्थित थे। इस दौरान संघर्ष समिति के त्रिलोक चंद नौलखा, रामप्रसाद जाट, अनिल शर्मा, दिनेश चंद्र व्यास, सत्यनारायण पाठक, अधिवक्ता आशीष पालीवाल, पन्नालाल खारोल, अंकित शर्मा, अरविंद सिंह राणावत, योगेंद्र सिंह भाटी, कुलदीप सिंह यादव, प्रियेश सिंह यदुवंशी आदि मौजूद थे।

# पुलिस थाना बास दयाल में महिला सुरक्षा सखी और पुलिसकर्मियों मित्र की मीटिंग हुई सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** थाना बास दयाल में महिला सुरक्षा सखी और पुलिस मित्र की मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग की अध्यक्षता थाना एसएचओ प्रदीप शेखावत ने की।थाना एसएचओ ने सम्बोधित करते हुए कहा।महिला सुरक्षा सखी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर पीड़ित महिलाओं की सहायता संबंधित और बालिकाओं के बढ़ते मामले की रोकथाम के लिए। इस मीटिंग का उद्देश्य महिला सुरक्षा सखियों को जागरूक करना और उन्हें राजस्थान पुलिस के संबंधित सहायता की जानकारी देना था।मीटिंग में महिला सुरक्षा सखियों को राजस्थान पुलिस कार्यप्रणाली और राजस्थान पुलिस के संबंधित सहायता की जानकारी दी गई। सामाजिक कार्यकर्ता व एरिया कोऑर्डिनेटर रवि कुमार शर्मा ने सुरक्षा सखियों को उनके कार्य और जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया।हेड कांस्टेबल अमर सिंह मीना ने साइबर, राजकोप एप की जानकारी दी, महिला कांस्टेबल बबीता के द्वारा महिलाओं के संबंधित अपराध की जानकारी, पीड़ित महिलाओं की सुचना देने संबंधी आग्रह भी किया। इस मौके पर काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।इस मीटिंग के माध्यम से महिला सुरक्षा सखियों को यह जानकारी दी गई कि वे कैसे पीड़ित महिलाओं की सहायता कर सकती हैं और बालिकाओं के बढ़ते मामले की रोकथाम के लिए क्या कदम उठा सकती हैं।

# साइबर सुरक्षा आज की आवश्यकता पर सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर अचीवर्स स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अतुल्य श्री पंजाबी समाज के संयुक्त तत्वावधान मे के द्वारा आज हिरणमगरी स्थित ज्ञान मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइबर सिक्योरिटी पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अशोक पनवा थे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों में साइबर सिक्योरिटी के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें साइबर अपराधों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। क्लब अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र बहल ने भी सेमिनार में अपने विचार साझा किए और छात्रों को साइबर सिक्योरिटी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यह सेमिनार छात्रों में साइबर सिक्योरिटी के प्रति जागरूकता फैलाने में मदद करेगा और उन्हें साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। इस अवसर पर अतुल्य श्री पंजाबी समाज के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र शारदा ने भी छात्र छात्रों का हौंसला बढ़ाया और श्रीमति अनुराधा बहल ने भी छात्र छात्राओ को प्रोत्साहित किया। स्टेट बैंक की ओर से गौरव दाना, शानू परिहार व अरविंद राव भी उपस्थित थे। स्कूल के संस्थापक टीकमचंद आसावरा, व्यवस्थापक गजानंद आसावरा तथा प्राचार्य श्रीमती लीला पालीवाल व सभी वशिष्ठ अध्यापकों और टीचर्स का भी सहयोग रहा।

# ओवरब्रिज निर्माण के लिए 3घंटे का मेगा ब्लॉक 4 गर्डर स्थापित किए

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** हिंडौन सिटी रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज निर्माण के लिए मंगलवार को मेगा ब्लॉक लिया गया। दोपहर 12.45 से 3.45 बजे तक ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बंद रहा।मेगा ब्लॉक के दौरान फुट ओवरब्रिज पर 4 गर्डर स्थापित किए गए। अंतिम मेगा ब्लॉक 12 मार्च को होगा, जिसमें शेष 3 गर्डर लगाए जाएंगे। कुल 7 गर्डर की स्थापना के बाद स्लैब निर्माण, एसकेलेटर और लिफ्ट का काम शुरू होगा।परियोजना अमृत भारत रेलवे स्टेशन सौंदर्यीकरण योजना का हिस्सा है, जिस पर 18 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अनुमान है कि फुट ओवरब्रिज का निर्माण 4-5 महीने में पूरा हो जाएगा।कार्य की निगरानी के लिए कोटा रेल मंडल से वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इनमें सीएसडी ओपी मीना, सीपीएम सौरभ शर्मा, डिप्टी सीपीएम हरीश कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर पीयूष, अधिशाषी अभियंता बुद्धिप्रकाश और स्टेशन मैनेजर केएस मीना



शामिल थे। मेगा ब्जलॉक समाप्त होने के बाद शाम 4 बजे जयपुर-बयाना फास्ट पैसेंजर प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर और अवध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंची। ब्लॉक के कारण यात्रियों को कई घंटे तक ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा।

# श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में मंगलवार को छप्पन भोग की झांकी सजायी

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शहर के मोहन नगर स्थित श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में मंगलवार को छप्पन भोग की झांकी सजायी गई। जिसमें सुबह मंगला आरती से ही छप्पन भोग की झांकी के दर्शन शुरु हुए।श्याम मंदिर सेवा धाम में सतरंगी फागोत्सव का आयोजन चल रहा है। जिसमें आज छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। वही एक दिन पूर्व फूल बंगला झांकी से मंदिर परिसर को सजाया गया था।

मंदिर में आज छप्पन भोग झांकी के बीच बाबा श्याम महंगे विदेशी वैरायटी के फूल मालाओ में सुशोभित दिखे। श्रद्धालुओं के लिए दिनभर पट खुले रहे। श्याम बाबा, राधा कृष्ण व गिर्राज धरण दरबार में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई ।



# फागोत्सव में बिखरे होली के रंग

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** माहेश्वरी महिला गौरव द्वारा भव्य फागोत्सव समारोह आयेजित किया गय। जिसमें होली के रंगों की मस्ती दिखाई दी।यह आयोजन न केवल होली के पारंपरिक उल्लास को जीवंत कर रहा था, बल्कि महिलाओं की शक्ति, आत्मनिर्भरता और एकता का भी उत्सव बना। भजन मंडली द्वारा पारंपरिक फाग गीतों की शानदार प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। क्लब संरक्षिका कौशल्या गट्टानी और जनक बांगड़ ने अपने अनुभव साझा कर नई पीढ़ी को सशक्त बननें की प्रेरणा दी। क्लब अध्यक्ष आशा नारायणीवाल ने समस्त महिला शक्ति का जोश से स्वागत किया।

इस अवसर पर क्लब की सचिव सीमा लाहोटी ने बताया कि इस फागोत्सव के माध्यम से हम महिलाओं की ऊर्जा,



आत्मविश्वास और समाज में उनकी बढ़ती भूमिका का उत्सव मना रहे हैं।

## कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा टोंक

क्रमांक :- अजिपस/लेखा/निविदा/2024-25/904 दिनांक :- 07/03/2025

**निविदा सूचना संख्या - 15/2024-25**

टोंक जिले के सन्दर्भ कक्षों (Resource Room) के लिए Equipment's क्रय करने हेतु पंजीकृत/अधिकृत संवेदकों से खुली बोली के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत सूचना वेबसाईट **http://sppp.raj.nic.in** पर देखी जा सकती है।

**NIB Code- RSE2425A1277**

**UBN No. - RSE2425GSOB02601**

राज.संवाद/सी/24/13015 अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक



## कार्यालय नगर पालिका, निवाई

क्रमांक :– न0पा0नि0/स्टोर/2024–25/10918 दिनांक : 07.03.2025

**बोली–सूचना**

सम्बन्धित व्यवसायदाताओं को सुचित किया जाता है कि नगर पालिका निवाई द्वारा वित्तिय वर्ष 2025–26 के लिए निम्नानुसार कार्य करवाये जाने हेतु मोहरबन्द बोली आमंत्रित की जाती है। जिनकी बोलीएं दिनांक 18.03.2025 को समय 02:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 18.03.2025 को समय 4:00 बजे तक बंद लिफाफे मे प्राप्त की जाकर बोली दिनांक 18.03.2025 को सायं 4:00 बजे उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जावेगी तथा उक्त बोली वेवसाईट **www.sppp.raj.nic.in** से भी देखी जा सकती है। उपरोक्त वर्णित निर्धारित तिथि व निर्धारित समय तक निर्धारित शुल्क नगर पालिका कोष में नगद जमा करवाकर रसीद प्रस्तुत करने पर ही अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है, व जमा कराया जा सकता है:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | अमानत राशि | टेण्डर शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फोटोग्राफी मय एलबम सहित व विडियोग्राफी शूटिंग, ड्रोन शूटिंग करवाये जाने का कार्य वर्ष 2025–26 हेतु UBN No.:- DLB2425SSOB19681 | 250000 | 5000 | 200 |
| 2 | प्रचार–प्रसार, माईक, साउण्ड सिस्टम का कार्य वर्ष 2025–26 हेतु UBN No. :- DLB2425SSOB19682 | 250000 | 5000 | 200 |
| 3 | कम्प्यूटरो के प्रिन्टरो में रिफलिंग, कलर इंक, कार्टेज मरम्मत करने का कार्य UBN No. :- DLB2425GSOB19683 | 250000 | 5000 | 200 |
| 4 | टेंकर व फायर वाहन में पानी भरने का कार्य वर्ष 2025–26 हेतु UBN No. :- DLB2425GSOB19685 | 250000 | 5000 | 200 |
| 5 | रंगोली हेतु गुलाल व लाईन हेतु सफेद चुना सप्लाई कार्य वर्ष 2025–26 हेतु UBN No. :- DLB2425GSOB19686 | 300000 | 6000 | 200 |
| 6 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम, समारोह हेतु फुल माला इत्यादि सप्लाई कार्य UBN No. :- DLB2425SSOB19687 | 200000 | 4000 | 200 |
| 7 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम, समारोह हेतु जल–पान व्यवस्था कार्य UBN No. :- DLB2425SSOB19688 | 300000 | 6000 | 200 |
| 8 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम, समारोह हेतु स्मृति चिन्ह सप्लाई कार्य UBN No. :- DLB2425GSOB19689 | 350000 | 7000 | 200 |
| 9 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम, समारोह हेतु आमंत्रण पत्र, प्रशंसा पत्र, पम्पलेट, डायरी, पट्टा छपाई कार्य UBN No. :- DLB2425GSOB19690 | 350000 | 7000 | 200 |
| 10 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम, समारोह पर शाल, दुपट्टा, साफा, बेज, सप्लाई कार्य UBN No. :- DLB2425GSOB19691 | 200000 | 4000 | 200 |
| 11 | फिल्टर पानी के कैन सप्लाई कार्य वर्ष 2025–26 हेतु UBN No. :- DLB2425GSOB19692 | 400000 | 8000 | 200 |
| 12 | रोड लाईटो को ठीक करने हेतु क्रेन किराये पर लेने का कार्य वर्ष 2025–26 UBN No. :- DLB2425SSOB19693 | 100000 | 2000 | 200 |

नोट :–
1. टेण्ड़र शर्ते एवं अन्य जानकारी **www.sppp.raj.nic.in** पर अथवा कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।
2. सशर्त बोली मान्य नहीं होगी।
3. टेण्डर आवेदन पत्र के साथ पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं संम्बन्धित कार्य के लाईसेन्स की छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
4. टेण्ड़र स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई को होगा।
5. RTPP Act, RTPP नियम एवं अन्य संत्रत विधियां, राज्यादेश लागू होगें।

राज.संवाद/सी/24/12987 अध्यक्ष नगर पालिका निवाई — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई


# टीबी अलर्ट इंडिया ने 300 मरीजों को लिया गोद




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम ।** टीबी अलर्ट इंडिया ने अपने संजीवनी प्रोजेक्ट कार्यक्रम के तहत जयपुर प्रथम जिले के 300 टीबी मरीजों को गोद लिया है प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर डॉ. अभिषेक सुरोलिया द्वारा टीबी यूनिट्स पर टीबी मरीजों को देने के लिए फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया है मंगलवार को एस एम एस हॉस्पिटल डी टी सी व सिरहड्योढ़ी टीबी केंद्र में डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा , डॉ. मातादीन अग्रवाल व रजत बिश्नोई (पार्षद जयपुर शहर) की उपस्थिति में टीबी अलर्ट इंडिया द्वारा उपलब्ध कराए गए फूड बास्केट को टीबी मरीजों के बीच वितरित किया गया, फूड बास्केट में सोयाबीन दाल, चावल, बिस्किट, दूध का एक डिब्बा सहित प्रोटीन युक्त सामग्री का वितरण किया गया। डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. मातादीन अग्रवाल व रजत बिश्नोई जी ने बताया कि निश्चय मित्र योजना टीबी रोग से पीड़ित को गोद लेने की योजना है इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निश्चय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम 6 माह के लिए और अधिक से अधिक 3 साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगी को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीबी के खिलाफ जीतने के लिए सम्मिलित प्रयास किया जाना आवश्यक है इसलिए उन्होंने सक्षम व्यक्ति, जिम्मेदार सरकारी व गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधियों से टीबी उन्मूलन अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित निश्चय मित्र योजना अभियान से जुड़ने की अपील की है। इस अवसर पर डॉ. नरेश कुमार शर्मा, डॉ. मातादीन अग्रवाल रजत बिश्नोई (पार्षद जयपुर शहर) डॉ. अभिषेक सुरोलिया (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर टीबी अलर्ट इंडिया), विकास शर्मा, रिचा त्रिवेदी, पूजा कुमावत, नीतिका शेखावत, धर्मवीर, अनीश खान व अमित सिंह आदि लोग उपस्थित थे।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड मालपुरा

पता : व्यास सर्किल के पास, सदरपुरा रोड जलदाय विभाग केम्पस, मालपुरा जिला टोंक

Mobile No. 8279108410 E-Mail ID: eemal.ton.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक: अ0अ0/जन स्वा0/माल 0/2024–25/4576–89 दिनांक = 04/03/2025

**ई–निविदा सूचना संख्या 131 से 135/2024–25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से जन स्वा0 अभि0 विभाग खण्ड मालपुरा के अधीन विभिन्न क्षेत्रो मे कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वा0 अभि0 विभाग में पंजीकृत सर्वेदको एवं राज्य सरकार केन्द्र सरकार के अधिकृत सगंठनो केन्द्रीय लोक निमार्ण विभाग/डाक एवं दूर सचांर विभाग रेलवे इत्यादि में पजीकृत सर्वेदको जो कि राजस्थान सरकार

के सक्षम श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्यूरगेट प्रकिया के तहत ऑन लाइन निविदाएँ आमत्रितं की जाती है। निविदा फार्म ऑन लाइन वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से निम्न विवरण मे अकिंत अनुसार अवधि मे निविदा प्रपत्र प्राप्त कर जमा कराये जा सकते है। निर्धारित तिथि को यदि किसी कारणवश अवकाश रहता है। तो उसके अगले कार्यदिवस में उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जाएगी। निम्न हस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये किसी भी

निविदा अथवा भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदा की लागत कम व अधिक की जा सकती है ।

विस्तृत विवरण ऑन लाइन बेबसाइट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp,sppp.rajasthan.gov.in http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक सवेदको को अपने digital Signature certificate (DSC) के माध्यम से वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। उक्त निविदाओ का वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in पर युनिक बिड न0 निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| निविदा डाउनलोड करने की अतिंम तिथि निविदा संख्या 131 से 133 तक | 05.03.2025 से 24.03.2025 सायं 06 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की अतिंम तिथि निविदा डाउनलोड करने की अतिंम तिथि निविदा संख्या 131 से 133 तक | 05.03.2025 से 24.03.2025 सायं 06 बजे तक |
| निविदा तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय निविदा डाउनलोड करने की अतिंम तिथि निविदा संख्या 131 से 133 तक | 25.03.2025 को प्रात: 11.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की अतिम तिथि निविदा संख्या 134 से 135 तक | 05.03.2025 से 26.03.2025 सायं 06 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की अतिंम तिथि निविदा डाउनलोड करने की अतिंम तिथि निविदा संख्या 134 से 135 तक | 05.03.2025 से 26.03.2025 सायं 06 बजे तक |
| निविदा तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय निविदा डाउनलोड करने की अतिंम तिथि निविदा संख्या 134 से 135 तक | 27.03.2025 को प्रात: 11.00 बजे |

| S. No | Nit No | NIB Code | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1 | 131/2024-25 | PHE2425A5070 | PHE2425WSOB11120 |
| 2 | 132/2024-25 | PHE2425A5070 | PHE2425WSOB11121 |
| 3 | 133/2024-25 | PHE2425A5070 | PHE2425WSOB11122 |
| 4 | 134/2024-25 | PHE2425A5070 | PHE2425WSOB11123 |
| 5 | 135/2024-25 | PHE2425A5070 | PHE2425WSOB11124 |

**अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड मालपुरा**



# OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.H.E.D.DIV. TONK

No. 6083-88 Dt 18.02.2025

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH E-PROCUREMENT SYSTEM**

Online tenders through e procurement system are hereby invited, on behalf of the Governor of Rajasthan from enlisted contractors with the department in appropriate class under the Government of Rajasthan and enlisted contractors with CPWD/ Postal, Telecom, Railways, MES, other State Govt./ Central Govt. undertaking/ organizations equivalent to "AA" class of Rajasthan provided they meet out prescribed eligibility criteria for the following works. The details may be be downloaded from website seen on the DIPR web site and tenders can http://eproc.rajasthan.gov.in.

Bidders who wish to participate in online bidding will have to procure digital certificate as per IT Act-2000 to sign their electronic bids. Offers which are not digitally signed will not be accepted. Bidder shall submit their offer in Electronic format on above mentioned website.

| NIT No. | Name of work | Estimated cost (Rs.in lacs) | Amount of EMD @2% | Tender Fee | RISL charges (Rs.) | Last date & time of available /submission of online tender | Date & time of opening of tender | Period of comp-letion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 82/24-25 | शहरी जलयोजना टोंक के विभिन्न स्थानों पर 4000 लीटर क्षमता के टैंकरों के माध्यम से पेयजल परिवहन का कार्य | 3.05 | 6100 | 500 | 500 | 10.03.2025 | 11.03.2025 | Yearly rate contract |
| 83/24-25 | उपखण्ड उनियारा के शहरी क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर 4000 लीटर क्षमता के टैंकरों के माध्यम से पेयजल परिवहन का कार्य | 19.82 | 39640 | 500 | 500 | 10.03.2025 | 11.03.2025 | Yearly rate contract |
| 84/24-25 | उपखण्ड देवली के शहरी क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर 4000 लीटर क्षमता के टैंकरों के माध्यम से पेयजल परिवहन का कार्य | 3.24 | 6480 | 500 | 500 | 10.03.2025 | 11.03.2025 | Yearly rate contract |
| 85/24-25 | जिला उपखण्ड टोंक ग्रामीण जलयोजना टोंक के विभिन्न स्थानों पर 4000 लीटर क्षमता के टैंकरों के माध्यम से पेयजल परिवहन का कार्य | 9.07 | 18140 | 500 | 500 | 10.03.2025 | 11.03.2025 | Yearly rate contract |
| 86/24-25 | उपखण्ड उनियारा के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर 4000 लीटर क्षमता के टैंकरों के माध्यम से पेयजल परिवहन का कार्य | 14.51 | 29020 | 500 | 500 | 10.03.2025 | 11.03.2025 | Yearly rate contract |
| 87/24-25 | उपखण्ड देवली के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर 4000 लीटर क्षमता के टैंकरों के माध्यम से पेयजल परिवहन का कार्य | 10.21 | 20420 | 500 | 500 | 10.03.2025 | 11.03.2025 | Yearly rate contract |

1. Last date and time for Availability/submission of tender document on date 11-03-2024 up to 6:0 PM on above mentioned web site.
2. EMD, RISL fee and Tender cost should be deposited by E Challan through E-Grass system.
3. Last date and time for Physical submission of fee document on date 11-03-2025: up to 1.30 PM
4. Opening of online Prequalification Bid on 11-03-2025 at 3:00 PM.

SAVE WATER - SAVE LIFE"

Executive Engineer

## सम्पादकीय

# ट्रंप के कदम और मंदी का जोखिम

इस वर्ष जनवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद से नीतियां चुनने के मामले में डॉनल्ड ट्रंप इतना आगे-पीछे हुए हैं कि बाजार भ्रम में पड़ गया है। अमेरिका के कुछ सबसे करीबी व्यापार साझेदारों पर शुल्क लगाया गया और फिर या तो हटा दिया गया या टाल दिया गया। कुछ लोगों को अब भी संदेह है कि ट्रंप वाकई शुल्क लगाना चाहते हैं या बातचीत में अपनी शर्तें मनवाने के लिए शुल्क की धमकी भर दे रहे हैं। कोई नहीं जानता कि ये शुल्क कब लगेंगे, कितनी हद तक लगेंगे और लगेंगे भी या नहीं। इसीलिए यह अनुमान लगाना भी मुश्किल हो गया है कि किसी खास क्षेत्र या पूरी अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इनका क्या असर होगा। यही बात हौसला पस्त कर रही है। अमेरिका में कुछ लोगों को तो अचानक हौसला पस्त होने और लोगों की धारणा बदलने से मंदी आने का डर भी सताने लगा है। न्यूयॉर्क फेडरल रिजर्व के पास मंदी की संभावना का पैमाना है, जो मंदी के सभी अनुमानों को इकट्ठा कर बताता है। अगस्त 2025 में यह सूचकांक अब तक के तीसरे सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया और ऐसा दशकों बाद हुआ। इससे पहले उसने 1970 के दशक के मध्य में और 1980 के दशक के आरंभ में इतनी ऊंचाई छुई थी। दोनों ही मौकों पर अमेरिका में उत्पादन घट गया था। बॉन्ड यील्ड भी कैलेंडर वर्ष की बची अवधि के लिए ऐसी ही चिंता जता रही है। दो साल में परिपक्व होने वाले अमेरिकी बॉन्ड पर यील्ड पिछले कुछ हफ्तों में काफी कम हो गई है। इससे लगता है कि अर्थव्यवस्था धीमी हो जाएगी और फेडरल रिजर्व को दरें घटानी पड़ेंगी।

पिछले साल की उम्मीदों से यह एकदम उलट है। उस वक्त राष्ट्रपति चुनावों के नतीजे आने के बाद यील्ड तेजी से चढ़ी थी। माना जा रहा था कि ट्रंप कारोबार के लिए मददगार नीतियां लाएंगे, जिनसे वृद्धि को सहारा मिलेगा चाहे महंगाई भी बढ़े। उस समय लगा कि पहले करों में कटौती की जाएगी और उसके बाद शुल्क बढ़ाए जाएंगे। मगर ज्यादातर कारोबारी अब ऐसा नहीं मानते। बल्कि कुछ तो खुद राष्ट्रपति से पूछना चाहते हैं कि वह चाहते क्या हैं। रविवार को जब ट्रंप फॉक्स न्यूज पर दिखे तो उनसे सीधे पूछ लिया गया कि उनके कदमों से मंदी आने की कितनी संभावना है और ट्रंप को ऐसी किसी संभावना की परवाह नहीं दिखी। उन्होंने कहा कि भविष्यवाणी करना उन्हें पसंद नहीं है मगर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वह जितने बड़े बदलाव कर रहे हैं, उनके कुछ समय तक तो हलचल रहेगी। पिछले हफ्ते कांग्रेस में अपने संबोधन में भी उन्होंने यही संदेश दिया था और उनके प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों मसलन वाणिज्य मंत्री आदि की बातों से भी यही दिखा। मंत्री ने चेतावनी दी कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सरकारी व्यय के नशे से छुटकारा दिलाना होगा। सब जानते हैं कि शुल्क का इस्तेमाल करने से वृद्धि और मुद्रास्फीति पर क्या दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। परंतु मध्यम अवधि में कुछ सकारात्मक असर भी हो सकते हैं। फिर यह उथलपुथल क्यों? शायद इसलिए क्योंकि अपने कदमों और उनके समय के बारे में बताने में प्रशासन एकदम लचर रहा है। साथ ही कंपनियों तथा निवेशकों को उनके हिसाब से ढलने का पर्याप्त समय भी नहीं दिया गया है। इसकी वजह से नकारात्मकता फैल गई। अर्थव्यवस्थाओं और अमेरिकी बाजारों में माल बेचने वाली कंपनियों जैसे भारत की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को आगे के लिए अनुमान लगाते समय मंदी के जोखिम का भी ध्यान रखना होगा। मार्के की बात है कि ट्रंप को दूसरे राष्ट्रपति कार्यकाल में अपने आर्थिक विचारों पर इस कदर यकीन है कि उनके लिए वह मंदी का भी जोखिम उठा सकते हैं। अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने कुछ व्यापार समझौतों पर दोबारा बातचीत की थी और कुछ शुल्क भी लगाए थे मगर इस बार उनके कदम ज्यादा व्यापक हैं और उनके लिए वह मंदी का जोखिम लेने को भी तैयार हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पुत्र और पत्नी से सुख संतोष का अनुभव होगा। नौकरी-व्यवसाय में आयवृद्धि होगी। अविवाहितों के लिए वैवाहिक योग और दांपत्यजीवन में उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त कर सकेंगे।

### वृष

घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे। व्यापारियों को व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जोखिमी विचार, व्यवहार या आयोजन करने से पहले विचार करने की आवश्यकता है।

### मिथुन

मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज आपको तबीयत का ध्यान रखने की जरूरत है। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। संतानों की समस्या इसका कारण हो सकती है। व्यवसाय और नौकरी में तकलीफ खड़ी होगी।

### कर्क

अनैतिक प्रवृत्तियों की तरफ जाते हुए मन को काबू में रखने की सलाह दी जाती है। विद्यार्थियों को विद्याभ्यास में निर्धारित सफलता नहीं मिलेगी। आज किसी भी काम के संबंध में आत्मविश्वास के साथ त्वरित निर्णय ले सकेंगे।

### सिंह

आकस्मिक धन खर्च होगा। धार्मिक काम में भाग लेने का अवसर आएगा। कोर्ट-कचहरी के काम में सावधानी बरतें। आपका आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना-जुलना या पर्यटन का आनंद मिलेगा।

### कन्या

सरकारी काम में सफलता मिलेगी। आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और अटल मनोबल के साथ कर सकेंगे। पिता या पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। सरकार अथवा उनके साथ के आर्थिक व्यवहार से लाभ होगा।

### तुला

नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों तथा सरकार की तरफ से परिश्रम का खूब अच्छा फल मिलेगा। पड़ोसियों, भाई-बहनों तथा मित्र मंडल के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। भाग्यवृद्धि के अवसर उत्पन्न होंगे।

### वृश्चिक

आज आपके इगो के कारण तकरार होने की आशंका है। शारीरिक और मानसिक चिंता के साथ आज का दिन व्यतीत होगा। स्वभाव में उत्तेजना से काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ अनबन होगा।

### धनु

स्वभाव में उग्रता और जिद्दीपन पर संयम रखें। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम के अंत में कम सफलता से निराशा पैदा होगी। संतान के मामले में चिंता पैदा होगी। पेट संबंधी बीमारियों से परेशान होंगे।

### मकर

गलतफहमी और नकारात्मक व्यवहार आपके चित्त में ग्लानि का भाव पैदा करेंगे। स्वास्थ्य में विशेषरूप से आंख की तकलीफ होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। काम के संबंध में संतोष की भावना जागेगी।

### कुंभ

विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। खेलकूद और कला के क्षेत्र में कलाकारों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का मौका मिलेगा। संतान के काम के पीछे खर्च होगा। नई योजनाओं को अमल में लाने के लिए शुभ दिन है।

### मीन

पिता तथा बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपके स्वभाव में क्रोध और व्यवहार में उग्रता रहेगी। इस पर अंकुश रखें। सिर दर्द तथा पेट संबंधी शिकायतें रहेंगी। दांपत्यजीवन में मेल-जोल रहेगा। धन खर्च होगा। कार्य में कम सफलता मिलेगी।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 12 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1365 में विश्वविद्यालय की स्थापना।
- यहूदियों को 1496 में सीरिया से बाहर निकाला गया।
- अटलांटिक महासागर में स्थित बरमुडा द्वीप 1609 में अंग्रेजों का उपनिवेश बना।
- बंगाल के अंतिम स्वतंत्र अफगान शासक उस्मान खान की लोहानी के नेकुजयाल के युद्ध में हारने के बाद गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण 1612 में मौत हो गयी।
- ब्रिटेन ने 1664 में न्यूजर्सी को नीदरलैंड से अपने कब्जे में लेकर उपनगर घोषित किया।
- अमेरिका में 1755 में भाप के पहले इंजन का इस्तेमाल खदान से पानी निकालने के लिए किया गया।
- भारत के तत्कालीन वायसराय लार्ड मेयो के हत्यारे शेर अली को 1872 में फाँसी दी गयी।
- ब्रिटेन में मुख्य लाइन पर 1904 में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली।
- महात्मा गांधी को यूरोप के बने सामान को खरीदने और ब्रिटिश शासन की मशीनों के साथ काम करने के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन के लिए 1922 में अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर लिया था।
- डेनमार्क ने 1926 में एकतरफा निरस्त्रीकरण शुरू किया।
- कैलिफोर्निया में बने सेंट फ्रांसिस डैम के 1928 में टूट जाने से आई बाढ़ के कारण 600 लोग मारे गए।
- महात्मा गांधी ने 1930 में साबरमती आश्रम से दांडी मार्च की शुरुआत की।
- जर्मनी ने 1938 में ऑस्ट्रिया पर हमला किया।
- ब्रिटिश सैनिकों ने 1942 में अंडमान द्वीप खाली किया।
- भारत सरकार ने 1954 में साहित्य अकादमी का उद्घाटन किया।
- सन 1958 में ब्रिटिश साम्राज्य दिवस का नाम 'राष्ट्रमंडल दिवस' किया गया।
- अमेरिका के मजदूर संगठन टीमस्टर संघ के अध्यक्ष जेम्स होफा को 1964 में आठ साल कैद हुई।
- अमेरिका में 1970 में मतदान की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष की गयी।
- सन 1992 में मारिशस गणराज्य घोषित।
- मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए।
- 1999 में 20वी सदी के सबसे बेहतरीन वायलिन वादक यहूदी मनुहिन का निधन हो गया था।
- सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिनजिब की 2003 में बेलग्रेड में हत्या।

## विशेष आलेख

### ब्रज में 40 दिनों तक खेली जाने वाली होली पर विशेष

# जगत होरी-ब्रज होरा, ऐसा देश निगोरा

**होली के त्योहार की जो सबसे बड़ी विशेषता है वो यह है कि इस त्योहार को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र एवं बालक,वृद्ध, स्त्री, नवयुवक आदि सभी अत्यंत धूमधाम के साथ मनाते हैं। होली के त्योहार का भविष्य पुराण में विस्तार से वर्णन है। त्रेता युग में भगवान श्रीराम के द्वारा होलिकोत्सव मनाए जाने का विस्तृत वर्णन गोस्वामी तुलसीदास कृत गीतावली में है। होलिकादहन में अग्नि की पूजा इसलिए की जाती है क्योंकि अग्नि को परमात्मा का स्वरूप माना गया है। इनकी वन्दना से हमें दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ती मिलती है। यदि हम लोग होलिका दहन के सही अर्थ को समझें तो सम्पूर्ण विश्व में आतंकवाद जैसी समस्या ही न रहे। क्योंकि यह समस्या मुख्य रूप से दुर्भावना की ही देन है। अतैव होलिका दहन के अवसर पर हम सभी को अग्नि देव से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि हम सभी पारस्परिक बैर-भाव भूल जाएं और प्रेम पूर्वक होली का त्योहार मनाएं।होली के त्योहार का आध्यात्मिक महत्व भी है। वैदिक काल में इसे नवन्नेष्टि नाम से भी सम्बोधित किया जाता था। उस समय अधपके अन्न का यज्ञ में हवन कर प्रसाद वितरण करने का विधान था। इस अन्न को होला कहते थे। कालांतर में यही होला शब्द होली बन गया।**



डॉ. गोपाल चतुर्वेदी

सिहाला हमारे देश का प्राचीनतम राष्ट्रीय पर्व है। जो कि प्रतिवर्ष नवीन उल्लास व स्फूर्ति लेकर आता है। इस त्योहार में न कोई वर्ग भेद है और न ही कोई जाति भेद। भक्त प्रह्लाद व होलिका की पौराणिक कथा के सन्दर्भ में यह अधर्म पर धर्म की विजय का महोत्सव है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि जिस प्रकार भक्त प्रह्लाद के समक्ष होलिका का कोई महत्व नही रहा, उसी प्रकार पुण्य के समक्ष पाप का कोई अस्तित्व नही है। सत्य सदैव ही असत्य पर विजय प्राप्त करता है।

होली का त्योहार एक-दूसरे को समीप लाने और आपस की स्वतंत्रता को समाप्त करने के लिए भी प्रसिद्ध है। अत: हम सभी को इस दिन अपनी बुराइयों को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए। हमारे समूचे देश में इस पर्व को मनाने का ढंग अत्यंत वैविध्यपूर्ण है। 15वीं व 16वीं शताब्दी के भक्ति युग में ब्रज की होली को इतना बड़ा धरातल प्रदान किया जो कि सम्पूर्ण भारत की धर्मप्राण संस्कृति में अपना एक विशेष महत्व रखती है। ब्रज की होली अपनी अनूठी और अनोखी परम्पराओं के कारण समूचे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां होली की विधिवत शुरुआत बसन्त पँचमी से हो जाती है और यहां के सभी मंदिरों में ठाकुर जी के समक्ष नित्य-प्रति के श्रृंगार में गुलाल का प्रयोग होने लगता है। होली का यह रंग माघ शुक्ल पंचमी से लेकर चैत्र कृष्ण दशमी तक पूरे 50 दिनों समूचे ब्रज के कण-कण में छाया रहता है। ब्रज की होली का प्रथम चरण यहां के राधारानी मानसरोवर मन्दिर में फाल्गुन कृष्ण एकादशी को राधा रानी के मेले से शुरू होता है। मथुरा के बरसाना कस्बे में फाल्गुन कृष्ण अष्टमी को लड्डू की होली व फाल्गुन शुक्ल नवमी को विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली होती है। जिसमें बरसाना की हुरियारिनें (स्त्रियां) नंदगाँव के हुरियारों(पुरुषों) पर लाठियों से प्रहार करती हैं। जिन्हें कि नंदगांव के हुरियारे अपनी ढालों पर रोकते हैं। फाल्गुन शुक्ल दशमी को नंदगांव में भी लट्ठमार होली होती है। मथुरा के फालैन व जटवारी ग्राम में फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को जलती हुई होली की विशालकाय आग की लपटों में से ग्राम का प्रह्लाद भक्त पण्डा नंगे पांव बाहर निकलता है। परन्तु उसका बाल तक बांका नही होता है।

धुलेंडी के दिन सारे देश में होली का विश्राम हो जाता है। परन्तु ब्रज में इसके 10 दिन बाद तक भी होली का त्योहार किसी न किसी रूप में मनाया जाता रहता है। धुलेंडी के दिन से 4 दिन बाद तक समूचे ब्रज में तानों के गायन का क्रम चलता है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को बल्देव के ठाकुर दाऊदयाल मन्दिर में दोपहर लगभग 12 बजे दाऊजी का हुरंगा होता है। इस हुरंगे में गुसाईं समाज की हुरियारिनें (स्त्रियां) , हुरियारों (पुरुषों) के शरीर से उनके वस्त्र फाड़कर और उनके कोड़े बना कर उनसे गीले बदन हरियारों की पिटाई करती हैं। इसके प्रत्युतर में ब्रज के यह वीर हुरियारे मन्दिर में बने हुए कुंड में से पिचकारियों व बाल्टियों में रंग भर-भर कर हुरियारिनों को रंग से सराबोर कर देते हैं। इसी दिन मथुरा के जाव ग्राम में भी अत्यंत रसपूर्ण हुरंगा होता है। इसमें जाव ग्राम की स्त्रियां व बठैन ग्राम के पुरुष भाग लेते हैं। चैत्र कृष्ण तृतीया को बठैन ग्राम में भी लट्ठमार हुरंगा होता है। ब्रज की होली की मस्ती में धुलेंडी से लेकर चैत्र कृष्ण दशमी तक जगह-जगह चरकुला नृत्य, हल नृत्य, हुक्का नृत्य, बम्ब नृत्य, तख्त नृत्य, चाँचर नृत्य एवं झूला नृत्य आदि अत्यंत मनोहारी नृत्य भी होते हैं। साथ ही चैत्र कृष्ण तृतीया से चैत्र कृष्ण दशमी तक निरन्तर 7 दिनों तक ब्रज के समस्त मंदिरों में फूलडोल की छटा छाई रहती है। साथ ही सुमधुर होलियों का गायन भी होता है। अनेक स्थानों पर फूलडोल के मेले भी लगते हैं। रंगों का त्योहार होली समूचे देश में कई रूपों में इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इन सभी के साथ अपने-अपने आंचलिक नाम,महत्ता और कहानियां जुड़ी हुई हैं। बिहार में होली को फगुआ या फ़ाल्गुन पूर्णिमा भी कहा जाता है। फगु का अर्थ होता है लाल रंग और पूर्णिमा यानि पूर्ण चंद्र । बिहार में होलिका दहन को सम्वत्सर दहन भी कहा जाता है। हरियाणा में धुलेंडी के दिन भाभियाँ अपनी साड़ियों से कोड़े बना कर अपने देवरों को पीटती हैं। इस पर देवर अपनी भाभियों को मिठाईयों का उपहार देकर उन्हें प्रसन्न करते हैं।साथ ही लोग-बाग अपनी-अपनी सुविधानुसार किसी एक स्थान पर एकत्रित हो कर दही की मटकी फोड़ते हैं। महाराष्ट्र के लोग होली को रँग पंचमी कहते हैं। यहां के लोग, विशेषकर मछुआरे इस त्योहार को शिमगो कहते हैं।

# महिला पुरस्कारों की गरिमा और निष्पक्षता पर उठते प्रश्न



प्रियंका सौरभ

**हमारे तेज़ी से बदलते सामाजिक और राजनीतिक माहौल में, महिला पुरस्कारों का महत्त्व और आवश्यकता जांच के दायरे में आ रही है। हाल ही हरियाणा में महिला दिवस पर विवादित महिला का मुख्यमंत्री से सम्मान मामले ने गहरे प्रश्न सबके सामने रख दिए है। आज के सांस्कृतिक परिवेश में, जहाँ प्रतिनिधित्व को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है, कुछ पुरस्कारों ने सच्ची उपलब्धियों से ध्यान हटाकर केवल दिखावे पर ध्यान केंद्रित किया है। महिला पुरस्कारों को पुराने प्रतीक या दिखावटीपन के उपकरण नहीं बनने चाहिए। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की विशिष्ट चुनौतियों और सफलताओं पर प्रकाश डालना जारी रखना चाहिए। महिलाओं के पुरस्कारों के लिए, संस्थानों को इन विशिष्ट सम्मानों की प्रतिष्ठा बढ़ाने का लक्ष्य रखना चाहिए। महिलाओं की उपलब्धियाँ समर्पित स्वीकृति की हकदार हैं-एक बाद की सोच के रूप में नहीं, बल्कि उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए एक उचित श्रद्धांजलि के रूप में।**

हाल ही हरियाणा में महिला दिवस पर विवादित महिला का मुख्यमंत्री से सम्मान मामले ने गहरे प्रश्न सबके सामने रख दिए है। कई वर्षों से, महिला पुरस्कार मान्यता के चमकदार प्रतीक के रूप में खड़े हैं, जो उन क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को उजागर करते हैं जहाँ उन्हें अक्सर दरकिनार कर दिया जाता है। ये सम्मान सिर्फ़ समावेशन के लिए एक प्रेरणा से कहीं ज़्यादा है; इनका उद्देश्य ऐसे समाज में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना है जो अक्सर महिलाओं के योगदान को अनदेखा करता था। हालाँकि, राजनीतिक प्रभावों और बदलते सांस्कृतिक दृष्टिकोणों से चुनौती के कारण इन पुरस्कारों की अखंडता अब जोखिम में है। महिला पुरस्कारों का भविष्य समाज की निष्पक्षता, मान्यता और समावेशिता के बीच संतुलन खोजने की क्षमता पर निर्भर करता है। ऐसे में ये महत्त्वपूर्ण है कि हम आगे चलकर महिला उपलब्धियों का सम्मान कैसे करते हैं। महिला पुरस्कारों ने ऐतिहासिक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में महिला उपलब्धियों को स्वीकार करने और सम्मानित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे साहित्य, विज्ञान, खेल या फ़िल्म हो, इन पुरस्कारों ने उन क्षेत्रों में आवश्यक मान्यता प्रदान की है जहाँ महिलाओं को अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हालाँकि, हमारे तेज़ी से बदलते सामाजिक और राजनीतिक माहौल में, इन पुरस्कारों का महत्त्व और आवश्यकता जांच के दायरे में आ रही है। अतीत में, महिला पुरस्कार उन क्षेत्रों में उत्कृष्टता की कड़ी मेहनत से स्वीकारोक्ति का प्रतिनिधित्व करते थे, जहाँ अक्सर महिला प्रतिभा को अनदेखा किया जाता था। वे सिर्फ़ समावेश के प्रतीक नहीं थे, बल्कि लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और अग्रणी सफलता के प्रतीक थे। हालाँकि, आज, इन पुरस्कारों की अखंडता खोने का जोखिम है-महिलाओं की उपलब्धियों में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि इसलिए कि उनकी मान्यता का मूल अर्थ धुंधला, राजनीतिकरण या पूरी तरह से खारिज हो रहा है। ऐसे समय में जब समावेशिता को अपनाने का दावा किया जाता है, महिला पुरस्कारों का अनूठा उद्देश्य उल्टा जोखिम में है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि समानता के उद्देश्य वाले समाज में लिंग-विशिष्ट पुरस्कार अब मौजूद नहीं होने चाहिए। लेकिन क्या सच्ची समानता उन मंचों को ख़त्म करने से आती है जो कभी महिलाओं की आवाज़ को बुलंद करते थे? समान अवसर बनाने के बजाय, हम एक चिंताजनक प्रवृत्ति देख रहे हैं- महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के लिए डिज़ाइन किए गए पुरस्कारों का मिश्रण, पुनर्उद्देश्य या पूर्ण रूप से हटाना। आज के सांस्कृतिक परिवेश में, जहाँ प्रतिनिधित्व को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है, कुछ पुरस्कारों ने सच्ची उपलब्धियों से ध्यान हटाकर केवल दिखावे पर ध्यान केंद्रित किया है। वास्तविक योग्यता का जश्न मनाने के बजाय, चयन समितियाँ राजनीतिक शुद्धता के साथ संरेखित विकल्प चुनने के लिए बाध्य महसूस कर रही हैं, जो पुरस्कारों की अखंडता से समझौता कर सकती हैं।यदि किसी महिला को उसकी असाधारण क्षमताओं के लिए नहीं बल्कि इसलिए सम्मानित किया जाता है क्योंकि वह किसी विशिष्ट कथा में फिट बैठती है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



**पवन कुमार शर्मा ( सहायक प्रशासनिक अधिकारी )**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार सच में किसी स्टार से कम नहीं। छोटी सी उम्र में अपने परिवार का बोझाा अपने कांधों पर रखकर अपने परिवार के लिए तो हीरो बने ही युवाओं के लिए भी आदर्श हीरों बने साथ ही कई बेव फिल्मों व सिरीयलों में अपने अभिनय को प्रदर्शित कर हीरो बन रहे हैं जी हां पवन शर्मा बहरोड की खरकड़ा गांव में जन्मे पवन शर्मा सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय अलवर में पदस्थापित है । इनका निवास स्थान हसन खां मेवात नगर अलवर में है इनकी प्रारंभिक शिक्षा बहरोड में हैप्पी चिल्ड्रन स्कूल में हुई तथा उनके बाद दसवीं तक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर में हुई तथा उसके बाद यह 12वीं तक यशवंत स्कूल अलवर में पढ़ाई की और इसी दौरान इनका रुझान एक्टिंग में होने लगा और ये पढ़ाई के साथ .साथ एक्टिंग भी करने लगे लेकिन अपने पिताजी से कहने की हिम्मत नहीं थी,एक दिन हिम्मत करके पिताजी को बताया कि ये एक्टर बनना चाहता हूं तो पिताजी ने साफ मना कर दिया लेकिन बार-बार उनकी मां के आग्रह पर पिताजी ने कहा कि पहले अपनी पढ़ाई पूरी करो उसके बाद जो मन में आए वह करना। पर ईश्वर को कुछ ओर ही मंजूर था। कुछ समय बाद ही उनके पिताजी का एक सड़क दुर्घटना में स्वर्गवास हो गया इन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा लेकिन इन्होंने हिम्मत नहीं हारी अपनी पढ़ाई जारी रखी और उन्होंने बीए पास की उसके बाद बीजेएमसी पास की और उनकी नौकरी प्रादेशिक परिवहन कार्यालय अलवर में लग गई ,लेकिन उनके मन में किसी कोने में एक्टर बनने की इच्छा बाकी थी फ़िर उन्होंने दोबारा कोशिष करना शुरू किया और छुट्टी की दिनों में थिएटर और ऑडिशन देते रहे फ़िर उन्हें पहला सीरियल संकल्प मिला जिसका डायरेक्शन गिरिराज जैमिनी जी ने किया फ़िर विश्घट सीरियल में काम किया ,फ़िर एक फ़िल्म ट्रिप टू भानगढ़ में काम किया ,जिसकी शूटिंग भानगढ़ में हुई फ़िर उसके बाद एल्बम कुछ कहती हवाएं आया, फ़िर शॉर्ट फ़िल्म बंदिशे क्यों और दो बेचारे टटलू के मारे आई। फ़िर एक और एल्बम संगीत रब से मिला दे आया यह एल्बम यूट्यूब पर हिट हो गया इसी एल्बम के लिए उनको बेस्ट म्यूजिक एल्बम का अवार्ड भी मिला। इसके बाद उनकी शॉर्ट फ़िल्म सेवा एक प्रथा ने तो कई नेशनल और इंटरनेशनल अवार्ड दिलवा दिए। अभी इन्होंने एक फ़िल्म हरिद्वार की शूटिंग की है। जिसे बॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर मनोज शर्मा ने डायरेक्ट किया है तथा इसमें फेमस एक्टर हेमंत पांडे और विजेंद्र काला के साथ काम किया है यह फ़िल्म जल्दी ही सिनेमा घरों में रिलीज होगी। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_069
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 2 | | | 1 | | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | | 5 |
| | | | 8 | | 3 | 2 | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | 5 | 3 | 2 | | | 6 | 7 | |
| | 6 | | | 7 | | 8 | | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | | | | |
| | 9 | | 6 | 1 | | 5 | 3 | |
| | | 6 | 9 | | | 1 | 4 | 2 |

### Ans_2025_068

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 4 | 9 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 |
| 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 |
| 9 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 1 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 | 1 | 5 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार



पालिका भूमि पर हुए अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

# अधिकारियो की मौजूदगी में लगभग 2 बीध 17 बिस्वा भूमि से हटा अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान


**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा जयपुर रोड पर वन विभाग के पास मुख्य सड़क किनारे लगभग 14 सो फुट तक अतिक्रमण पर पालिका का पीला पंजा चला। सोमवार को उपखण्ड अधिकारी व पालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में तहसीलदार पवन कुमार व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट की मौजुदगी में पालिका की जेसीबी मशीन की सहायता व पालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने कच्चे पक्के अतिक्रमण को हटाया गया। इस संबंध में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि जयपुर रोड के किनारे खसरा नम्बर 1024(2) में 2 बीघा 17 बिस्वा जमीन पर अतिक्रमण था। उन्होंने बताया कि मुख्य सड़क से साठ फुट तक नगरपालिका भूमि थी। जिस पर अतिक्रमण हो रखा था। अतिक्रमण हटाने के दौरान जहां एक ओर पक्के निर्माण को हटाया गया। वहीं मौके पर रखी एक केबिन के संचालको भी शीध्र हटा लेने के निर्देश प्रदान किए गए। उपखण्ड अधिकारी व पालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि पुराने पेच के किनारे 1400 फुट तक अतिक्रमण हटवाया गया। इधर उपखण्ड अधिकारी व पालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने की बात पूरे शहर में आग की तरह फैल गई। साथ ही अतिक्रमियो में हड़कम्प मच गया। इस कार्रवाई के बाद जिन लोगो ने पालिका अथवा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था ऐसे अतिक्रमियो में भय व्याप्त हो गया।

# स्वामित्व योजना के तहत डिजिटल मैप का समयबद्ध सत्यापन करें समस्त पटवारी : शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आमजन को उनकी भूमि का कानूनी अधिकार मिले इस संबंध में गठित जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक विगत दिवस जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कक्ष में वीसी के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने बताया कि स्वामित्व योजनान्तर्गत भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा जिले में 582 डिजिटल मैप 1.0 उपलब्ध करवाये गये है।

जिला कलक्टर ने मैप 1.0 पर आबादी की बाहरी सीमा/लाल डोरा में किये गये कांट-छांट एवं आबादी भूमि के सभी खसरा नक्शें में सम्मिलित होने आदि का प्रमाण प्रमाण पत्र पटवारियों द्वारा संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों को समय पर उपलब्ध के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को अपने स्तर से पटवारियों को बार-बार लाल डोरे में संशोधन नही करने,नक्शों पर लाल डोरा संशोधन के संबंध में किसी भी प्रकार की टिप्पणी अंकित नही करने तथा एवं भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा उपलब्ध सत्यापन से शेष रहे 173 गांवों के मैप 1.0 में आबादी की बाहरी सीमा(लाल डोरे) के संबंध में पटवारी स्तर पर समयबद्व सत्यापन करवाने के निर्देश दिए। साथ ही 152 राजस्व गांवों के मैप 2.0 में से सत्यापन से शेष रहे 110 राजस्व गांवों में नियमानुसार सही-सही कार्यवाही करते हुए समयबद्व अवधि में पट्टा/प्रोपर्टी पार्सल वितरण करने एवं वितरित पट्टा/प्रोपर्टी पार्सल का ई-पंचायत पोर्टल पर अपडेट करवाने के निर्देश समस्त एसडीएम को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी व विकास अधिकारी संयुक्त रूप से पटवारी तथा ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक आयोजित कर समस्त गांवों में स्वामित्व योजना के वेरिफिकेशन करवाना सुनिश्चित करें। साथ



ही प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र लाभार्थियों की विश्रीय स्वीकृति जारी करने एवं पंजीयन से वंचित रहे आवासवहीन व कच्चे मकान वाले निर्धन परिवारों का शत-प्रतिशत सर्वे कर पंजीयन सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, डी.आई.ओ. एन.आई.सी. राजकुमार शर्मा, तहसीलदार,सी.आर. सवाई माधोपुर विष्णु कुमार माथुर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेरदा सवाई माधोपुर में कक्षा आठवीं के बालक बालिकाओं का सम्मान समारोह विगत दिवस विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेनू भास्कर प्रिंसिपल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन रही। जबकि विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार संगठन आई एफ डब्ल्यू जे जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, मुकेश जैन, रामबाई सिसोदिया, श्यामसुंदर, बाबूलाल बैरवा पूर्व प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश पहाड़िया पार्षद नगर परिषद सवाई माधोपुर ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ शारदे के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात संस्था प्रधान कैलाश सिसोदिया ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि रेनू भास्कर एवं कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश पहाड़िया ने छात्र छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प दिलवाया। वहीं विशिष्ट अतिथि पत्रकार राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम जिले में नहीं पूरे राज्य




में रोशन करने की शुभकामनाऐं दी। इस मौके पर रामबाई सिसोदिया ने कक्षा आठवीं की बालिका को एक जोड़ी गणवेश भेंट कर बेटी पढ़ाओ समाज आगे बढ़ाओ का संदेश देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अध्यापक महेश कुमार मथुरिया के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार ने भाव भीनी विदाई दी! इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में रमेश चंद गुप्ता, हरि शंकर नामा, शिवराज मीना, कार्यालय अधीक्षक दामोदर लाल, सरिता मीना, रसाल मीना, मनोज शर्मा, बालमुकुंद बैरवा, आसाराम, ओम प्रकाश, बाबूलाल बैरवा, श्याम सुंदर, विद्यालय स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मीटिंग आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** अदालत परिसर मालपुरा स्थित सभागार में तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा के तत्वावधान में नि:शुल्क विधिक सहायता के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विनिमय के तहत गठित मानिटरिंग कमेटी की मीटिंग आयोजित हुई। सोमवार को आयोजित मीटिंग में एडीजे कृष्ण मुरारी जिन्दल, सदस्य अधिवक्ता रामअवतार शर्मा व सभी पेनल अधिवक्ता मौजुद रहे। मीटिंग में पेनल अधिवक्ताओं को आवटिंत प्रकरणो की प्रगति रिपोर्ट एवं कार्य प्रदर्शन की रिपोर्ट का अवलोकन कर विस्तार से चर्चा की गई।

**उपकारागृह में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित** :- तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा के तत्वावधान में सोमवार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उप कारागृह मालपुरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए समिति सचिव रवि कुमार जांगीड़ ने बताया कि शिविर में पेनल अधिवक्ता अनीष जैन व पीएलवी रामप्रसाद वर्मा ने बंदीगणो को अधिनियमो सहित जमानत मुचलको, बेल मोडिफिकेशन पेश करने, राजस्थान पीड़ित प्रतिकार स्कीम 2011 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# सीईओ बुड़ानिया ने किया औचक निरीक्षण, विकास कार्यों का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने पंचायत समिति चौथ के बरवाड़ा पहुंच औचक निरीक्षण किया। सीईओ बुड़ानिया द्वारा लगभग प्रतिदिन ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा एवं निरीक्षण किया जा रहा है व कड़ी में सीईओ ने बरवाड़ा पंचायत समिति कार्यालय पहुंच विकास अधिकारी इंद्रराज मीना से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली! ईफ़ाइलिंग सिस्टम में गति लाने सहित पत्रावलियों का संधारण एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए! बुड़ानिया के पंचायत समिति पहुंचने पर पंचायत समिति प्रधान सम्पत देवी एवं विकास अधिकारी द्वारा अभिनंदन किया गया । इसके बाद उनके द्वारा विकास कार्यों का जायजा लिया गया जिसमे ग्राम पंचायत चौथ बरवाड़ा के विभिन्न योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया ।

**इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य सामुदायिक भवन निर्माण कार्य :** ग्राम पंचायत बंजारी में उद्यान विकास चारागाह विकास सीसी रोड निर्माण कार्यों सीसी रोड से मिट्टी हटाने नाली निर्माण ग्राम पंचायत जोला में निरीक्षण किया। सीईओ के द्वारा विकास कार्यों को समयबद्ध एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने के दिशा निर्देश दिए। उनके द्वारा प्रतिदिन ग्राम पंचायत कार्यालयों को समय पर खोलने कार्यालय



में मूवमेंट रजिस्टर संधारण के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अशोक मीणा विकास अधिकारी चौथ का बरवाड़ा इंदिराज मीणा तकनीकी सहायक लोकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

# छात्रा इलमा का इंस्पायर अवार्ड में हुआ चयन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा इलमा का इंस्पायर अवार्ड में चयन हुआ है। प्रधानाचार्या लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की पांच बालिकाओं ने अपना प्रोजेक्ट तैयार किया जिसमें कक्षा 6 की छात्रा इलमा सुपुत्री मोहम्मद रफीक का इंस्पायर अवार्ड में चयन हुआ है। बालिका ने व्याख्याता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल के निर्देशन में स्पीच सिंथेसाइजर प्रोजेक्ट पर कार्य किया है। उन्होने बताया कि भारत सरकार ने प्रोजेक्ट बनाने के लिए छात्रा के खाते में 10 हजार रूपए डाले हैं। इस दौरान विद्यालय परिवार ने छात्रा को सम्मानित करते हुए खुशी व्यक्त की और बालिका का उत्साह वर्धन किया।

## होली एवं धूलण्डी के त्यौहार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** जिले में 13 मार्च को होली एवं 14 मार्च को धूलण्डी का त्यौहार मनाया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट शुभम चौधरी ने होली एवं धूलण्डी के त्यौहार के अवसर पर समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के साथ क्षेत्र की सम्पूर्ण गतिविधियों पर पूर्ण सतर्कता एवं निगरानी रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की संभावना पर सतर्क रहते हुए जिला मजिस्ट्रेट को तत्काल सूचित करेंगे।

## होली-धुलण्डी के पर्व पर 14 मार्च को दोपहर 12:45 बजे होगा जल वितरण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** जिले में 14 मार्च को होली धुलण्डी के पर्व को मध्यनजर रखते हुए शहरी जल योजना सवाई माधोपुर में उच्च जलाशयों से होने वाला जल वितरण पूर्व निर्धारित समय के स्थान पर दोपहर 12:45 बजे किया जाएगा।

# डीवाईएसपी मिश्रा ने मंडी परिसर का किया अवलोकन

## वाहनों को सुव्यवस्थित खड़ा करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मंडी में इन दिनों जिन्सों की आवक बढ़ने से मंडी परिसर सहित शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

व्यवस्था को सूचारू बनाने के लिए मंगलवार को डीवाईएसपी मृत्यंजय मिश्रा व थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने मंडी परिसर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान डीवाईएसपी मिश्रा ने पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए कृषि मंडी सचिव, व्यापार मंडल के सदस्यों व किसानों से यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के बारे में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने किसानों से व्यापारी की दुकान पर माल उतारने के बाद अपने वाहनों को अन्य स्थान पर व्यवस्थित रूप से खड़ा करने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने सडक मार्ग का भी बाईपास तक अवलोकन किया। बता दें कि इन दिनों कृषि उपज मंडी में विशेषरूप से सरसों की बम्पर



आवक हो रही है। जिससे वाहनों की अधिकता के चलते मंडी परिसर व शहर की मुख्य सडकों पर जाम की स्थिति बनी हुई है।

# 384 किसानों फार्मर रजिस्ट्री योजना से किया लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राज्य सरकार की फार्मर रजिस्ट्री योजना के तहत राजीव गांधी सेवा केंद्र पहाड़ी में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 384 किसानो को लाभान्वित किया। शिविर प्रभारी भू अभिलेख निरीक्षक रजवास लक्ष्मण मीणा ने बताया कि शिविर में पहले दिन 154 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई गई। दूसरे दिन 230 आईडी बनाई गई। शिविर में फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाकर किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, केसीसी सहित अन्य केंद्र एवं राज्यसरकार की योजनाओं लाभ प्राप्त कर सकेंगे। एग्रिस्टेट वेबसाइट से पटवारी द्वारा आईडी बनाई जा रही है। इस दौरान पटवारी हल्का मनोज गुर्जर, खंडवा पटवारी राजेश



मीणा, सीदडा दिलीप बंशीवाल, ऑपरेटर कमल मीणा, ग्राम विकास अधिकारी ज्योति मीणा, ग्राम सेवक कन्हैया लाल यादव सहित में कई किसान मौजूद रहे।

# अनीमिया से बचाने के लिए पिलाई आयरन की खुराक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई। जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की। चिकित्सा संस्थानों पर एएनएम द्वारा समस्त लक्षित लाभार्थियों की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई, महिलाओं एवम् बच्चों को थकान, भूख ना लगना, नाखूनों का सफेद होना, जीभ पर सफेद परत का होना जैसे कुछ सामान्य लक्षणों के आधार पर तथा एनीमिक पाए गए लोगों को दवा वितरित की गई। साथ ही एनीमिक पाई गई महिलाओं, बच्चों का उपचार कराने के लिए लगातार फॉलोअप किया जाएगा। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई।

# फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर में 50 प्रतिशत किसानों का हुआ पंजीयन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत पलेई में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन हुआ। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि पलेई में राज्य सरकार के निर्देशनुसार किसान हित में चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर 12 मार्च तक संचालित होगा। शिविर में पीएम किसान योजना के लाभार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर में 50 प्रतिशत किसानों का पंजीयन किया गया है जिसमें पलेई ग्राम पंचायत सहित अन्य ग्राम पंचायतों के किसानों ने बढ़ चढ़कर कर भाग लिया और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। किसानों को सभी योजनाओं का लाभ एक छत के नीचे मिला रहा है। जिससे किसानों में खुशी के लहर है। शिविर में गिरदावर मुकेश चौधरी, पटवारी वीरेंद्र गुर्जर, पटवारी मानसिंह, पटवारी देवकीनंदन यादव, केवलराम मीणा, किसान महापचायत के ब्लाक महासचिव गोविंद चौधरी, मंजू देवी गुर्जर, गोपाल सैनी व ग्राम सेवक सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्रीन फ्यूचर एलायंस एन.जी.ओ के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

### रक्तदान शिविर व मेडिकल कैंप 10 अप्रैल 2025 को



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड जिले के रसनाली तारा माध्यमिक विद्यालय मे ग्रीन फ्यूचर एलायंस एन.जी.ओ के कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष रामकुमार सैनी की अध्यक्षता मे आयोजित। जिसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि 10 अप्रैल 2025 को रक्तदान शिविर व मेडिकल कैंप लगाने का करने लिया गया।इस मौके पर पवन कुमार सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी,एडवोकेट नवीन कुमार सैनी,महावीर सैनी,विजय सैनी, देशराज सैनी,योगेश सैनी, कपिल सैनी,कमलेश सैनी,संदीप सैनी,सचिन, किरणरा, सुनील अंकित प्रदीप सीताराम बिनेरा, राधेश्याम मुरारी महेश महेंद्र बानसूर बलवीर अंकित संजय हाजीपुर, जीतेन्द्र साखला,अजय कोटपुतली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कपकजा स्पोर्टस लीग 2025 में बैडमिंटन का खिताब खेतान वारियर्स और क्रिकेट का खेतान चैलेंजर्स के नाम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** कैप बैडमिंटन एकेडमी और जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी पर संपन्न हुआ । इस लीग में 8 मार्च को बैडमिंटन टूर्नामेंट कैप बैडमिंटन एकेडमी पर खेला गया जिसमे खेतान वॉरियर्स की टीम विजेता रही । फाइनल मुकाबला खेतान रॉयल्स और खेतान वॉरियर्स के बीच खेला गया जिसमें वॉरियर्स ने रॉयल्स को हराया । कप्तान राजेश यादव ने जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया । सिंगल्स कैटेगरी में हर्षित यादव ने अनिल गुप्ता को हराकर खिताब अपने नाम किया । 50 साल से अधिक उम्र के डबल्स कैटेगरी में राजेश यादव और राजीव भार्गव की जोड़ी ने रूप नारायण मीणा और मोहित अग्रवाल को हराकर फाइनल का खिताब जीता । गरिमा यादव बेस्ट फीमेल खिलाड़ी रही । लीग के दूसरे दिन 9 मार्च को जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन अमित कक्कड़, चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी और श्रीमती अनिता कक्कड़ए एडिशनल कमिश्नर जीएसटी द्वारा किया गया । एसोसिएशन



अध्यक्ष जी पी शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा ये चौथा स्पोर्टस टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है जिसमे एसोसिएशन के सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया है । स्पोर्टस कमेटी प्रमुख रघुवीर सिंह ने बताया कि इस लीग में लॉटरी द्वारा 4 संतुलित टीमें बनाई गई हैं जिसमे हर वर्ग और श्रेणी के खिलाड़ी शामिल किये गये हैं । एसोसिएशन महासचिव दिनेश चंद सैनी ने बताया कि प्रथम लीग मैच में खेतान रॉयल्स ने खेतान वॉरियर्स को 53 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया । दूसरे लीग मैच में खेतान चैलेंजर्स ने खेतान फ्रंटियर्स को 9 विकेट से आसानी से हराकर फाइनल में जगह बनाई । फाइनल मुकाबला खेतान चैलेंजर्स ने खेतान रॉयल्स को 7 विकेट से हराकर जीता । फाइनल मैच में हार्दिक चोपड़ा ने टूर्नामेंट का पहला अर्धशतक लगाया और मैन ऑफ़ दी टूर्नामेंट का खिताब भी जीता । विजेता टीम के कप्तान राहुल शर्मा ने जीत का श्रेय सारी टीम के खिलाड़ियों को दिया और कहा कि वो इस टूर्नामेंट को जीतने के लिए पिछले 2 साल से लगातार प्रयास कर रहे थे । अंतत वो इस बार सफल रहे और उनकी कुशल कप्तानी में टीम विजयी हुई । पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि यूकोरी और सीतापुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नीलेश अग्रवाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की । अध्यक्ष जी पी शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी एवं भविष्य में इस टूर्नामेंट को और भव्य करने की घोषणा की तथा सभी स्पॉन्सर्स को मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया । इस लीग के पावर्ड बाई स्पॉन्सर फ़ेनेस्टा बाय अर्बन होम सोल्यूशंसए को पावर्ड बाय केन थर्म सिस्टम तथा चार टीम स्पॉन्सर्स बिरला टीएमटीए विजन फॉर कम्फर्टए फोर सीजन्सए बड़ाया किचन है । इसके अलावा ट्रॉफी स्पॉन्सर विस्टा क्लाइमेटिक सोल्यूशंसए ग्राउंड स्पॉन्सर सिनर्जी बाथ सॉल्यूशन्सए एक्टिविटी जोन स्पॉन्सर एपकॉन वॉटर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेडए ब्रांड स्पान्सर तुलसी फायर तथा फ्रेंड्स इंजीनियर्स है । टूर्नामेंट का मेडिकल पार्टनर नारायणा हॉस्पिटल है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री प्रयागराज विजयवर्गीय द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और सभी को इस आयोजन में सहयोग करने के लिये धन्यवाद दिया गया ।कार्यक्रम में कॉलेज प्रिंसिपल विनोद कुमार जांगिड, कॉर्डिनेटर रूगाराम पंवार, मीडिया प्रभारी अजय कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव , कोषाध्यक्ष जयसिंह शेखावत के अलावा कई कार्यकारिणी सदस्य और स्पोर्टस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे ।

# कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ता का एकजुट होना जरूरी : सद्दाम हुसैन

- निकाय चुनाव में ताकत दिखाने के लिए आमजन से करे संवाद, बूथ पर दे ध्यान
- जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को नए लगाए गए विधानसभा समन्वयक सद्दाम हुसैन ने कांग्रेस पार्टी की एक अहम बैठक का आयोजन किया। उक्त बैठक में धौलपुर जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा के साथ कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार,ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा के साथ तमाम वरिष्ठ,सेवादल के साथी और पूर्व पदाधिकारी एवं महिला पदाधिकारी मौजूद रही।

बैठक को संबोधित करते हुए समन्वयक सद्दाम हुसैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज किस स्थिति में है सभी को पता है लेकिन अब हमें एक बार फिर से जनता से जुड़ना है। आपसी मतभेद को खत्म करना है। एक जुटता के साथ आगामी नगर पालिका चुनाव की तैयारी करनी है।



हर बूथ पर निगाह रखनी है और एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है। जिससे आगामी निकाय चुनाव में कांग्रेस अपनी ताकत दिखा सके। उन्होंने कहा कि आज हर कार्यकर्ता की कांग्रेस को जरूरत है। कांग्रेस पार्टी को नए लोगों से जोड़ना है। जिसकी सारी जिम्मेदारी बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर ब्लॉक स्तर के अध्यक्ष तक कि बनती है। बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी रहे प्रशांत सिंह परमार ने कहा कि हम जितने भी हैं काफी हैं लेकिन हम सभी का मन एक होना चाहिए। ताकत का पता तभी लगता है जब किसी का मुकाबला करते हैं। एक बार फिर से खड़े होने की जरूरत है और जनता से जुड़ना सबसे महत्वपूर्ण है। आम जनता के कामों में सहयोग करें। जिससे वे कांग्रेस पार्टी को फिर से अपना मान सके।

बैठक को जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा,बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा के साथ तमाम वरिष्ठ कांग्रेसियों ने संबोधित किया। इस दौरान धनेश जैन, बाबुल भाई, राजकुमार भारद्वाज, रमेश कुशवाहा, रामसेवक अजर, सेवादल अध्यक्ष शबनम खान, जिला पदाधिकारी आरती शिवहरे, रोशनी शिवहरे, वैजयंती जाटव, अनिल अरेला, योगेश अग्रवाल, मनीष मंग,रामवतार शर्मा, हरी पहाड़िया, लज्जाराम कोली, नईम खान,अंसार खान,छोटन रिजवी,महादेव मीन,गजेंद्र गोस्वामी,एलएस यादव, हरि जाटव, बांकेलाल, लज्जाराम, ध्रुव शुक्ल, महेंद्र परमार, सोनी खान, सवाना खान, संजीव परमार, विष्णु कुशवाहा सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहे जंगली जानवर, आए दिन सड़क हादसों में गंवा रहे जान

## अज्ञात वाहन की चपेट में आया जरख, दर्दनाक मौत

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पांचूडाला स्थित सरिस्का क्षेत्र का घना जंगल होने के कारण यहां अनेक प्रजाति के जीव जन्तु पाए जाते हैं लेकिन यहाँ जिम्मेदार अधिकारी प्रशासन की अनदेखी के चलते जंगली जानवर आये दिन सड़क हादसों में जान गंवा कर अकाल मौत के शिकार हो रहे हैं। प्रागपुरा नारायणपुर पांचूडाला का एमडीआर सड़क मार्ग भी इन सघन वन क्षेत्र कारोली, आफोड़ा, पांचूड़ाला, काली सिकरया समेत अन्य ग्राम के जंगलों के मध्य से गुजर रहा है। इस हाईवे पर गाड़ियों की चपेट में आने से जंगली जानवर दुर्घटना के शिकार होकर अकाल मौत मर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों पूर्व भी सड़क मार्ग से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाईन की करंट में आकर एक वन्य जीव की मौत हुई। वहीं विगत दिनों काली सिकरया के नजदीक एक नीलगाय सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो चुकी है। एक दो माह पहले भी कुछेक जीव जन्तु हादसों की शिकार हो चुके है। पिछले दिनों कारोली स्थित भैरव मंदिर के पास एक भालू भी सड़क पर हादसे का शिकार होते बाल बाल बचा था। पांचूडाला श्रीराम गौसेवा समिति सरंक्षक लालचंद मीणा ने बताया कि आज भी करीबन 09 बजे के लगभग पांचूडाला पीएचसी स्थित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक जरख की मौके पर हि दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी उन्होंने कोटपूतली वन विभाग के रेंजर सतपाल ढीलान को दूरभाष पर



सूचना दी। उन्होंने ने बताया कि यहां के जंगल में पैंथर, भालू, लोमड़ी, जरख, खरगोश, नीलगाय, जंगली सूअर सहित कई प्रजातियों के जानवर हैं लेकिन यहां पहाड़ियों से नीचे आने व जगल के साथ हि सड़क पर आने से आये दिन सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। इसके चलते यहां जंगलों में वन्यजीवों की तादाद में कमी आ रही है। ग्रामीणों का कहना है की हाईवे अधिकारी और वन विभाग के आला अधिकारी प्रागपुरा – नारायणपुर व पांचूडाला घाटी क्षेत्र में सघन वन क्षेत्र में तार फेंसिंग करा दें तो सड़क मार्ग पर जंगली जानवर नहीं पहुंच पाएंगे और वे अकाल मौत के शिकार होने से भी बच सकते है। उन्होंने कहा कि अगर जंगलों का नुकसान करने वाले लोगों के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई की जाए तो जंगलों को भी विनाश होने से बचा सकते है।

# शहर के ऐतिहासिक बारह भाई मेले की तैयारी जारी, सभी समाजों को दिया निमंत्रण

### हरिजन समाज के पदाधिकारियों का बैठक में हुआ सम्मान, सौंपी जिम्मेदारी

### 16 मार्च हौली दूज से शुरू होगा 167 साल पुराना बारह भाइयों का मेला

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के ऐतिहासिक 167 वर्ष पुराने बारह भाई मेले को लेकर अब तैयारीयो को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार की शाम शहर के पुराना बाजार स्थित मेला कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक में समाज को मेले में आने का निमंत्रण दिया गया। वहीं हरिजन समाज के पदाधिकारी का मेला बैठक में विशेष सम्मान हुआ और उन्हें मिले से जुड़ी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। बारह भाई मेला कमेटी के महामंत्री पवन चंसौरिया ने बताया कि यह मेला पूरे शहर का है। जो कई पीढ़ियों की विरासत को संजोए हुए है। इसमे सभी समाजों और 36 कोमो का योगदान रहता है। मेले में शहर की बड़ी दुकानदार से लेकर ठेल-ढकेल वाले तक अपना आर्थिक सहयोग देते हैं। जिसके लिए मेला कमेटी के पदाधिकारी पिछले कई दिनों से चंदा एकत्रित कर रहे हैं। वही मेला आयोजन को लेकर सोमवार की शाम पूर्व सूबेदार एवं पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुकेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें हरिजन समाज के कमल बाल्मिकी एवं अन्य पदाधिकारी का स्वागत और सम्मान किया गया। समाज के लोगों को मेले से जुड़ी अहम जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। कमल वाल्मिकी ने बताया कि हरिजन समाज पूरे तन,मन और धन से मेले में सहयोग करेगा और मेले को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जाएगा। मेला बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष सतीश प्रजापति,पूर्व शिक्षाविद रामकुमार मीना,कम्पोटर गुर्जर,सुनील कोठारी, शीशराम गुर्जर,संजू ठाकुर,तेजू पाराशर,सुरेश चंसौरिया, राजेंद्र गर्ग,अनिल गोय,अश्वनी कुमार,लप्पू मेडिकल,मुकेश बंसल,रवि शर्मा,आसाराम पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दिव्यम अग्रवाल के जन्मदिन पर कदम्ब फाउंडेशन का कदम जीवन की ओर

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** कदम्ब डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके पौत्र दिव्यम अग्रवाल के जन्मदिन पर उन्होंने एक कदम्ब जीवन की ओर अभियान के तहत सरकारी अस्पताल बहरोड के इमरजेंसी वार्ड जो कदम्ब फाउंडेशन द्वारा गोद लिया हुआ है ।जिसमें पंखे, लाइट,चादरों , तकिए जिनकी कमी पूर्ति हेतु 2 पंखे ,4 लाइट्स 5 चादरें, 5 तकिए लगवाए गए साथ ही ज्यूस, बिस्कुट आदि वितरीत किए गए। वहीं डायरेक्टर श्रीमती शिल्पा पत्नी बर्बरीक अग्रवाल ने बताया कि कोई इमरजेंसी केस जिसकी पहचान ना हो और उसके लिए दवाई सरकारी अस्पताल में किसी कारणवश उपलब्ध न होने पर उसकी दवाई की सुविधा और यदि मरीज की हालत गंभीर होने पर मरीज को शिफ्ट करना हो तो एंबुलेंस की सुविधा हेतु, कदम्ब फाउंडेशन





पहले से ही कार्यरत है। दिव्यम अग्रवाल ने बताया कि कदम्ब फाउंडेशन कदम्ब अग्रवाल की स्मृति में बनाया गया है , जिसमें कदम्ब फाउंडेशन द्वारा किसी की दवाई या इलाज की कमी के कारण जनहानि ना हो इसके लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं। कदम्ब फाउंडेशन द्वारा ओर भी कई अभियान चलाए जा रहे हैं जिनमें भगवंती देवी, बसंती देवी, तारा देवी, कपूरी गुप्ता, रेणुका यादव, रीना मुद्गल, शिखा अग्रवाल, मंजू गुप्ता, सुमन जांगिड़, बबीता शर्मा , संगीता शर्मा, आशा यादव, निरंजन गुप्ता, गोपाल गुप्ता, गोविंद गुप्ता, बजरंग अग्रवाल आदि कई लोगों का सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ सुरेश ,डॉ सतवीर,डॉ पंकज यादव,डॉ सुरेंद्र यादव, डॉ आदर्श,डॉ दिनेश,डॉ बनिता यादव,डॉ प्रियंका यादव सहित समस्त मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

# वन, खनिज व राजस्व विभाग में सामंजस्य नहीं होने से जनता परेशान : शेखावत

- सेटलमेंट व राजस्व विभाग स्थित स्पष्ट नहीं कर पाता, हर जगह वन विभाग के हिमायती, जनता का कौन
- चोटीसी भी पहाड़ी भी वन क्षेत्र में तो छोटे उद्योगों का धणी कौन, 21 सौ मीटर जमीन के लिए 4 किमी की जगह 20 दूरी करनी पड़ती तय

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र से विधायक बानसूर के सिंह ने विधानसभा में आमजन के हित को लेकर फिर दहाड़ लगाई। शेखावत ने आसन को वन विभाग से आमजन को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने विधानसभा में कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र सहित अलवर जिला अरावली पर्वतमाला से आछ्यादित है। पर्यावरण की दृष्टि से हमारे लिए गौरव की बात है !लेकिन वन विभाग,खनिज विभाग और राजस्व विभाग में सामंजस्य नहीं होने के कारण आमजन परेशान है। उसका कारण है कि जहाँ जाओ वहाँ वन विभाग के ही समर्थक मिलेंगे। शेखावत ने कहा कि वन विभाग द्वारा अपनी संपत्ति बताए जाने से सभी विभाग व आमजन पीछे हट जाता है !उसका कारण है सभी भारतीयों



का प्रकृति प्रेम, लेकिन बिना सूजबूझ के चलते आमजन बहुत परेशान हो रहा है। शेखावत ने कहा कि जहाँ आजादी से पूर्व रामपुर की लेकड़ी से दूरी 4किमी हुआ करती थी,आज 20किमी दूरी है ।उन्होंने कहा कि जब बैलगाड़ीयों का जमाना था और आज मोटर का लेकिन दूरी घटने के बजाय बढ़ गई। उन्होंने कहा कि सरकार के पास वह अधिकार है कि वह वन विभाग द्वारा ली गई जमीन का या तो भुगतान करे या फिर उसका पुनर-भरण करे। शेखावत ने कहा कि विधायक कोष से जो भी राशि लगेगी लगाई जाएगी पर आमजन को होने वाली परेशानियों से राहत दिलवाई जाए।उन्होंने कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र के तालवृक्ष का पौराणिक महत्व है, कहा जाता है कि माण्डलय ऋषि ने यहाँ तपस्या की थी। उन्होंने कहा कहा कि यह भी कहावत चली आ रही है कि यहाँ प्राचीन शिवलिंग की स्थापना महाभारत कालीन है। शेखावत ने कहा कि जब तालवृक्ष में शीतल, गर्म व प्राकृतिक पानी के कुण्ड वहाँ मौजूद हैं, बड़े -बड़े ताड़ के वृक्ष होने के कारण मातृशक्ति की धार्मिक आस्था के चलते वहाँ आती हैं तो उनके लिए शौचालय और टॉयलेट की सुविधा वहाँ उपलब्ध नहीं है। इस क्षेत्र में कोई एक ईंट भी नहीं लगा सकता क्योंकि वन विभाग का डंडा चलता है।इसलिए टॉयलेट का निर्माण करवाया जाना चाहिए।

शेखावत ने कहा कि जब भारत के प्रधानमंत्री मंत्री ने ने हर घर में टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध करवाई है तो इस धार्मिक स्थल पर क्यों नहीं !उन्होंने कहा कि तालवृक्ष से गुणी वाले हनुमान मन्दिर तक सड़क क्यों नहीं बनवाई जा सकती जबकि क्षेत्र के लोगों की गुणी वाले हनुमान मन्दिर में आस्था है। वहीं जनहित में मुण्डावरा से नटनी का बारा तक एलीवेटेड सड़क का निर्माण क्यों नहीं करवाया जा रहा !बानसूर के सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए जो दहाड़ लगाई उससे विधानसभा क्षेत्र में सिंह के समर्थकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर सहित बानसूर विधानसभा क्षेत्र वन क्षेत्र होने के कारण आसपास की लगने वाली पहाड़ियों को भी वन क्षेत्र घोषित किया जा रहा है जो गलत है।उन्होंने कहा कि जब सरकार ने पूर्व में ही घोषित किया है कि यह इलाका वन क्षेत्र का है तो छोटे - छोटे उद्योगों को क्यों हटाया जा रहा है। चाहे वहाँ खनन हो रहा हो या क्रेशर लगाई गई हो यह घोर चिन्ता का विषय है। शेखावत ने कहा कि जिस प्रकार से केन्द्र सरकार द्वारा अनेक कल्याणनिधियों की योजनाएं चलाई जा रही हैं ठीक उसी तर्ज पर उद्योग कल्याणनिधि भी चलाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का युवा प्रतिभाशाली है उसे 10करोड़ रूपये तक का ब्याज रहित ऋण दिया जाए जिससे छोटे उद्योगों का प्रचलन फिर से शुरू हो।

## फूलों का फागोत्सव शुक्रवार को, भजन संध्या का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** स्थानीय कस्बे में श्री सावरिया मित्र मंडल पावटा सदस्यों की एक बैठक मण्डल के वरिष्ठ सदस्य संतोष अग्रवाल कारोली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस मौके पर मण्डल सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी फूलों का फागोत्सव मनाने व भजन संध्या का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सावरिया मण्डल के सदस्य गौरव बंसल, ख्यालीराम टेलर, सीए विनोद बंसल ने बताया कि आगामी 14 मार्च को स्थानीय कस्बे के श्री कृष्ण गौशाला में बाबा श्याम का भव्य दरबार लगाकर रंगीला फागोत्सव व भजन संध्या बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगी। कार्यक्रम शुक्रवार दोपहर 01 बजे से शाम 07 बजे तक किया जायेगा। जिसमें दिल्ली से गायक कलाकार छाया सिंघल व रिंकू शर्मा, सुरजगढ़ से राजेश शर्मा सहित दौसा से आरती शर्मा को आमंत्रित किया गया है।

## अपना घर आश्रम पुरुष एवं महिला शाखा में होली महोत्सव 13 मार्च को मनाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** विवेकानंद नगर स्थित संतोष कुमार जानकी देवी गुरु कृपा अपना घर आश्रम में प्रात 10 बजे एवं वैशाली नगर विस्तार योजना में स्थित अपना घर आश्रम महिला शाखा में दोपहर 2 :30 पर दिनाँक 13 मार्च गुरुवार को प्रभुजी संग होली महोत्सव मनाया जाएगा ।आम जन से अपील है कि वो प्रभुजी संग होली महोत्सव में भाग लेकर इनकी खुशियो में शामिल हो ताकि इनके पुनर्वास में मदद मिल सके।

# मावा विक्रेता के गोदाम में 273 किलो विशेष पाउडर व नमक विक्रेता का 6.550 हजार किलो आयोडाइज्ड नमक सीज

## मावा विक्रेता के यहां सीज किया गया डेयरी परमिटेड स्प्रे ड्राइड पाउडर पहली बार देखा गया, जांच के बाद ही पता चलेगा यह हानिकारक या नहीं





बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** खाद्य सुरक्षा दल ने मंगलवार को संतोष नगर, थेगड़ा स्थित सिद्धि विनायक मावा विक्रेता के गोदाम में 273 किलो डेयरी परमिटेड स्प्रे ड्राइड पाउडर व गुमानपुरा स्थित नमक विक्रेता के यहां 262 बैग्स में रखा 6 हजार 550 किलो आयोडाइज्ड नमक सीज किया। साथ ही चार नमूने लिए। खास बात यह है कि मावा विक्रेता ने इस पावडर को डेयरी वालों को बेचना स्वीकार किया। पूछताछ करने पर बताया कि यह स्प्रे ड्राइड वह सवाई माधोपुर के बजरिया स्थित ज्ञानसिंह नामक मिल्क सप्लायर को विक्रय करता है। फोन पर बात कराने पर ज्ञानसिंह ने इसे दूध में एसएनएफ बढ़ाने के लिए मिलाना स्वीकार किया। सब स्टेंडर्ड खाद्य पदार्थ की आंशका पर डेयरी परमिटेड स्प्रे पाउडर को सीज किया गया। यह 25 -25 किलोग्राम के 11 कट्टों में रखा हुआ था। लेबल पर इसके विवरण में मिल्क पाउडर होने की बात अंकित नहीं थी। इनमें से एक कट्टे में से नमूना लेकर शेष 10 कट्टे (प्रत्येक 25 किलो) व एक कट्टा 23 किलो का नमूना रिपोर्ट प्राप्त होने तक सीज किया गया। इसके बाद गुमानपुरा स्थित एक नमक विक्रेता के यहां निरीक्षण करने पर राजावास के एक नमक विक्रेता से 120 रुपए में 25 किलो के भाव से आयोडाइज्ड नमक सप्लाई किया जाना पाया, जबकि बाजार में इसे 10 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है। भाव कम होने के कारण अवमानक के शक के आधार पर तीन नमूने लेकर 262 कट्टों में रखा 6 है 550 किलो आयोडाइज्ड नमक सीज किया। लिए गए कुल 4 नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला कोटा भिजवाया गया, जहां से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना, चंद्रवीर सिंह जादोन व मोजी लाल कुम्भकार शामिल रहे।

**कोटा में पहली बार मिला है यह पाउडर :** खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल ने सीज किए गए डेयरी परमिटेड स्प्रे ड्राइड पाउडर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कोटा में पहली बार यह देखा गया है। इसलिए इस पाउडर? के बारे में खास मालूम नहीं है। उन्होंने बताया कि संभवतया इसे दूध में से फेट निकालने के बाद जब उसमें पतलापन आ जाता है? तो उसके गाढ़ेपन को मेंटेन रखने के लिए मिलाया जाता है। यह हानिकारक है या नहीं इस बात का पता तो प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट के बाद पता चलेगा। अग्रवाल का यह भी कहना था कि यह पाउडर तमिलनाडु की एक प्रतिष्ठित कम्पनी का प्रोडक्ट है।

### कामयाब कोटा अभियान के तहत कार्रवाई

यह कार्रवाई कोटा प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'कामयाब कोटा' व राज्य में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' होली स्पेशल अभियान के तहत प्रमुख शासन सचिव मेडिकल एंड हेल्थ गायत्री राठौर व आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे के मार्गदर्शन, जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में तथा अभिहित अधिकारी एवं सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर के नेतृत्व में की गई।



# विद्यालय से मात्र 20 मीटर दूरी पर हो रहा खनन, ब्लास्टिंग से मकानों में आई दरारें

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (नि.स.)।** शहर के गरमपुरा क्षेत्र के लोगों ने एकत्रित होकर बस्ती से महज 20 मीटर दूरी पर एसीसी उद्योग द्वारा किए जा रहे खनन के विरोध में उपखंड अधिकारी भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि एसीसी उद्योग द्वारा गरमपुरा बस्ती से मात्र 20 मीटर की दूरी पर ही खनन किया जा रहा है। इस खनन की तीव्रता इतनी अधिक है कि शहर के बस स्टैंड तथा गांधीपुरा, ब्रह्मपुरी बस्ती तक इसका कंपन महसूस होता है। कम्पन की तीव्रता चलते शहर की कई बस्तियों के मकानों में दरारें तक आ गई है वही कई हैंडपंप तथा बोरिंग में ब्लॉकेज आने के कारण पानी आना बंद हो गया। ज्ञापन में यह भी बताया की एसीसी की खदान से महज 15 से 20 मीटर की ही दूरी पर सरकारी विद्यालय भी संचालित है इस विद्यालय में लगभग 60 से 70 विद्यार्थी अध्ययनरत है। बस्ती वासियों ने बताया कि इस विद्यालय भवन की स्थिति ब्लास्टिंग के चलते जीर्ण शीर्ष स्थिति हो चुकी है तथा यदि ब्लास्टिंग इसी प्रकार होती रही तो विद्यार्थियों के साथ किसी भी प्रकार की घटना घटित हो सकती है। बस्ती वासियों तथा विद्यालय प्रशासन को पूर्व में भी कई बार इस बाबत लिखित में सूचना देने के बावजूद प्रशासन ने अब तक ब्लास्टिंग पर कोई कार्यवाही नहीं की। बस्ती वासियों ने उद्योग द्वारा की जा रही इस ब्लास्टिंग की जगह को अरावली पर्वतमाला (रामगढ़ विषधारी अभ्यारण्य) के अंतर्गत होना बताते हुए पूर्णतः अवैध बताया है। अतः बस्ती वासियों ने बताया कि उद्योग द्वारा ब्लास्टिंग बंद नहीं की गई तो इससे होने वाली समस्त दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी उद्योग तथा प्रशासन की होंगी।

### इनका कहना

ब्लास्टिंग से संबंधित मामला जानकारी में आया है, इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट तहसीलदार इंद्रगढ़ से मांगी है, जैसे ही तहसीलदार से रिपोर्ट आएगी उस हिसाब से कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**(भावना सिंह, उपखंड अधिकारी, लाखेरी)**

# विज्ञान नगर का दिगम्बर जैन मंदिर बना आध्यात्मिक केन्द्र, 14 मार्च तक होगी सिद्धों की आराधना

## अष्टानिका महापर्व पर सिद्ध चक्र मंडल विधान का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** विज्ञान नगर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में अष्टानिका महापर्व के अवसर पर सिद्ध चक्र मंडल विधान का भव्य आयोजन धूमधाम से जारी है। इस आयोजन के माध्यम से 14 मार्च तक सिद्धों की विशेष आराधना की जाएगी। मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन और पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजमल पाटोदी ने बताया कि विशेष अनुष्ठान के तहत 64 अर्घ्य समर्पित कर आराधना की गई। इस दौरान मंदिर में आध्यात्मिक माहौल का निर्माण हुआ और श्रद्धालु भक्तिरस में डूबे रहे। प्रतिदिन सायंकाल भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। महामंत्री अनिल ठौरा ने बताया कि विधान के दौरान पंडित उदय शास्त्री के प्रवचन नियमित रूप से हो रहे हैं। इनमें वे जैन धर्म के सिद्धांतों और अष्टानिका पर्व के महत्व को श्रद्धालुओं तक पहुंचा रहे हैं। सिद्धों की आराधना के दौरान अनीशा जैन अपनी संगीतमय लहरियों से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। उनके भक्ति संगीत से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो जाता है। कार्यक्रम में सौधर्मे इंद्र का पूर्णियाजन त्रिलोक रेखा लुहाड़िया ने किया। अर्घ्य समर्पण कार्यक्रम में पीके हरसोरा, रितेश सेठी, पारस धनोपिया, बाबूलाल जैन, महावीर जैन अजमेरा, सीताराम जैन और पदम हरसोरा आदि प्रतिष्ठित समाज बंधु मौजूद रहे। सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर विधान में भाग लिया और अपनी आस्था का परिचय दिया।

### सरोज देवी फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 43 यूनिट रक्तदान हुआ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** सरोज देवी फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी स्टेट के चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला की प्रेरणा से यह शिविर आयोजित किया गया। महेंद्र शर्मा, डायरेक्टर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, जवाहर नगर एसएचओ गोपाल बैरवा, समाजसेवी रविकांत आदि ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महान सेवा है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को यह करना चाहिए। रक्तदान शिविर में एमबीएस ब्लड बेंक कोटा के डॉ. आदित्य शर्मा के साथ स्वास्थ्यकर्मियों की विशेष टीम मौजूद रही। आरसीएम सेवा रक्तदान शिविर आयोजन में दुर्गेश बैरवा बूंदी, जोधराज नागर कोटा, धर्मराज मीणा टोंक, सुधांशु उदयवाल कोटा, मनोहर नागर रोटेदा आदि ने रक्तदान आयोजन में भाग लिया।

# गर्ल्स कॉलेज में फ्रेशर्स फेयरवेल पार्टी-छात्राओं ने डांस और मिमिक्री प्रस्तुत की, मिस जेडीबी बनीं परीक्षिता



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जानकी देवी कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को फ्रेशर्स फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। इसमें छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नव आगंतुक छात्राओं को सीनियर छात्राओं ने तिलक लगाकर व पुष्प भेंट कर स्वागत किया। साथ ही अंतिम वर्ष की छात्राओं को भी सम्मानित कर विदाई दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एएसपी कालूराम रहे। कॉलेज की प्राचार्य व सहायक प्राचार्य, कार्यक्रम की संयोजक कावेरी कुमारी तथा महिला कालिका पुलिस की पेट्रोलिंग टीम भी इस अवसर पर मौजूद रही। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**छात्राओं ने डांस-मिमिक्री भी प्रस्तुत की :** मिस जेडीबी परीक्षिता ने बताया कि प्रेशर फेयरवेल पार्टी में कई कार्यक्रम हुए। इनमें बेस्ट ड्रेस प्रतियोगिता, मॉडलिंग, हिंदी, पंजाबी, राजस्थानी गानों पर डांस शामिल रहे। कई छात्राओं ने कविताएं सुनाईं तो? कुछ ने मिमिक्री के जरिए प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि एएसपी कालूराम ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोटा सेफ्टी ऑफ स्टूडेंट्स एप को कुछ ही महीने पहले लॉन्च किया गया है। उन्होंने इस सुरक्षा एप के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। बताया कि किसी भी स्टूडेंट्स को, कोई भी समस्या या परेशानी होने पर वह इस एप के पैनिक बटन का उपयोग करेंगे तो तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना मिल जाएगी। एप पर स्टॉप बटन का उपयोग करते ही एप पर दी गई सभी जानकारी डिलीट हो जाएगी। उसके बाद उसकी लाइव लोकेशन के आधार पर नजदीकी पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंच जाएगी। महिला पुलिस कालिका पेट्रोलियम टीम ने छात्राओं से कहा कि कभी भी किसी भी तरह की समस्या होने पर महिला पुलिस से सम्पर्क करें, वह तुरंत गर्ल्स स्टूडेंट्स की समस्या का समाधान करेंगे।

# वरिष्ठ नागरिक संस्थान कोटा की कार्यकारिणी की बैठक में तनूजा खन्ना सर्वसम्मति से सचिव निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** वरिष्ठ नागरिक संस्थान कोटा की कार्यकारिणी की बैठक में नए सचिव के रूप में तनूजा खन्ना को सर्वसम्मति से चुना गया। संस्थान के अध्यक्ष टीपीएस सेठी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि तनूजा खन्ना संस्था की वरिष्ठतम महिला सदस्य हैं। संस्था की विभिन्न गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रही हैं। संस्था महिलाओं के सम्मान और उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। नवनियुक्त सचिव तनूजा खन्ना का कार्यकारिणी



सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। एक्जीक्यूटिव चेयरमैन ब्रिगेडियर एनएस कपूर, राम मदनानी, कोषाध्यक्ष एनपी सोनी आदि सदस्यों ने उन्हें पुष्प मालाएं और बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

# रोजगार सहायता शिविर में 322 अभ्यर्थियों का हुआ प्रारम्भिक चयन, चयनित युवाओं के चेहरों पर खुशी चमकी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रोजगार सहायता शिविर मंगलवार को सूचना केन्द्र में आयोजित किया गया। इसमें युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगार परक प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त हुए। शिविर में 322 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया।

उप निदेशक उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार नियमित रोजगार शिविरों का आयोजन कर बेरोजगारों को लाभान्वित किया जा रहा है।

उन्होंने आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के विकल्पों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने के राज्य सरकार के प्रयासों का उल्लेख



करते हुए युवाओं से कौशल विकास का आह्वान किया। जिला कौशल समन्वयक समरवीर सिंह हाड़ा ने कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। चेयरमैन राज्य उपभोक्ता परामर्श केन्द्र पंकज शर्मा, जिला युवा अधिकारी सचिन पाटोदिया, यज्ञदत्त हाड़ा, शफीकुर्रहमान ने भी युवाओं का मार्गदर्शन किया। शिविर में विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियां आईं, जिन्होंने टेक्नीशियन, रिलेशनशिप ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, सर्विस इंजीनियर, टेक्निकल ऑपरेटर, फाइनेंस एडवाइजर, सेल्स मैनेजर, बीमा सखी आदि पदों के लिए चयन प्रक्रिया करते हुए 322 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया।

# राजनीतिक दलों के साथ बीएलए नियुक्ति करने के सम्बन्ध में चर्चा हुई

## बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोटा दक्षिण-190 में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति, जेंडर रेशो इलेक्टॉरल पॉपुलेशन (इपी) रेशो में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्वाचक पंजीयन अधिकारी विधानसभा क्षेत्र कोटा दक्षिण-190 एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) अनिल कुमार सिंघल की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। इसमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बीएलए नियुक्ति के सम्बंध में चर्चा की गई। बैठक में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति एवं मतदाता सूची में जेंडर रेशो इलेक्टॉरल पॉपुलेशन (इपी) रेशो में सुधार पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्देशानुसार, प्रत्येक राजनीतिक दल को विधानसभा कोटा दक्षिण-190 के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलए की नियुक्ति जल्द से जल्द करने का आग्रह किया गया, जिससे मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुचारू हो सकें। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं यथा वोटर पोर्टल, वोटर हेल्प लाइन एप, सी-विजिल, सक्षम एप, सुगम पोर्टल आदि से अवगत कराते हुए विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, नो योअर केन्डिडेट एप व 1950 टोल फ्री नम्बर के बारे में जानकारी देते हुए इसके अधिकाधिक उपयोग एवं जागरुकता फैलाने में सहयोग की आग्रह किया। नवपंजीकृत होने वाले मतदाताओं से मोबाइल नम्बर के माध्यम से ई-इपिक डाउन लोड किए जाने की भी जानकारी दी गई। बूथ स्तरीय अभिकर्ता को बूथ लेवल अधिकारी से सम्पर्क कर मतदाता सूची प्राप्त करने एवं प्रत्येक मतदान केन्द्र पर नव, महिला मतदाताओं, शिफ्टेड, डेथ आदि के नाम अद्यतन करने में सहयोग प्रदान कराने का आग्रह किया गया। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति शीघ्र करें एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन का बजट 2025-26- कोटा डेयरी को मिले 50 करोड़ रुपए, होंगे विभिन्न विकास कार्य

# राज्य में दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के लिए 540 करोड़ रुपए का आवंटन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/कोटा।** राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (आरसीडीएफ) की वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट घोषणा मंगलवार को जयपुर के राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड सभागार में हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, आरसीडीएफ की सीएमडी श्रुति भारद्वाज, पशुपालन विभाग के सचिव सुमित शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।



बजट घोषणा में प्रदेश के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण दुग्ध और दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने तथा राज्य के विभिन्न मिल्क प्लांट्स की प्रोसेसिंग क्षमता बढ़ाने व पशु आहार संयंत्रों के विस्तार के लिए 540 करोड़ रुपए के कार्य हाथ में लिए जाने की घोषणा की गई। यह राशि राज्य के दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**कोटा डेयरी को 25 करोड़ रुपए की विशेष अनुशंसा :** बजट घोषणा में कोटा डेयरी के लिए प्रस्तावित बजट के अनुसार 25 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। हालांकि, कोटा डेयरी के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ के विशेष अनुरोध पर कोटा डेयरी को अतिरिक्त 25 करोड़ रुपए की भी अनुशंसा की गई। इस प्रकार, कोटा सरस डेयरी को अपने विस्तार एवं विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 50 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे। राठौड़ ने इस अवसर पर कहा, यह राशि कोटा सरस डेयरी के विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हम इस धनराशि का उपयोग आधुनिक तकनीक से लैस प्रसंस्करण इकाइयों को स्थापित करने और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार लाने में करेंगे। साथ ही वाटर एवं टी प्रोसेसिंग प्लांट के लिए यह राशि व्यय की जाएगी। बजट घोषणा के अनुसार, 115 करोड़ रुपए सीकर-झुंझुनू, श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़, जोधपुर एवं कोटा के मिल्क प्लांट्स की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि के लिए आवंटित किए गए। प्रधानमंत्री दुग्ध सम्बल योजना में दी जाने वाली राशि को प्रतिमाह भुगतान करने का सुझाव भी रखा। राठौड़ ने कहा कि किसान की आमदनी कम होती है, ऐसे में उन्हें शीघ्र भुगतान किया जाए। अधिक समय तक किसानों के भुगतान रुकने से उन पर आर्थिक भार पडता है। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत व आरसीडीएफ की सीएमडी श्रुति भारद्वाज ने इस प्रस्ताव पर अपनी गम्भीरता व्यक्त की और मंत्री ने शीघ्र समाधान की बात कही।

### आरसीडीएफ की भविष्य की योजनाएं

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने बजट बैठक के दौरान बताया कि इस बजट का मुख्य उद्देश्य राज्य में दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण की क्षमता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि राजस्थान के हर जिले में गुणवत्तापूर्ण दुग्ध और दुग्ध उत्पाद आसानी से उपलब्ध हों। साथ ही, हम किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। आरसीडीएफ की सीएमडी श्रुति भारद्वाज ने कहा कि इस बजट से राज्य के दुग्ध उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। बजट में विशेष रूप से पशु आहार संयंत्रों के विस्तार पर ध्यान दिया गया है, जिससे पशुओं के लिए गुणवत्तापूर्ण आहार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

# बयाना पुलिस व एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

## अवैध हथियार तस्करी में लिप्त 3 कुख्यात अपराधी दबोचे, एक पिस्टल, एक पौना व 6 अवैध कट्टे किए बरामद किए

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना पुलिस सर्किल के गढ़ी बाजना थाना व एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स सीआईडी सीबी जयपुर की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 अवैध हथियार बरामद किए हैं। इसके साथ ही एक जिंदा कारतूस भी मिला है। बरामद किए गए हथियारों को आरोपी जयपुर और उसके आसपास के इलाके में अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपी राजेश उर्फ राजू उर्फ बनकट सुनार (50) व स्वरूप सेन (20) वैर कस्बे के रहने वाले हैं जबकि तीसरा आरोपी विजेंद्र गुर्जर 45 धौलपुर जिले के मनिया थाना इलाके के गांव हिनौता का रहने वाला है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर पुलिस ने सभी आरोपियों को गढ़ी बाजना थाना इलाके के सिद्ध मंदिर के पास से धर दबोचा। पुलिस टीम ने बयाना के बाजारों में अपराधियों का जुलूस भी निकाला। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। इस दौरान एएसपी हरिराम कुमावत, सीओ कृष्ण राज, बयाना कोतवाली थाना इंचार्ज बाबूलाल गुर्जर, गढ़ी बाजना थाना इंचार्ज पृथ्वी सिंह खटाना मौजूद रहे। एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत ने बताया कि ने बताया कि रेंज आईजी राहुल प्रकाश व एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशन में इन दिनों गैंगस्टर और अवैध हथियार तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

भरतपुर जिले की गढ़ीबाजना थाना इलाके में अवैध हथियार तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर गढ़ीबाजना थानाधिकारी पृथ्वी सिंह खटाना व एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के एसआई नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने सिद्ध बाबा मंदिर के पास खड़े तीन संधिग्ध व्यक्तियों को घेराबंदी करके पकड़ा। जिनके कब्जे से एक पिस्टल, एक पौना, 6 अवैध देसी कट्टे और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी राजू, विजेंद्र और स्वरूप



के खिलाफ भरतपुर और धौलपुर जिलों में डकैती और फायरिंग के कई मामले दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपियों से अब अवैध हथियार कहां से लाए थे, इसके बारे में पूछताछ की जाएगी। इसके साथ गढ़ी बाजना थाने में आर्म्स एक्ट और विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# उद्योगशाला में बंदियों द्वारा निर्मित फिनाईल उद्योग का फीता काटकर किया शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** डॉ. अमित कुमार यादव ने मंगलवार को केन्द्रीय कारागृह भरतपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्रीय कारागृह में संचालित उद्योगशाला में बंदियों द्वारा निर्मित फिनाईल उद्योग का फीता काटकर फिनाईल उत्पादन शुभारम्भ किया। जिला कलक्टर ने कारागृह में बंदियान लंगर का भी निरीक्षण किया गया तथा भोजन की गुणवत्ता परखी। कारागृह में चलाया जा रहे साक्षरता अभियान में असाक्षर बंदियान बैरिक्स में भी निरीक्षण किया गया। बंदियान की साक्षर प्रणाली की उल्लेखनीय पहल की प्रशंषा की तथा कारागृह की सुरक्षा व्यवस्था अच्छी पायी गई। केन्द्रीय कारागृह अधीक्षक ने बताया कि फिनाईल का 4 फ्लेवर में उत्पादन प्रारम्भ किया गया। फिनाईल का फ्लेवर क्रमशः सफेद, गुलाब, मोंगरा एवं चन्दन में उपलब्ध रहेगा जिसका उपयोग प्रतिदिन ऑफिस-घरों में सफाई हेतु लिया जा सकेगा। फिनाईल वितरण भरतपुर मण्डल की अधीनस्थ सभी कारागृहों में आपूर्ति की जावेगी तथा आम नागरिकों को भी उचित दरों पर उपलब्ध कराई जावेगी। उन्होंने बताया कि कारागृह में बंदियान उपयोगार्थ हेतु चप्पल उद्योग की 2 यूनिट स्थापित की गई है। बंदियान चप्पल प्रशिक्षण हेतु इस कारागृह के 05 बंदियों को केन्द्रीय कारागृह अजमेर भिजवाया जाकर चप्पल उत्पादन किया जावेगा। इस दौरान निरीक्षण में परमजीत सिंह सिद्ध अधीक्षक, विजय सिंह जेलर, मुकेश मीणा जेलर, सतेन्द्र सिंह उप जेलर, रूपसिंह उप जेलर, महेश कुमार प्रजापत, संजीव कुमार, श्यामासुन्दर नापित भी मौजूद रहे।

# होली मिलन में मशरूम रेसिपी का जायका



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कृषि महाविद्यालय भुसावल में होली मिलन समारोह के अवसर पर विद्याथियों को ग्रामीण उद्यामिता कृषि विकास योजनान्तर्गत मशरूम के पकोडे, सूप, सब्जी आदि बनाना सिखाते हुए जायका लिया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि यदि किसान अपने उत्पादित माल की प्रोसेसिंग कर बाजार में बेचें तो दो से तीन गुना अधिक लाभ कमाया जा सकता है। जैसे गेंहू का दलिया व मैदा, दूध से मावा व मिठाई, आलू से चिप्स, टमाटर से सॉस व केचअप आदि बना कर बेचा जाय तो खेती अच्छी आमदनी का जरिया बन सकती है। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि समाज से मान्यता प्राप्त कोई भी धन्धा छोटा नही है, अतः अपनी रूचि और कौशल के अनुसार धन्धा अपनाना चाहिए। डॉ. शंकर लाल यादव ने कहा कि मशरूम प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियो को मशरूम उत्पादन, पैकिंग व पोसेसिंग करना सिखाया गया। कालेज के विद्यार्थी व स्टाफ ने मशरूम के पकोडे व सूप के साथ होली के रंगो का आनन्द लिया। इस अवसर पर डॉ. बी.एल. जाखड, राहुल मीणा, गीता गवारिया, प्रेम कुमारी वर्मा सहित महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डॉ यतीश शर्मा का किया अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** एसडीएस पब्लिक सेकेंडरी स्कूल बी नारायण गेट भरतपुर में दिनांक 11 मार्च 2025 को 4 बजे राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ता न्यायालय जोधपुर में अध्यक्ष पद पर डॉ यतीश शर्मा की नियुक्ति होने पर सहायक स्टेट कमिश्नर स्काउट प्रदीप शर्मा एडवोकेट रमेश सोलंकी विष्णु सैनी अशोक शर्मा समाजसेवी विपुल शर्मा अंकित गर्ग द्वारा डॉ यतीश शर्मा का अभिनंदन किया गया यतीश शर्मा द्वारा हाल ही में आयोजित उपभोक्ता न्यायालय में अध्यक्ष पद पर प्रतियोगी परीक्षा में राजस्थान में 17वां स्थान प्राप्त किया भरतपुर संभाग का नाम रोशन किया अंत में रमेश सोलंकी एडवोकेट द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

# नाले की सफाई एवं जल कुम्भी को निकलवा कर समस्या का किया निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( यतेन्द्र पाण्डेय )।** शहर की गौरीशंकर कॉलोनी एवं एमएसजे कॉलेज मैदान में पानी जमा होने की समस्या का निराकरण करते हुए जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देश पर नगर निगम द्वारा जल भराव क्षेत्र में जेसीबी द्वारा गौरीशंकर कॉलोनी वाले नाले की सफाई एवं जल कुम्भी को निकलवा कर समस्या का निराकरण किया गया। आयुक्त नगर निगम श्रवणकुमार विश्नोई ने बताया कि एमएसजे कॉलेज की बाउण्ड्रीवाल टूटी होने के कारण एवं गौरीशंकर कॉलोनी में नाले की सफाई के अभाव में बरसाती पानी जमाव की समस्या आ जाती है। उनहोंने बताया कि जल निकासी हेतु बरसात के समय इंजन पम्प के माध्यम से जल निकासी करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि जल निकासी के लिए कॉलेज में जल भराव क्षेत्र में जेसीबी द्वारा एवं गौरीशंकर कॉलोनी वाले नाले की सफाई करवाकर जल कुम्भी को निकलवा दिया गया है। ज्ञात रहे कि दैनिक भास्कर समाचार पत्र में 3 मार्च को ''नाले का पानी भरने से विद्यार्थी हो रहे परेशान निगम अधिकारी कर रहे घटना का इंतजार'' समाचार प्रकाशित हुआ था। जिसके बाद जिला कलक्टर के निर्देश पर नगर निगम द्वारा कार्रवाही कर समस्या का निराकरण किया गया।

# कर्म, भक्ति व ज्ञान के समन्वय का संदेश देती है भारतीय संस्कृति : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/कामां/ डीग/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने मंगलवार को यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कर्म , भक्ति व ज्ञान के समन्वय का संदेश देती हैं भारतीय संस्कृतिं। कर्म ही पूजा है कहने की अपेक्षा कर्म भी पूजा बन सकता है। जिस कार्य के साथ विचार, विवेक या ज्ञान ना हो ऐसा हर कार्य पूजा कहलाने का अघिकारी नही हो सकता। बिना बिचारे किया हुआ कर्म तो पश्चाताप, ग्लानि व शर्मिन्दगी के अलावा कुछ भी प्रदान नहीं कर सकेगा। कर्म के साथ यदि ज्ञान व भक्ति का सुन्दर समन्वय स्थापित कर दिया जाये तो जहाँ एक ओर हमारा हर कर्म पूजा कहलाने का अघिकारी हो सकेगा वहीं हमारे जीवन का सौन्दर्य निखर उठेगा व जिस सच्चे सुख व आनन्द से लाख प्रयास करने के बावजूद वंचित थे उसे प्राप्त करने के अघिकारी बन जाऐंगे। हमारा जीवन उच्चता, दिव्यता व महानता से भर उठेगा। अंत श्रम व श्रद्धा का अनूठा संगम स्थापित करें। उन्होंने कहा कि संसार में कोई भी व्यक्ति रूप,धन, कुल या जन्म से नहीं अपितु अपने कर्मों से महान बनता है । यदि कुल से महान होते तो रावण जैसा महान कौन होता ? रूप से ही महान होते तो अष्टावक्र, भगवान गणेश जी, सुकरात जैसे व्यक्ति कभी महान न बन पाते। कई बार हो सकता है कि वर्तमान मे किसी को देखकर लगे कि इसने तो कोई महान कर्म नहीं किये तो अवश्य पूर्व में किये होंगे अंत हमें महानता के कार्य करने चाहिए तथा स्वयं को कभी महान नहीं समझना चाहिए । मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहां से अच्छाई मिले वहां से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी, श्रेष्ठ व मर्यादित बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में विनम्रता,सरलता, सादगी व संयम को अपनाना चाहिए। कुछ ऐसा कार्य करना चाहिए कि संसार में लोग हमें याद ही नहीं बल्कि अच्छाई से सदैव याद रखें। बहुत से लोग मर कर भी जिंदा रहते हैं तथा बहुत से जीवित भी मृतक तुल्य जीवन जीते है। किसी का तिरस्कार न करें जो भी देखे, सुनें या पढ़े उस पर विचार करें। किसी को भी नुकीले व्यंग्य बाण न चुभाए अर्थात ऐसा कुछ ना बोलें जिससे किसी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे। किसी का दिल दुखे या प्रेम, एकता,सद्भाव नष्ट हो जाए। अशांति हो जाए कलह-क्लेश या वैमनस्य पैदा हो जाए। हमारे हृदय उदार व विशाल होने चाहिए। आज मनुष्य का मस्तिष्क विशाल तथा हृदय सिकुड़ता चला जा रहा है। अकड या अभिमान नहीं होना चाहिए। दुश्मन को हराने वाले से भी महान वह है जो उन्हें



अपना बना ले। यदि कोई व्यक्ति किसी वस्तु, पदार्थ को पाना चाहता है। उसके लिए प्रयास करता है और यदि थककर बीच में अपना विचार ना बदल दे तो उसे अवश्य प्राप्त भी कर लेता है। जीवन की घटनाओं का यदि मंथन किया जाए तो हमेशा हमें अमृत ही नहीं कभी विष भी मिलता है। संबंधों की मधुरता बनाए रखने के लिए विष को बाहर भी ना उगले हृदय में भी ना ले जाएं, कंठ में ही रख लें। हृदय से प्रभु का सदैव स्मरण करते रहे।

# कार्यक्र म की पूर्व संध्या पर इंडियन आइडल फेम पीयूष पंवार का किया गया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** होली मिलन समारोह के कार्यक्रम हेतु भरतपुर आए इंडियन आइडल फेम पीयूष पंवार का होटल सूर्य विलास होटल में शारीरिक शिक्षक संघ और कंप्यूटर शिक्षक संघ द्वारा संयुक्त रूप से स्वागत किया गया.इस मौके पर कंप्यूटर संघ प्रदेश उपाध्यक्ष तेज शर्मा एवं शारीरिक शिक्षक संघ से बादल परिहार के नेतृत्व में गायक पीयूष पंवार का 23 मीटर लंबा फेंटा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष तेज शर्मा ने बताया कि इतने फेमस गायकार का होली मिलन समारोह हेतु भरतपुर आना गर्व की बात है.अपनी एक शाम भरतपुर के नाम करने पर हम पीयूष पंवार जी का तहे दिल से भरतपुर की धरा पर स्वागत करते है अभिनन्दन करते है । इस मौके पर शारीरिक शिक्षक संघ से गंगा सिंह जी,दिलीप शर्मा ,हरिभाऊ, मुकेश, कुशवेंद्र ,सुनील एवं कंप्यूटर शिक्षक जिलाध्यक्ष शिवम् मित्तल, आकाश,योगेश कुमार , कृष्णाबतार बघेल, इंजी. धर्मवीर बघेल, के के शर्मा, अनीश कुंतल ,व्याख्याता मनोज सिंहल सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे ।

# ताइक्कांडो ब्लैक बेल्ट रामया शर्मा को 'यंगेस्ट अचीवर ऑफ द ईयर अवार्ड 2025' से नवाजा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** लघु उद्योग भारती महिला इकाई भरतपुर के द्वारा 'खुद में हूं सक्षम नारी सशक्तिकरण अवार्ड 2025' कार्यक्रम में जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब किला भरतपुर की सबसे कम आयु में ताइक्कांडो ब्लैक बेल्ट साउथ कोरिया से प्राप्त करने के उपलक्ष्य में रामया शर्मा को ‼यंगेस्ट अचीवर ऑफ द ईयर अवार्ड 2025' से नवाजा गया और टाईगर क्लब की अध्यक्षा प्रतिभा शर्मा सेवानिवृत्ति व्याख्याता एवं भरतपुर ताइक्कांडो संघ सचिव ई0 दीप्ति शर्मा को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।


# एनसीआर और टीटीजेड बना भरतपुर जिले द्यमें विकास का रोडा : विधायक डॉ रितु बनावत

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना विधायक डॉ रितु बनावत ने विधानसभा में एनसीआर और टीडीजेड की वजह से भरतपुर जिले के बिगड़ते हालात के बारे में बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। विधानसभा के बजट सत्र में विभिन्न मांगों पर बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर रितु बनावत ने बोलते हुए कहा की भरतपुर जिले में एनसीआर और टीडीजेड की वजह से भरतपुर जिले के औद्योगिक इकाइयों का विकास नहीं हो पा रहा है।

जिसकी वजह से मजदूर और किसान भरतपुर जिले से पलायन होने को मजबूर हो रहे हैं। विधायक ने कहा इस समय डबल इंजन की सरकार है। भरतपुर जिले की औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए डबल इंजन की सरकार को भरतपुर जिले से एनसीआर और टीटीजेड को खत्म कर देना चाहिए। और जिससे अनेक प्रकार के औद्योगिक इकाई चालू हो सके जिससे गरीब और मजदूर लोगों को नए-नए रोजगार उत्पन्न हो सकेंगें। विधायक ने कहा कि टीटीजेड को तो खत्म नहीं किया जा सकता, लेकिन एनसीआर से शीघ्र ही मुक्ति दिलाई जानी चाहिए।

राज सरकार को ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे अधिक से अधिक बायोमास उत्पादों की उपयोगिता हो सके। इससे किसानों की आय बढ़ाने में भी सफलता मिलेगी। विधायक ने रूपवास इलाके को औद्योगिक एरिया स्थापित करने की बधाई देते हुए कहा कि बयाना पत्थर रीको इलाके



की पत्थर इकाइयों से निकलने वाली सलेरी को डालने के लिए डंपिंग यार्ड बनाए जाने की घोषणा करने व नालों की समय-समय पर सफाई के साथ ही पार्क का निर्माण करने की जिम्मेदारी भी रीको द्वारा उठाई जाए।

# बल्लभगढ़ तिराहे के नजदीक स्टे क्षेत्र के अलावा शेष में सड़क निर्माण कराया

## भरतपुर संसद में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए थे प्रश्न

### जांच में सड़क निर्माण की गुणवत्ता संतोष पूर्ण : आर के अरोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** जिले में हन्तरा-वैर-बल्लभगढ रीझवास-कलवाड़ा सड़क पर वैर से बल्लभगढ़ के मध्य बल्लभगढ़ तिराहे के नजदीक स्टे क्षेत्र को छोड़कर डामरीकरण का कार्य किया गया है। सड़क की गुणवत्ता की जांच गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, आरएसआरडीसी इकाई जयपुर के उच्चाधिकारियों द्वारा भी समय-समय पर निरीक्षण किया जाता रहा है तथा सडक का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किये जाने हेतु समय-समय पर बीटी, सीसी के कोर काटकर गुणवत्ता की जाँच परीक्षण कराये गये हैं जिनकी गुणवत्ता सन्तोषजनक पायी गयी है।

परियोजना निदेशक आरएसआडीसी आरके अरोडा ने बताया कि हन्तरा-वैर-बल्लभगढ रीझवास-कलवाड़ा सडक पर वैर से बल्लभगढ़ के मध्य Actress तिराहे के नजदीक स्टे के क्षेत्र को छोड़कर नजदीक में ही डामरीकरण का कार्य चल रहा था। जो कि निर्धारित मापदण्ड़ एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जा रहा था। सडक निर्माण कार्य का आरएसआरडीसी के स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, आरएसआरडीसी इकाई जयपुर के उच्चाधिकारियों द्वारा भी समय-समय पर निरीक्षण किया जाता रहा है तथा सडक का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किये जाने हेतु समय-समय पर बीटी, सीसी के कोर काटकर गुणवत्ता की जाँच परीक्षण कराये गये हैं जिनकी गुणवत्ता सन्तोषजनक पायी गयी है।

**सड़क के डामरीकरण को जिस स्थान से हटाया गया वहां तत्काल निर्माण कराया था :** उन्होंने बताया कि सांसद श्रीमती संजना जाटव द्वारा जिस स्थल पर सडक के डामरीकरण को हटाया गया। उस निर्माण स्थल पर उसी समय ही डामरीकरण का कार्य किया गया था। डामरीकरण कार्य को सैट होने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया, जिस कारण तत्काल हुए डामरीकरण को हाथों से हटाया जाना संभव हो सका। उक्त सडक का निर्माण कार्य निर्धारित मापदण्डों व गुणवत्ता के अनुसार ही कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सांसद द्वारा गत 7 मार्च को वैर इलाके में ग्रामीणों द्वारा रास्ते में रोक कर हन्तरा-वैर-बल्लभगढ सडक के निर्माण कार्य में मौके पर छोड़े गए सड़क के हिस्से को बनाये जाने हेतु निवेदन किया गया। जिसमें मौके पर उपस्थित संवेदक के प्रतिनिधि द्वारा छोड़े गये भाग को स्टे क्षेत्र होने से अवगत कराया गया, तो उपस्थित लोगों द्वारा यह प्रयास किया गया कि शेष छोडे भाग पर भी डामरीकरण का कार्य करायें। स्टे क्षेत्र में डामरीकरण कराये जाने में असमर्थता जताने पर ग्रामीणों द्वारा सडक की गुणवत्ता की शिकायत की, तो छोड़े गये हिस्से के पास चल रहे डामरीकरण के कार्य को उनके द्वारा उखाड़ते हुए सडक की गुणवत्ता सही नहीं होना बताया गया।

भौंडा गांव खनन का मामला

# चारागाह मुक्ति एवं खनन को लेकर क्षेत्र के बाशिंदे 17 दिसंबर से दे रहे धरना

बढ़ता राजस्थान

**वैर /भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** तहसील वैर के भौड़ा गांव के पहाड़ में हो रहे खनन को लेकर क्षेत्र के गांव वासियों मैं आक्रोश है व 17 दिसंबर से आंदोलन कर रहे हैं तथा एसडीएम को ज्ञापन सौप कर कार्रवाई की मांग की है । सौपे गये ज्ञापन में बताया गया है कि इस खनन को संचालित करने के लिए पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की धर्मपत्नी कमलेश भडाना ने अपने अधिकार में ले रखा है। यह खनन कई वर्षों से विवादित है। इससे समस्त क्षेत्र में अशांति बनी हुई है तथा इसे बंद करवाने के लिए 3 महीने से भौड़ा गांव के किसान एवं पशुपालक लोकतांत्रिक तरीके से धरने पर बैठे हुये हैं। जिसका अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इस खनन लीज से सटा हुआ गांव का 252 बीघा चारागाह है जिसमें होकर माल ढुलाई के लिए अवैध रास्ता बना रखा है जब कि यह रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है। भौडा गांव की 90त्न जनसंख्या पशुपालन का कार्य करती है जिसका जीवन यापन का यही एक आधार पशुपालन है। खनन कार्य के लिये दिन रात ब्लास्टिंग चलती रहती है जिससे पशु पालक अपनी मवेशी को चारागाह में ले जाने से कतराते हैं। यह वन संपदा ही ग्रामीणों की जीवन रेखा है इससे पर्यावरण भी प्रभावित होता है। पाच ग्रामों के निवासियों ने इस विवादित खनन को लेकर समुचित कार्रवाई करने एवं खनन कार्य में ली जा रही चारागाह भूमि को मुक्त कराने की मांग की है। ज्ञापन पर शिव सिंह, लक्ष्मण, भरोसी, सिमरन, भागमल, लाखन सिंह, समर सिंह, वीर सिंह सहित तीन दर्जन से अधिक किसान एवं पशु पालको के हस्ताक्षर हैं।

# सुरक्षा को अपनी आदत और जीवन शैली बनाएं



## सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण सरंक्षण की प्रतिज्ञा के साथ हिन्दुस्तान जिंक में 54वां सुरक्षा सप्ताह में बोले वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर सूरज प्रकाश जांगिड़,

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ ( संजय खाबिया )।** राष्ट्र की प्रगति में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण का सरंक्षण महत्वपूर्ण है। सुरक्षा को हम प्राथमिकता में लेकर अपनी आदत और जीवन शैली बनाएं यह बात वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर सूरज प्रकाश जांगिड़ ने जिंक चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में आयोजित 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होनें कहा कि सुरक्षा केवल नियम नहीं है, सुरक्षा के प्रति कार्यक्षेत्र या परिवहन, जिम्मेदारी से ही हम स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित रख सकते है। किसी भी दूर्घटना का मुख्य कारण हमारी लापरवाही है जिसे सुरक्षा नियमों के पालन से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को दुर्घटनाओं से बचाव के लिये सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया एवं सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर डिप्टी सीईओ स्मेल्टर्स मानस त्यागी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रमुख है। हिन्दुस्तान जिंक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है, किसी भी कार्य को करने से पहले हम उस कार्य को करने के सुरक्षित तरिकों के बारे में सोचा जाएं तो शून्य दूर्घटना और शून्य क्षति के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। महामंत्री मजदूर संघ घनश्याम सिंह राणावत ने उपस्थित कर्मचारियों एंव अधिकारियों से सुरक्षा के



प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने एवं सुरक्षा को सदैव प्राथमिकता में रखते हुए सुरक्षा के राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की। जिला मेटल माइंस मजदूर संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह भाटी ने कहा कि दोहरी मानसिकता और नकारात्मक सोच को छोड़ कर हम कार्यस्थल और बाहर कार्य करें ताकि हम सुरक्षित रह सकें। सुरक्षा प्रमुख बालचंद पाटीदार ने सभी अतिथियों का स्वागत कर वर्षभर के सुरक्षा प्रदर्शन एवं कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराते हुए उद्योग के साथ ही घर एवं सड़क सुरक्षा हेतु चलाएं जा रहे कार्यक्रमों, समुदाय और प्रशासन के साथ मिल कर सुरक्षा जागरूकता अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर, मजदूर संघ के पदाधिकारी जीएनएस चैहान,दिलीप सिंह, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के अमित सुराणा, पुष्पेन्द्र मीणा, बीनू राफेल, रिपन घोष, अनूप कुमार, रविराज, ममता शर्मा सुरक्षा विभाग से मीनाक्षी कुमावत, दीपक पटेल, शुभम साहू,भगवती पालीवाल, हिसन, रेणू श्रंगी एवं विनय सहित जिंक अधिकारी, कर्मचारी एवं बिजनेस पार्टनर के प्रतिनिधि उपस्थित थे। संचालन अभिषेक कोठारी ने किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आवास पर सम्मान समारोह



बढ़ता राजस्थान


**झालावाड़ ( नि.स. )।** श्री राजस्थान गो सेवा समिति द्वारा राजस्थान प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निवास पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ । जिसमें राजस्थान के कल्याणकारी बजट 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की गौशालाओं के अनुदान में 25प्रतिशत एंव निरआश्रित व गौवंश उपमा वृद्धि के प्रावधान किए जाने के उपरांत मुख्यमंत्री आवास पर हजारों गौ भक्तो के साथ राजस्थान गौसेवा समिति द्वारा आयोजित धन्यवाद समारोह में पूज्य साधु संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर उपस्थिति जनों को संबोधित किया। प्रदेश सरकार राजस्थान में यह निरंतर सुनिश्चित कर रही है कि प्रदेश की समस्त गौशालाओं का समुचित विकास हो और गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जल्द ही बड़ी घोषणा भी की , जहां प्रदेश में एक मात्र राज्य हैं, जिसमे तीस हजार रुपए किसानो को भी नंदी ( बैल ) से खेती करने पर मिलेंगे,जिसकी सूची तैयार की जा रही है तथा उसी प्रकार दस गौवंश संरक्षण पर भी योजनाएं बनाई जा रही है,तथा गोपाल कार्ड पर अनेकों लाभकारी योजनाएं बनाई जा रही है, समिति के झालावाड़ प्रभारी जितेंद्र सिंह पंवार द्वारा श्री राजस्थान गो सेवा समिति के माध्यम से गौ शाला भुमि आवंटित तथा नंदी शाला निर्माण हेतु, मंदिर भूमि अतिक्रमण मुक्त उपयुक्त कार्यवाही एवं गौ रक्षा संगठनों कि चिकित्सा विभाग में, नियुक्ति इत्यादि विषयों पर ज्ञापन सौंपा गया तथा गोचर ओरण संचालित गौ शालाओं कि मांग रखी , मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त कर सभी विषयों को लेकर सरकार धन्यवाद दिया गौ रक्षा संगठन द्वारा इस मौके पर आभार व्यक्त किया। राजस्थान गो सेवा समिति झालावाड़ प्रभारी, अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पंवार सहित हाडोती संभाग से कोटा बूंदी बारां झालावाड़ जिले से अनेक गौशाला संचालक गौ भक्त मौजूद रहे सभी विषयों पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को शुभकामनाएं दी।

# मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के बाद ही कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी कर रिजर्व पट्टे जारी करे नगरीय निकाय : विधायक कोठारी

## सदन में उठाया मामला

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शहर की कई निजी कॉलोनियों के बाशिन्दों को अपनी अपनी कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इस हेतु विभिन्न निजी कॉलोनीवासियों ने जनसुनवाई में विधायक कोठारी से समस्याओं का समाधान करने की मांग की, मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि,



मूलभूत सुविधाओं के अभाव में निवास कर रहे निजी कॉलोनीवासियों का विषय विधायक कोठारी ने सुना और इस मुद्दे को विधानसभा में गंभीरता से उठाया। कोठारी ने विधानसभा में कहा कि राजस्थान टाउनशिप पॉलिसी 2010 में यह प्रावधान है कि निजी कॉलोनी को विकसित करने के लिए शहरी निकाय द्वारा कुछ पट्टे रिजर्व रखे जाते है, कॉलोनाइजर द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर कंप्लीशन सर्टिफिकेट के बाद ही निकाय द्वारा शेष रिजर्व पट्टे जारी किए जा सकते हैं, लेकिन निजी कॉलोनी में बिना आधारभूत सुविधाओं को विकसित किए संपूर्ण पट्टे शहरी निकायों द्वारा जारी किए जा रहे है, जिससे कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं नही होने से निवास करने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें दोहरी मार झेलनी पड़ रही है एक ओर तो कॉलोनाइजर सुविधाओं के नाम पर उनसे रुपए ऐंठ लेते है और सुविधाएं कुछ मुहैया कराते नहीं और कॉलोनाइजर प्लॉट व मकान बेचकर फ्री हो जाता है। फिर जब बाद में कॉलोनीवासी अधिकारियों के चक्कर लगाने शुरू करते है तो निकाय द्वारा मूलभूत सुविधाओं के लिए शुल्क की मांग की जाती है जो शुल्क कॉलोनीवासी पहले ही कॉलोनाइजर को जमा करवा चुके होते है, लेकिन कॉलोनाइजर द्वारा उनको धोखे में रखकर शुल्क निकाय में जमा ना करा कर स्वयं रख लिया जाता है। सड़क, पानी, साफ-सफाई, लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं के बिना कॉलोनीवासी परेशान होते है। कई बार वो शहरी निकायों के अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाते है तो अधिकांश अधिकारियों द्वारा कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के लिए इनकार कर दिया जाता है। विधायक कोठारी ने इस समस्या को विधानसभा में उठाकर सरकार से निवेदन करते हुए कहा कि संपूर्ण मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के बाद ही कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी कर रिजर्व पट्टे नगरीय निकाय जारी करे, जिससे शांतिमय तरीके से कॉलोनीवासी निवास कर सके।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान परवान पर, स्वास्थ्य विभाग की ओर जागरूकता गतिविधियां आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**बूँदी ( अनन्त दाधीच ) ।** जिले में टीबी के खिलाफ जंग और तेज हो गई है। जिले भर में 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत 'हमारे गांव टीबी न पसारे पांव' थीम पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसे जड़ से खत्म करना है। सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य इस साल के आखिर तक बूँदी जिले को टीबी मुक्त बनाना है। इसके लिए, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के लक्षणों, जांच, उपचार और रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक कर रहा है। हमारे गांव टीबी न पसारे पांव थीम पर रैली , और भाषणों के माध्यम से लोगों को टीबी के बारे में जानकारी दी जा रही है। ग्राम पंचायतों में रैलियां और प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं, जिनमें टीबी के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं। गांवों में नियमित रूप से टीबी जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां लोगों की मुफ्त जांच की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से टीबी रोगियों को मुफ्त दवाएं और पोषण सहायता प्रदान की जा रही है। विभाग निक्षय मित्रों के माध्यम से टीबी रोगियों को सहायता प्रदान कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आईईसी बूँदी के माध्यम से भी टीबी के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में बच्चों को टीबी के बारे में जानकारी दी जा रही है। टीबी अधिकारी डॉ.कुलदीप मीणा ने बताया कि अगर किसी को टीबी के लक्षण दिखाई देते हैं, तो उन्हें तुरंत जांच करानी चाहिए। उन्होंने अपील की है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और टीबी को जड़ से खत्म करने में मदद करें। अभियान का मुख्य उद्देश्य बूँदी जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# जिला कलेक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं व विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की और विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति का आकलन किया। जिला कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त निस्तारण पर जोर देने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने गर्मी को देखते हुए समर कंटिंजेंसी प्लान के तहत की जाने वाली तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने रसद अधिकारी को ई-केवाईसी प्रतिशत बढ़ाने और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी को पात्र लाभार्थियों के पेंशन सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को राजकाज पोर्टल के माध्यम से फाइलों के निस्तारण तथा ई-डाक में पेंडिंग पत्रावलियों के शीघ्र निस्तारण के संबंध में निर्देशित किया। जिला कलेक्टर संधू ने सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी से जिले में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की और चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि बालिकाओं के संरक्षण और लिंगानुपात में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक पवन नानकानी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए हिन्दुस्तान जिंक की पहल

# चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के आस पास के 27 गावों हेतु नि:शुल्क चिकित्सा मोबाइल वेन का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ ( नि.स. )।** ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से हिन्दुस्तान जिंक द्वारा ममता-हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के सहयोग से आस पास के क्षेत्र के 27 गावों के लिए मोबाइल हेल्थ वेन की शुरूआत की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में आयोजित समारोह से इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस मोबाइल वेन में प्रशिक्षित चिकित्सक एवं स्टाफ गांव गांव जा कर नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं एवं परामर्श देगें । प्राथमिक जांच के बाद गंभीर बीमारी के रोगियों को राजकीय जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु रेफर करने हेतु भी आवश्यक प्रयास किये जाएगें। मोबाइल वेन को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ताराचंद गुप्ता, हिन्दुस्तान जिंक के डिप्टी सीईओ स्मेल्टर मानस त्यागी, नगरी सरपंच देवकिशन रेगर एवं आजोलिया का खेड़ा सरपंच जगदीश जाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर हेड सीएसआर सुन्दर राज एवं हेड सिक्योरिटी रविराज उपस्थित थे। इस मोबाइल वेन के जरिये स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए विशेष रूप से पहल की जाएगी।

इस वेन में एमबीबीएस चिकित्सक, काउसंलर एवं नर्स प्राथमिक स्वास्थ्य की जांच, उपचार एवं परामर्श के साथ ही नि:शुल्क दवाईयां भी उपलब्ध करायी जाएगी । हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने कैंसर देखभाल, प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य शिविर आदि पर केंद्रित अपनी विभिन्न स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से भीलवाड़ा, राजसमंद, अजमेर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, उधम सिंह नगर के 7 स्थानों और 5 जिलों में लगभग 1.5 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं।

# श्री मुरलीधर महिला मंडल सिंहपुर के तत्वावधान में फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र की ग्राम पंचायत सिंहपुर मुख्यालय पर मंगलवार को श्री मुरलीधर महिला सत्संग मण्डल के तत्वावधान में फागोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री मुरलीधर सत्संग महिला मण्डल प्रवक्ता अरूणा जायसवाल ने बताया कि श्री मुरलीधर महिला सत्संग मण्डल के तत्वावधान में फागोत्सव कार्यक्रम का कौशल विकास केन्द्र सिंहपुर परिसर में आयोजन किया गया।कार्यक्रम में श्री लडडुगोपाल की मनमोहक झांकी तथा धार्मिक गीत एवं संगीत पर महिला भक्त झुम उठे। इस अवसर पर श्री मुरलीधर रामायण मण्डल सिंहपुर संस्थापक कैलाशचन्द्र गर्ग,सुशीला जायसवाल, कमला वैष्णव,भगवती जायसवाल,प्रेमलता जायसवाल,रेखा गर्ग,कौशल्या



गर्ग,अरूणा जायसवाल आदि भक्तों द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये। इस दौरान कमला वैष्णव,रेखा गर्ग,अरूणाय,निकिता जायसवाल,शानू,अनिता जायसवाल,लक्ष्मी साहु, कमला गर्ग,सुमन जायसवाल,अरूणा जायसवाल, पायल शर्मा,शिवानी गोस्वामी,सुमित्रा भुत,गीता प्रजापत,अनिता सेन,सीमा भुतडा,शांतिनाथ आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय जयकार राव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ (नि.स.)।** अखिल भारतीय जयकार राव समाज के तत्वावधान में भदेसर तहसील के असावरा माता स्थल पर असावरा माता सराय कमेटी द्वारा सत्र 2023-24 में 70 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह व राष्ट्र, राज्य स्तर पर खेल प्रतिस्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं सत्र 2023-24 राजकीय व राष्ट्रीय सेवा में चयनित होने वाले समाज के प्रतिभावान सरकारी कर्मचारी का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। असावरा माता सराय कमेटी के सचिव लक्ष्मीनारायण सगदार के अनुसार सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राव समाज रत्न पद्मश्री जानकीलाल भांड, छगनलाल भांड व आसावरा माता सराय कमेटी के संरक्षक अम्बा लाल चरण मुरलिया थे । समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दुर्गालाल बारेठ ने की। स्वागत उद्बोधन प्रदेश संयुक्त महासचिव हेमन्त सोपतका ने किया। समिति के पवन जागा के अनुसार समारोह की शुरूआत असराव माता, माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुई। इस समारोह में सम्पूण राजस्थान से 120 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें प्रशस्ति पत्र, ममेंटो, बेग एवं 500 रुपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खेल जगत एवं राजकीय राष्ट्रीय सेवा में चयनित प्रतिभावान को ममेंटो व प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में विशेष सम्मान बहरूपिया कला में विश्वख्यित कलाकार पद्मश्री जानकीलाल भांड का शॉल ओढ़ा, साफा बंधा कर समिति की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान मांगीलाल सोपतका, भेरूलाल खरेलवा, रामेश्वरलाल भेरूका, लादूलाल भांड, गोपाल बराला, छोगालाल कोशिथल, बंशीलाल रेवल, गोपाल, मांगीलाल हाथिका, भंवरलाल माणका, भंवर गोगिया, दिनेश जागा, बालुलाल चौधरी, भेरूलाल गोरेल, देवीलाल, उदयलाल हाथिका, भुपेन्द बराला, दिलीप आजोलिया का खेड़ा, दुर्गालाल फोगा, रमेश पोरवाड़, लोकेश चौधरी, बंशीलाल हाथिका, प्रहलाद हाथिका, सत्यनारायण चारण, राजेन्द्र बराला, जगदीशप्रसाद डोगा, भेरूलाल रेवल, कैलाश कुमार बागड़वा, रामनिवास गेगावत, दारासिंह गौड़, गणपतलाल गौड़, भेरूलाल बागड़वा, सायरलाल गोरर, रवि मानावत, दुर्गालाल चौधरी, शंकरलाल चारण, दिनेश हाथिका, रजनीश भांड, ओपी चौधरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न (पीड़ित प्रतिकर स्कीम के 09 आवेदनों में 18 लाख 95 हजार रुपये प्रतिकर राशि के आदेश प्रदान किए)

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम-2011 के अंतर्गत जिला एवं सेशन न्यायाधीश के अवकाशागार में नियुक्त सदस्यगण की बैठक जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्राधिकरण के सचिव अपर सेशन न्यायाधीश विशाल भार्गव ने बताया कि बैठक में पीड़ित प्रतिकर स्कीम-2011 के लंबित कुल 65 आवेदन पत्रों पर समिति द्वारा विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुल 09 आवेदन पत्रों में प्रतिकर के रूप में 18 लाख 95 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई। बैठक में विकास कुमार खंडेलवाल, न्यायाधीश मोटर दुर्घटना एवं दावा अधिकरण संख्या-01, शंकर लाल मारू, पारिवारिक न्यायालय संख्या-01, प्रतिभा देवठिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) भीलवाड़ा, नगेन्द्र सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजेश शर्मा, अध्यक्ष बार संघ, रघुनंदन सिंह कानावत, राजकीय अभियोजक सम्मिलित थे।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दीवाना शाह दरगाह कपासन पर दुआ की

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह सिसोदिया द्वारा मंगलवार को मुख्य मज़ार पर फूल पेश कर मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की गयी। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खां अशरफी ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं एडीजे डॉ. महेन्द्र सोलंकी का बुलन्द दरवाजा पर



दरगाह वक्फ कमेटी सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी एवं पूर्व नगर पालिका पार्षद हाजी अर्ब्दुरहमान मंसूरी,अशफाक तुर्किया द्वारा स्वागत किया गया।साथ ही दरगाह शरीफ स्थित आस्ताना ए आलिया कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी द्वारा दस्तारबंदी कर श्रीफल भेंट किया गया।

# दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक समापन, श्रेष्ठ शोध पत्र पढ़ने वाले हुए सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा में आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक समापन दिनांक 11 मार्च 2025 को हुआ।

अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय सत्र का प्रारंभ अटल इनक्यूबेशन सेंटर वनस्थली विद्यापीठ निवाई के सीईओ प्रोफेसर अभिषेक पारीक के उद्बोधन के साथ हुआ। प्रोफेसर पारीक द्वारा ट्रांसलेशनल रिसर्च, एमएसएमई, स्टार्टअप्स तथा इन्नोवेशंस इन रिसर्च पर अपने विचार प्रकट किए गए तथा शोधार्थियों से सीधा संवाद किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में मुख्य अतिथि जिंदल सॉ लिमिटेड भीलवाड़ा के सीनियर जनरल मैनेजर श्री अंशुमन बंदोपाध्याय थे। यूनिवर्सिटी ऑफ़ शारजाह के प्रोफेसर रमेश बंसल समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि थे। अंशुमन बंदोपाध्याय ने अपने उद्बोधन में बताया की पहल करने वाला ही विश्व पर शासन करता है। उन्होंने वर्तमान जीवन पर इंटरनेट के प्रभाव को लेकर अपने विचार प्रकट किए। श्री बंदोपाध्याय के अनुसार छात्रों के जीवन में अवसरों की कहीं कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है उन अवसरों को पहचानने की।

संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना द्वारा अपने जीवन वृत्तांतों के जरिए शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए गए। प्रोफेसर सक्सेना ने आईटी और एआई का शिक्षा के सभी क्षेत्रों में भरपूर इस्तेमाल किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कुल सचिव प्रोफेसर राजीव मेहता द्वारा इस अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को ज्ञान, शिक्षा और बुद्धिमत्ता के महाकुंभ की संज्ञा दी गई।

प्रो वाइस चांसलर तथा संगोष्ठी समन्वयक प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही ने कहा कि हम कहां हैं ? और हमें कहां जाना है ? इन दोनों ही प्रश्नों पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। संगोष्ठी के समापन सत्र में आयोजन सचिव प्रोफेसर राकेश भंडारी द्वारा सार रिपोर्ट का वाचन किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुल 220 शोध पत्रों का वाचन आठ चरणों में किया गया। संगोष्ठी सहायक पार्टनर यमुना मशीन मुंबई, प्रीमियर एवॉलविक्स कोयंबटूर, डिजी हब उदयपुर, केडी लैब इंफ्रा, संगम आई टीबीआई, ए यू बैंक, राजस्थान प्रिंटर्स के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के अंत में शोधार्थियों, अविनाश कुमार, रितु राठौड़, अजिता गुप्ता, सुमन लता, अभिलाषा भट्ट, जयश्री, भव्या, भाविका, शशांक शेखर, सुमनालंग को बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। संगोष्ठी की आयोजन उप समन्वयक प्रो विनेश अग्रवाल, सह सचिव प्रोफेसर अर्चना अग्रवाल द्वारा शोधार्थियों, अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।



# वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** वन नेशन वन इलेक्शन देश के लिए जरूरी सामर आज भाजपा जिला कार्यालय पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर के मुख्यातिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालिवाल की अध्यक्षता वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई बैठक को सम्बोधित करते सामर ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार द्वारा लागू वन नेशन वन इलेक्शन देश के लिए बहुत जरूरी है इससे देश को करोड़ों रुपए का आर्थिक फायदा होगा और और समय की बचत होगी भी वही भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालिवाल कहा कि आगामी पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनाव में राजसमन्द जिले में भाजपा का परचम फहरनाने के लिए हमे अभी से लग जाना है बैठक में जिला प्रमुख रतनी चौधरी, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन, महेश पालिवाल, पूर्व जिला महामंत्री श्रीकृष्ण पालिवाल, पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह सयोजक माधव चौधरी, जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालिवाल, पूर्व प्रधान पंचायत समिति राजसमन्द सुरेश जोशी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जवाहर जाट, जिला कार्यलय मंत्री प्रमोद गोड, पूर्व पार्षद खुशकमल कुमावत, गर्वित पालिवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रोजगार मेले में हुआ 177 आशार्थियों का चयन

# जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सर्वप्रथम अनुशासन का होना जरूरी है : यादव



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के कोठी नारायणपुर बाईपास स्थित राव औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक निदेशक रोजगार कार्यालय हरिश नैनकवाल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर दिलाने के संदर्भ में एनसीएस पोर्टल पर जाकर रोजगार सम्बंधित सूचनाओं के बारे में अवगत कराया। शिविर में विभिन्न नामी कम्पनियों सोनिया फोर जी भिवाड़ी, कोटसन्स हैवल्स, आयशर ट्रेक्टर, टैफ मोटर्स, मैसर्स एमजी मोटर्स आदि 10वीं, 12वीं डिप्लोमाधारी जैसे डीज़ल, फीटर, इलैक्ट्रीशियन, मैकेनिकल डीजल द्वारा दूर दराज से आये हुए आशार्थियों का साक्षात्कार के द्वारा भौतिक सत्यापन किया इसमें लगभग 500 आशार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 177 आशार्थियों का कम्पनियों द्वारा चयन किया गया। हैवल्स कम्पनी के एच आर मैनेजर शक्ति सिंह ने बताया कि कम्पनी द्वारा 350 आशार्थियों को 31 मार्च तक रोजगार देने का संकल्प किया गया है। जिसके तहत यहां उपस्थित आशार्थियों में से सक्षम बेरोजगार युवाओं को मौका दिया जाएगा।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राव सज्जन सिंह व राव शिक्षा समिति की सचिव डॉ सवित्रा यादव ने बताया कि जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सर्वप्रथम अनुशासन का होना जरूरी है।

कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोले जाने का मामला

# अधिवक्ताओं की पेन डाउन हड़ताल व क्रमिक अनशन 28 वें दिन मंगलवार को भी रहा बदस्तुर जारी, धरना स्थल पर भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नवगठित जिला कोटपूतली–बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय न्यायालय परिसर में मंगलवार को लगातार 28 वें दिन भी बदस्तुर जारी रही। वहीं विगत 16 दिनों से अधिवक्ताओं की क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल मंगलवार को भी लगातार जारी रही। इस दौरान संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में चेतराम रावत, योगेश सैनी, राकेश शर्मा, अजय रोहिला व मुकेश यादव आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। विगत 28 दिनों से जारी हड़ताल के कारण यहाँ के विभिन्न



न्यायालयों में लगभग 20 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है। पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है। इस मौके पर न्यायालय परिसर में धरना स्थल पर यादव महासभा समिति के अध्यक्ष रामौतार यादव गुरूजी के नेतृत्व में किशन लाल गुरूजी, शेरसिंह यादव, हनुमान यादव, एड. समर यादव, एड. भोजराज यादव व एड. किशन यादव आदि कार्यकारिणी सदस्यों ने डीजे कोर्ट खुलवाये जाने की मांग को समर्थन देते हुये अपना समर्थन पत्र संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर को सौंपा।

इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। वहीं दुसरी ओर धरना स्थल पर मंगलवार को स्वतंत्र पत्रकार आनन्द पण्डित व टीम द्वारा भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

जहाँ अधिवक्ताओं ने बालाजी महाराज से कोटपूतली में डीजे कोर्ट स्थापना का आर्शीवाद मांगा। इस दौरान उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, सचिव हेमन्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विजय सैनी, चेतराम रावत, एपीपी प्रेमप्रकाश शर्मा, दयाराम गुर्जर, विकास मीणा, सुभाष गुर्जर, शिवकुमार शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सैनी, सागरमल शर्मा, रिछपाल चौधरी, राजेन्द्र रहीसा, राजेश सैनी, महेश मीणा, विकास जांगल, गोविन्द रावत, पुष्कर शर्मा, निरंजन समेत बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# निजी विद्यालयों की समस्यायों को तत्काल निराकरण कर रहा है बेस्ट एज्युकेशन सॉल्यूशन एण्ड वेलफेयर एसोसिएशन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** बेस्ट एजुकेशन सॉल्यूशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान बीकानेर द्वारा संचालित राज्य स्तरीय बेस्ट एजुकेशन सॉल्यूशन टीम के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से निजी स्कूलों की विद्यालय संचालन संबंधित आने वाली सभी प्रकार की समस्यायों का त्वरित गति से निस्तारण पिछले 12 वर्षों से किया जा रहा है। बेस्ट एजुकेशन सॉल्यूशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान बीकानेर के अध्यक्ष रियाज़ कादरी इस कार्य को पूरी लगन



और निष्ठा से पूरा कर रहें है। इनके द्वारा पीएसपी पोर्टल यू डाइस पोर्टल शाला दर्पण पोर्टल मान्यता संस्था रजिस्ट्रेशन अजमेर बोर्ड एफिलेकेशन संबंधित कार्यों में 24 घंटे तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है और सीए रिपोर्ट शिक्षा विभाग द्वारा जारी विभागीय आदेशों की जानकारी ग्रुप के माध्यम से निर्धारित समय पर प्रदान की जा रही है।

रियाज़ कादरी का एक ही उद्देश्य ही छोटे और बड़े ग्रामीण और शहरी निजी स्कूलों के संचालक साथी सभी पोर्टलों का कार्य अपने आप कर सके और कंप्यूटर ऑपरेटर पर निर्भरता न के बरा बर हो। अध्यक्ष कादरी ने अब तक इन 12 वर्षों विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान करवा दिया है। बीकानेर जिले से संबंधित है, निदेशालय स्तर के निजी स्कूलों के कार्यों को बहुत ही कम समय में करवा देते है।

मेंटर मदर एवं स्वयंसेवकों के उल्लेखनीय एवं विशिष्ट कार्यों के लिए आयोजित किया सम्मान समारोह

# साझी शिक्षा परियोजना के तहत पूर्व प्राथमिक एवं आधारभूत शिक्षा को प्रबल करने के लिए अहम् भूमिका निभा रहे हैं मेंटर मदर्स व स्वयंसेवक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रन), शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में साझी शिक्षा परियोजना के तहत् धरातल पर कार्यरत मेंटर मदर्स एवं स्वयंसेवकों के उल्लेखनीय एवं विशिष्ट कार्यों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अमर सिंह चौहान, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के मुख्य आथित्य एवं छैला कँवर, सेवानिवृत्त, बाल विकास परियोजना अधिकारी भीम राजसमंद तथा श्री नरेंद्र सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री दिनेश कुमार, सहायक प्रबंधक, बाल रक्षा भारत




द्वारा साझी शिक्षा परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों, जिसमें मेंटर मदर एवं सामुदायिक स्वयंसेवकों की उपलब्धियां तथा विशिष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। श्री सिंह द्वारा मेंटर मदर एवं स्वयंसेवको के द्वारा फील्ड स्तर पर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियां के लिए भी प्रोत्साहित किया तथा इस यात्रा को यहीं तक सीमित नहीं रखकर बाकी क्षेत्रों में भी शिक्षा से वंचित बच्चों को जोड़े रखने तथा बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों, जिसमें मेंटर मदर एवं सामुदायिक स्वयंसेवकों को मेमेंटो एवं उपरणा ओढ़ाकर मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में दोनों ग्राम पंचायतों के कुल 55 मेंटर मदर्स एवं स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया/कार्यक्रम में परियोजना टीम से पूजा गुर्जर, मीनाक्षी चौहान, लोकेश कुमार एवं प्रमोद कुमार सहित समस्त वॉलिंटियर्स एवं मेंटर मदर उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन मीना कुमारी एवं मुकेश कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया, साथ ही इस परियोजना के तहत किया जा रहे विशेष कार्यों एवं अनुभवों के माध्यम से भी उपस्थित प्रतिभागियों को लाभान्वित किया।

# संवेदनशील होकर स्वास्थ्य सेवाओं को दें सर्वाधिक प्राथमिकता - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करवाने के प्रस्ताव भिजवाए ताकि अभियान का उद्देश्य साकार हो सके। उन्होंने इस हेतु क्षेत्र में सभी संबंधित स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने सम्बन्धी प्रस्ताव के लिए निर्धारित सूचकांकों के अनुसार जिला स्तर पर रिपोर्टिंग करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संस्थागत प्रसव बढ़ाने और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संस्थागत प्रसव करवाने के निर्देश दिए गए, जिससे कि जिला स्तरीय अस्पताल पर भार कम हो और प्रसूता को अधिक दूरी तय कर परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों पर मौसमी बीमारियों एवं हीट वेव को देखते हुए आगामी कार्ययोजना बनाने एवं मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु एंटी लार्वा गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर अभियान की प्रगति समीक्षा की एवं जिले की समस्त पीएचसी व सीएचसी में आवश्यक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए. उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण करते हुए परिवादियों को राहत पहुंचाने को कहा।

# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र मुला माताजी मंदिर पर चैत्रीय नवरात्रि पर 9 दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन होगा

## कपासन के प्रसिद्ध शक्तिपीठ पर 9 दिनों तक भक्तों हेतु महाभंडारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्र में स्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्राचीन पुरातात्विक महत्व एवं प्रसिद्ध शक्तिपीठ स्थल मुला माताजी मंदिर पर आगामी चैत्रीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में 30 मार्च से आयोजित होने वाले 9 दिवसीय धार्मिक मेले की तैयारियां पुरजोरता साथ जारी है।उक्त धार्मिक मेले में मेलार्थियों एवं श्रद्धालुओं हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के साथ महाभंडारे का आयोजन किया जायेगा। मुला माताजी मंदिर विकास समिति कपासन अध्यक्ष एवं पुर्व नगर पालिका पार्षद सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि चैत्रीय नवरात्रि के अवसर पर मातारानी के भक्तों एवं श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र नगर के राजमार्ग स्थित प्राचीन पुरातात्विक महत्व एवं प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला माताजी मंदिर पर 30 मार्च से 7 अप्रैल तक 9 दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन किया जायेगा।जिसका शुभारंभ सांवलिया धाम आश्रम मुंगाना महंत चेतनदास महाराज एवं अनुजदास महाराज द्वारा किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मुला माताजी मंदिर विकास समिति एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से 9 दिवसीय धार्मिक मेले में 9 दिनों तक महाभंडारे का आयोजन किया जायेगा।जिसमे क्षेत्रीय भक्तों सहित समीपवर्ती क्षेत्रों से आगंतुक श्रद्धालु मातारानी के प्रसाद का लाभ लेंगे। साथ ही मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु मेला रंगमंच पर प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो सहित डोलर चकरी आदि लगेंगे।जिसका मेलार्थियों एवं बच्चों द्वारा लुत्फ उठाया जायेगा।

# चिकित्सा विभाग घर-घर जाकर करेगा टीबी मरीजों की पहचान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(नि.स.)।** जिले में चिकित्सा विभाग ने टीबी रोगी खोज अभियान की शुरुआत हो चुकी। जिसमें विभाग की टीमें घर–घर जाकर टीबी मरीजों की पहचान करेंगी, उनकी जांच कराएंगी और उपचार सुनिश्चित करेंगी। यह अभियान 25 मार्च तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा ने बताया कि 188 ग्राम पंचायतों में से 101 ग्राम पंचायतों और 39 शहरी वार्डों को अभियान के लिए चिह्नित किया गया है। इसमें स्लम क्षेत्र, कच्ची बस्तियां, ईंट भट्टे और निर्माणाधीन स्थल शामिल हैं, जहां जाकर लोगों की टीबी जांच की जाएगी। अभियान के दौरान शत प्रतिशत आबादी को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है।

**आशा व एएनएम करेंगी डिजिटल स्क्रीनिंग :** अभियान के लिए आशा और एएनएम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। वे डिजिटल हेल्थ मोबाइल एप के माध्यम से स्क्रीनिंग करेंगी। इसके जरिए मरीजों के लक्षणों की जांच और रिकॉर्डिंग की जाएगी।

# अंकित ने असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में प्राप्त की सफलता

बढ़ता राजस्थान



कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर निवासी अंकित पुत्र रामकरण यादव ने कॉलेज शिक्षा विभाग असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतियोगी परीक्षा 2023 में (ईएएफएम) विषय से पास होकर साक्षात्कार हेतु सफल घोषित हुये हैं। शुरू से ही मेधावी छात्र अंकित यादव आदित्य बिड़ला इंटरनेशनल स्कूल मोहनपुरा से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त कर राजस्थान विश्वविद्यालय कॉमर्स कॉलेज जयपुर से अंग्रेजी माध्यम से ही एमकॉम परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के बाद प्रथम प्रयास में ही नेट परीक्षा पास की। गौरतलब है कि अंकित के बड़े भाई डॉ. आशीष ने हाल ही में आरएनटी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज उदयपुर से एमबीबीएस की डिग्री हांसिल की है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने नव नियुक्त प्रभारियों को दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा(अमित शर्मा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जिलों में नए प्रभारियों की नियुक्ति की है। इस निर्णय के तहत कई पदाधिकारियों को अन्य जिलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवनियुक्त प्रभारियों में शंकर लाल गाडरी, आनंद तिवारी, आशीष चौधरी, अविचल व्यास और एक अन्य नेता का नाम शामिल है। संगठन ने इन सभी को पार्टी की नीतियों को ज़मीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

# देशभक्ति मेरे लिए चीख-चीखकर नारे लगाना नहीं है किसी से जबरदस्ती नहीं कर सकते : निकिता दत्ता

ऐक्ट्रेस निकिता दत्ता इंडस्ट्री के उन चंद कलाकारों में से हैं, जो छोटे पर्दे पर सफल पारी के बाद बॉलिवुड में भी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। ड्रीम गर्ल और एक दूजे के लिए जैसे टीवी शोज हों या कबीर सिंह और द बिग बुल जैसी फिल्में, निकिता ने हर हमेशा अपनी छाप छोड़ी है।



### देखते-देखते आपने इंडस्ट्री में एक दशक का सफर तय कर लिया। इस जर्नी में सबसे बड़ी सीख और करियर का टर्निंग क्या रहा?

टर्निंग पॉइंट तो नहीं कहूंगी, पर हर काम से मैंने काफी सारी सीखी हैं। करियर ही नहीं, जिंदगी के लिहाज से भी, मगर सबसे बड़ी बात ये है कि इन दस सालों में मैंने रेस हमेशा अपने आप से रखी है। मेरी कोशिश ये रही है कि जो भी काम करूं, वह पिछले से बेहतर हो। हर काम को लेकर मेरी नीयत ये रही है कि मैं इससे क्या सीख सकती हूं जो मुझे एक कलाकार के तौर पर आगे लेकर जाए। इसके अलावा, मैंने बहुत धैर्य सीखा, क्योंकि इस इंडस्ट्री में आपको इतने रिजेक्शन झेलने पड़ते हैं कि धैर्य और दृढ़ निश्चय के बिना आप यहां टिक नहीं पाएंगे।

### बहुत से लोग फिल्म कबीर सिंह को आपका टर्निंग पॉइंट मानते हैं। आप इससे इत्तेफाक नहीं रखती?

बिल्कुल रखती हूं, क्योंकि जब मैंने टीवी से फिल्मों में शिफ्ट किया तो जो पहचान मुझे कबीर सिंह ने दी, वो उससे पहले मुझे कभी नहीं मिली। कबीर सिंह के लिए वाकई बहुत ज्यादा प्यार मिला। हम ऐक्टर्स ऑडियंस के लिए काम करते हैं, उनके प्यार के लिए काम करते हैं और आपका कोई भी काम जो आपको वह रिजल्ट दे रहा है, वह निश्चित तौर पर आपके करियर का टर्निंग पॉइंट या हाईलाइट है, तो हां, उस तरह से कबीर सिंह मेरे करियर का एक बड़ा हाई लाइट रहा है।

### आप उन चुनिंदा ऐक्टर्स में से हैं, जिन्होंने टीवी से बड़े पर्दे तक का सफर सफलतापूर्वक तय किया है। यह शिफ्ट बाय चांस था या प्लानिंग के तहत? और यह कितना मुश्किल रहा?

यह बाय चांस बिल्कुल नहीं था। मैं हमेशा से फिल्में करना चाहती थी तो मैंने बहुत सोच-समझकर ऐसा किया। टीवी से ब्रेक लिया। काफी शोज को ना बोला। हालांकि, यह मुश्किल जरूर रहा, क्योंकि 2018-19 में ओटीटी नहीं था और इंडस्ट्री में आपको एक टैग दे दिया जाता है कि आप टीवी ऐक्टर हैं। हर कोई नहीं, पर बहुत से लोग ऐसा कहते हैं कि आप टीवी में काम करते हैं तो आपको फिल्म में कास्ट नहीं कर सकते, तो उस सोच को तोड़ने में काफी समय लगा और कबीर सिंह ने इसमें मेरी बहुत मदद की।

### टीवी ऐक्टर के टैग के अलावा इंडस्ट्री में जेंडर को लेकर भेदभाव की बातें भी काफी होती हैं। क्या आपने ऐसा भेदभाव झेला है?

देखिए, इंडस्ट्री में भेदभाव तो है। बहुत से लोगों ने इस बारे में पहले भी बोला है, जो कि सच है। हालांकि, बदलाव आ रहा है लेकिन कोई भी बदलाव रातोंरात नहीं आता है। अच्छी बात यह है कि अब हीरो-हीरोइन को देखने के नजरिए में एक बहुत बड़ा बदलाव है। जैसे, मेरे वेब शो द वेकिंग ऑफ अ नेशन में मेरा किरदार पूनम एक ऐसी लड़की नहीं है, जैसा आप पुराने जमाने की फिल्मों में देखा करते थे। पहले होता था कि पंजाब की कोई लड़की दिखा रहे है तो वह गांव में खाना बना रही है या सुंदर दिखकर पेड़ों के किनारे डांस कर रही है। तब आपको कोई स्ट्रॉन्ग लड़की नहीं दिखती थी, पर हमारे डायरेक्टर राम माधवानी ने एक स्ट्रॉन्ग लड़की की कहानी दिखाना चुना। मैं ये नहीं कह रही कि पूनम बोल्ड है तो जाकर चिल्ला रही है या नारे लगा रही है, नहीं वह निडर अपने काम के जरिए है। वह उस जमाने में प्रेस चलाती है। ऐसे किरदार आपको ज्यादा सुनने को नहीं मिलते। जबकि, मेरे परदादा स्वतंत्रता सेनानी थे, मैं अपनी मां से ऐसी बहुत सी कहानियां सुनी हैं कि उस दौर में ऐसी कई औरतें थीं जिन्होंने आजादी की लड़ाई में छोटे-छोटे स्तर पर ही सही, पर बहुत योगदान किया है। उनके बारे में कहीं कुछ लिखा नहीं गया, लेकिन अगर वे नहीं होतीं तो यह आजादी की लड़ाई बहुत लंबी होती। यह किरदार उन बहुत सी लड़कियों का मेल है।

### आपका शो आजादी की लड़ाई और देशभक्ति की बात करता है। आप खुद फौजी परिवार से हैं। आपके पिता नेवी आफिसर रहे हैं। आपके लिए देशभक्ति के क्या मायने हैं?

मेरे डैडी ही नहीं, मेरी पूरी फैमिली सेना में रही है तो देशभक्ति हमारे सिस्टम के अन्दर है क्योंकि हमने बचपन से यह सब देखा है। लेकिन मेरे लिए देशभक्ति चीख-चीखकर नारे लगाना या झंडा फहराना नहीं है कि मैं हर वक्त नारे लगाऊं या किसी को जबरदस्ती बोलूं कि तुम भी बोलो। यह मेरी देशभक्ति की परिभाषा कभी नहीं रही है। मैं एक डिफेंस ऑफिसर की बेटी के तौर पर यह बोल रही हैं कि आपको अपने देश के लिए कुछ करने या देशभक्ति को जताने के लिए फौज में जाने या जंग लड़ने की जरूरत नहीं है। आप ये सोचें कि अपनी क्षमता के अनुसार आप देश के लिए क्या कर सकते हैं। मसलन, क्या आप अपने देशवासियों से प्यार करते है? क्या आप उनकी इज्जत करते हैं? क्या आप अपने देश को साफ रखते हैं? अगर आप देश को साफ नहीं रखते है तो उसकी बेइज्जती वहीं कर रहे हैं। क्योंकि आपको लगता है कि देश को साफ करने का काम आपका नहीं है। मेरे लिए देशभक्ति यह है कि आप एक नागरिक के तौर पर अपने कर्तव्यों को समझें और उस जिम्मेदारी को सही से निभाएं।

### कोई ऐसा ड्रीम रोल है जो आप करना चाहती हैं?

मुझे चैलेंजिंग रोल पसंद हैं और इस वेब शो में मेरा रोल काफी चैलेंजिंग है। यह एक स्ट्रॉन्ग किरदार है। उस पर मैं पीरियड ड्रामा हमेशा से करना चाहती थी। इस लिहाज से पूनम का किरदार ड्रीम रोल जैसा ही है। इसके अलावा, फिटनेस के लिए मेरे प्यार को देखते हुए मैं ऐक्शन में कुछ करना चाहूंगी जहां मैं फिजिकली भी खुद को चैलेंज कर सकूं।



# एक्टिंग कमबैक करना चाहती हैं सलमान की को-स्टार रहीं रंभा

## पति ने प्रोड्यूसर से की फिल्म की सिफारिश, 2000 करोड़ की मालकिन हैं 90 के दशक की एक्ट्रेस





धन, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं 90 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस रंभा फिल्मों में कमबैक करना चाहती हैं। बीते कई सालों से फिल्मी दुनिया से दूर रंभा के कमबैक के लिए उनके पति ने एक प्रोड्यूसर से सिफारिश भी की है। हाल ही में एक फिल्म फेस्टिवल के दौरान तमिल सिनेमा के मशहूर प्रोड्यूसर कलईपलु एस. थानू ने खुलासा किया है कि कुछ समय पहले उनकी मुलाकात रंभा के पति इंद्रकुमार से मुलाकात हुई थी। इंद्रकुमार ने उनसे पत्नी रंभा के लिए फिल्म बनाने की मांग की है। फिल्ममेकर ने कहा, रंभा के पास 2000 हजार करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी है। उनके पति एक बड़े बिजनेसमैन हैं। उन्होंने मुझसे उनके लिए एक फिल्म के लिए मौका मांगा है। मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि मैं उनके लिए एक अच्छा प्रोजेक्ट तैयार करूंगा।

**जल्द रियलिटी शो में नजर आएंगी रंभा :** रंभा जल्द ही साउथ टीवी शो विजय टीवी के डांस रियलिटी शो जोड़ी- आर यू रेडी में बतौर जज नजर आने वाली हैं। इससे पहले भी एक्ट्रेस मानदा मायिलाडा और जोड़ी नंबर 1 जैसे रियलिटी शो जज कर चुकी हैं।

**15 साल की उम्र में रखा था फिल्मों में कदम, सलमान के साथ 2 फिल्में कीं :** रंभा को कम उम्र से ही अभिनय में दिलचस्पी थी। एक बार स्कूल फंक्शन में रंभा ने प्ले में हिस्सा लिया था। इस प्रोग्राम में साउथ के मशहूर डायरेक्टर हरिहरन भी शामिल हुए थे। परफॉर्मेंस से इंप्रेस होकर हरिहरण ने 15 साल की रंभा को मलयाली फिल्म सरगम में कास्ट किया था। पहली ही फिल्म से मिली कामयाबी के बाद रंभा ने पढ़ाई छोड़ दी और कई बड़ी साउथ फिल्मों में काम किया। साउथ सिनेमा में पहचान बनाने के बाद रंभा ने 1995 की फिल्म जल्लाद से बॉलीवुड डेब्यू किया था।

# फिल्म सिकंदर का बम बम भोले शंभू गाना रिलीज

## सलमान ने दिखाए जबरदस्त डांस मूव्स, होली के हिसाब से लिरिक्स और बीट थोड़ी धीमी

सलमान खान की फिल्म सिकंदर का मच अवेटेड होली ट्रैक बम बम भोले आखिरकार रिलीज हो गया है। 1 मिनट 50 सेकंड के इस सॉन्ग में सलमान के जबरदस्त डांस मूव्स देखने को मिल रहे हैं, तो दूसरी ओर शेख्सपियर, वाई-ऐश और हुसैन का रैप भी शामिल है, जो इसे और भी शानदार बना रहा है। बम बम भोले गाना जैसे ही शुरू होता है, तभी सलमान अपने स्वैग के साथ एंट्री लेकर हर मूव में छा जाते हैं। इतना ही नहीं गुलाल के झरते रंगों के बीच सलमान और रश्मिका का डांस और जबरदस्त केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आ रही है।

### सलमान का डांस परफेक्ट, लिरिक्स जरूर धीमी

सलमान खान के डांस की बात करें तो उन्होंने बहुत ही सिंपल तरीके से जबरदस्त मूव्स किए हैं, जबकि रश्मिका मंदाना भी उनके साथ बेहतरीन तरीके से स्टेप्स को मैच कर रही हैं। हालांकि, होली के जश्न के हिसाब से शुरुआत में इस गाने के लिरिक्स थोड़े धीमे जरूर लगते हैं, लेकिन जैसे ही बम बम भोले शंभू की लाइन आती है, यह कमी पूरी तरह से दूर हो जाती है। वहीं, होली पर फिल्माया गया यह गाना भले ही काफी धूम मचा रहा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि पूरे गाने में कहीं भी सलमान खान और रश्मिका मंदाना होली के रंगों में रंगे हुए नजर नहीं आते।

### सिकंदर की दूसरी कास्ट भी आई नजर

इसके अलावा बम बम भोले गाने में सिकंदर की दूसरी कास्ट भी दिखाई दे रही है। जहां सलमान के साथ रश्मिका मंदाना थिरक रही हैं, वहीं एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और शरमन जोशी भी नजर आ रहे हैं और साथ ही पूरे साउथ कल्चर की झलक भी देखने को मिल रही है।

### फैंस को पसंद आया गाना

इस गाने को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट सेक्शन में तारीफ करते थक नहीं रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, बम बम भोले, सिकंदर ब्लॉक बस्टर। एक ने लिखा, परफेक्ट फैमिली होली सेलिब्रेशन सॉन्ग। एक ने लिखा, अब जमेगा ना होली का रंग।



# हमारे देश में औरतें, बच्चे और जानवर सेफ नहीं हैं युवाओं को रीहैब में जाना होगा : जॉन अब्राहम

बीते सालों में अभिनेता ही नहीं अदाकार के रूप में भी जॉन अब्राहम ने खुद को संवारा है। मद्रास कैफे, बाटला हाऊस, परमाणु जैसी कई फिल्मों में उन्हें सराहना मिली और देशभक्ति की फिल्मों से उनका रिश्ता गहरा होता गया। उनकी जल्द रिलीज होने वाली फिल्म डिप्लोमैट भी भारतीय राजनयिक जेपी सिंह के बहादुरी भरे कारनामे पर आधारित है।

**छावा को अपवाद मान लिया जाए, तो फ़िल्में बॉक्स ऑफिस पर काम नहीं दिखा पा रही है। क्या कमी लगती है? स्क्रिप्ट्स, कहानी?**

मुझे लगता है, कहानी है, लेकिन हमें राइटिंग पर ध्यान देना होगा। राइटिंग भी फिल्म का हीरो होती है। आप अगर राइटिंग पर ध्यान नहीं देंगे, तो फिल्म अच्छी नहीं बनेगी, बन गई तो समझो तुक्का लग गया। विषयों के मामले में हमारे प्रड्यूसर्स और स्टूडियोज को भी थोड़ा ब्रेव होना पड़ेगा कि ये क्रिएटिव प्रक्रिया है। अब जैसे विकी डोनर के समय निर्माता होने के नाते हमने वो साहस किया कि चलो इस विषय पर फिल्म बनाते हैं। आज की तारीख में हमें वो रिस्क लेना होगा। हमारे जो स्टूडियोज हैं, वो बहुत प्यारे हैं, मगर उनमें रिस्क लेने की वो क्षमता नहीं है। वो सेफ रहना चाहते हैं। अंग्रेजी की एक कहावत है, हायर द रिस्क, ग्रेटर द प्रॉफिट आप जितना ज्यादा रिस्क लेंगे, आपको मुनाफा भी दस गुना मिलेगा। मेरे पास 8 अच्छी स्क्रिप्ट्स पड़ी हैं, जो मेरे हिसाब से विकी डोनर से दस गुना बेहतर हैं, मगर उन पर कोई रिस्क लेने को तैयार नहीं है। वो कहते हैं, यार ये तो बहुत रिस्की है या पता नहीं ये चलेगा या नहीं या इसमें गाने नहीं हैं अथवा ये तो न्यूकमर्स के साथ है, तो ऐसे कई कॉमन इश्यूज का हम सामना करते हैं।

**देशभक्ति वाली फिल्मों से आपका गहरा नाता है। अपनी देशभक्ति को कैसे परिभाषित करेंगे?**

मैं अपनी देशभक्ति को एक ही तरीके से डिफाइन कर सकता हूं कि हमारे देश में अच्छा या बुरा जो भी हो, हम उसकी आलोचना कर सकें। अगर हम उसे क्रिटिसाइज नहीं करते, तो हम देशभक्त नहीं हैं। दूसरी बात लोकतंत्र के लिए सेकुलरिज्म का होना बहुत जरूरी है। तीसरी अहम बात जो मैंने हमेशा कही है, इस देश में औरतें, बच्चे और जानवर सेफ नहीं हैं और इस मुद्दे पर मेरे साथ कोई बहस कर ही नहीं सकता। जानवर तो बिलकुल भी सेफ नहीं हैं, क्योंकि वो वोट नहीं डाल सकते। उनके लिए कोई कानून नहीं है, तो मुझे लगता है कि इंडिया को क्रिटिकली देखना बहुत जरूरी है। लेकिन इस सब के बावजूद मैं देशभक्त हूं। अपने झंडे को देखकर मुझे कुछ होता है और यही तो खूबसूरती है इस देश की।



**आपके माता-पिता की बात करूं, तो आपके पिता क्रिश्चियन रहे जबकि मां ईरानी, इसने आपको एक व्यक्ति के रूप में कितना संवारा?**

बेशक, इससे मेरी सांस्कृतिक विविधता और ज्यादा विस्तृत हुई। आप जब किसी एक खास धर्म से होते हैं, तो दूसरे धर्म के प्रति आप मानें न मानें, कुछ पूर्वाग्रह तो होते ही हैं। मेरी सबसे बड़ी खूबी है कि मैं आदमी को उसके काम से आंकता हूं। मेरे लिए ये बात बिलकुल भी मायने नहीं रखती कि वो हिंदू है या मुसलमान या फिर जैन अथवा पारसी।

**काम के प्रति पैशनेट और समर्पित अदाकार होने के बावजूद, जब आपको आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है, तो कैसा लगता है?**

ईमानदारी से कहूं, तो उन आलोचनाओं ने ही मुझे आगे बढ़ाया है। बीस साल पहले मैं काफी अलग था। मेरी समझ में नहीं आता था कि मैं क्रिटिसिज्म को कैसे हैंडल करूं। मैं एक मॉडल था, तो लोग सिर्फ मेरे चेहरे और बॉडी को देखते थे। लोग कहते, इसके लुक्स इसके लिए काफी हैं और एक पॉइंट तक मैंने भी दोस्ताना जैसी फिल्मों में उसका इस्तेमाल किया, क्योंकि मैं मार्केटिंग का बंदा हूं। मुझे लगा, लोगों को ये पसंद है। मगर जब मैं निर्माता बना, तो मैंने सोचा कि अब मैं लोगों को दिखाऊंगा कि मैं क्या कर सकता हूं। उसके बाद मेरी ऑडियंस की सोच बदली। वो सोचने लगे, यार ये तो विकी डोनर, परमाणु, बाटला हाउस, मद्रास कैफे, क्या - क्या बना रहा है। फिर वापिस दर्शक प्रोजेक्टर पर गए, तो उन्होंने पाया कि इसने वॉटर, नो स्मोकिंग, काबुल एक्सप्रेस, टैक्सी नंबर 9211, जिंदा, गरम मसाला, देसी बॉयज सबकुछ किया है। ये बंदा तो अच्छा काम करता है, तो इसकी आलोचना क्यों हो रही है। मेरा जो करियर है, वो क्रिटिसिज्म पर ही बना है। मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। अगर आलोचना कंस्ट्रक्टिव है, तो अच्छी बात है। आप उससे सीखते हैं, आपको उसे नकारात्मक रूप से नहीं लेना चाहिए।

**आज का यूथ खुद को कई तरह के दबाव के अंतर्गत पाता है? क्या युवावस्था में आपने भी असुरक्षाओं का सामना किया है?**

मैं जब नौजवान था, तब मेरी भी कई असुरक्षाएं थी। मेरे चेहरे पर बहुत सारे पिंपल्स हुआ करते थे। जितने दाग चांद पर नहीं होंगे, मेरे चेहरे पर उतने गड्ढे हुआ करते थे। मैं भी कई अनचाहे हालात से गुजरा, मगर कहा जाता है न कि समय हर मर्ज की दवा है। मैं यूथ से यही कहूंगा कि खुद को सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा एक्सपोज मत करो। आज लोग सोशल मीडिया एंजाइटी से गुजर रहे हैं। लोग भले मुझे पागल समझें, मगर मैं यूथ से यही कहूंगा कि कुछ समय के लिए वे सोशल मीडिया से खुद को डीटॉक्सिफाइ करें। मैं कॉन्स्पिरी थियरी में नहीं मानता, मगर मुझे लगता है कि सोशल मीडिया एक ड्रग है। आपको इससे दूर जाने के लिए री हैब में जाना पड़ेगा।



मन में जो है साफ़ साफ़ कह देना चाहिए क्योंकि सच बोलने से फैसले होते है और झूट बोलने से फासले।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान में होली पर 8 जिलों में बारिश का अलर्ट

## मार्च में ही चलने लगी हीटवेव, 40 डिग्री के पार पहुंचा पारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में हीटवेव का दौर शुरू हो गया है। बाड़मेर-जालोर में कल पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज और कल भी हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही होली के दिन बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के 8 जिलों में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की भी संभावना जताई है। राज्य में सोमवार दिन में सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर में रही, जहां का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। बाड़मेर के अलावा कल जालोर में भी तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इन दोनों ही जिलों में कल दिन में हीटवेव चली। मौसम में अचानक से बढ़ी इस गर्मी से अब बीमारियां भी शुरू हो गई हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी बाड़मेर जिला और उसके आसपास के एरिया में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। आज (12 मार्च) बाड़मेर जिले के अलावा जालोर के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए इन जिलों में हीटवेव चलने की आशंका जताई है।

### इन जिलों में भी तेज गर्मी रही :

राज्य में कल पाली में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस, झुंझुनूं में 35 .7, प्रतापगढ़ में 36 .8, दौसा में 36 .2, करौली में 35 .4, सिरोही में 38 .3, डूंगरपुर में 38 .2, नागौर में 37 .7, चूरू में 36 .6, बीकानेर में 38, जोधपुर में 38 .1, जैसलमेर में 39 .5, उदयपुर में 36, चित्तौड़गढ़ में 38 .4, कोटा में 35 .3, अजमेर में 36 .1 और जयपुर में 34 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### मार्च के आखिरी में चलती है हीटवेव

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राजस्थान में अमूमन हीटवेव का दौर मार्च के तीसरे या आखिरी सप्ताह से शुरू होता है। काफी समय बाद ऐसा देखने को मिल रहा है, जब हीटवेव मार्च के दूसरे सप्ताह से ही शुरू हो गई। हेल्थ सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में इस बदलाव से अब बचने की जरूरत है। बच्चों और बुजुर्गों को बिना वजह दोपहर में धूप के समय घर के बाहर आने-जाने से रोकें। गर्मी से बचने के लिए समय-समय पर पानी पीकर हाइड्रेड रहने की सलाह दी गई है।



### अब आगे क्या?

जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार, 13 से 15 मार्च तक राजस्थान में हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम के असर से 13 मार्च को बीकानेर संभाग के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों में कहीं-कहीं दोपहर बाद बादल छा सकते हैं और हल्की बारिश और बूंदाबांदी हो सकती है। 14 मार्च को इस सिस्टम का असर बीकानेर के अलावा जयपुर और भरतपुर संभाग के जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, भरतपुर, दौसा, करौली और भरतपुर जिलों में देखने को मिल सकता है।

13-साल की रेप पीड़ित 7 महीने की प्रेग्नेंट, अबॉर्शन मंजूर

## राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा- अगर डिलीवरी के लिए मजबूर किया तो वह जिंदगीभर तकलीफ झेलेगी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने 13 साल की रेप पीड़ित को 7 महीने की प्रेग्नेंसी में गर्भपात (अबॉर्शन) कराने की अनुमति दे दी है। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने अपने आदेश में कहा- अगर पीड़ित को डिलीवरी के लिए मजबूर किया गया तो उसे जीवनभर तकलीफ का सामना करना पड़ेगा। इसमें बच्चे के भरण-पोषण से लेकर अन्य मुद्दे भी शामिल हैं। कोर्ट ने ये भी कहा कि बच्चे को जन्म देने से पीड़ित के मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने महिला चिकित्सालय सांगानेर (जयपुर) की अधीक्षक को निर्देश दिया कि वे मेडिकल बोर्ड से नाबालिग लड़की के गर्भपात कराने की व्यवस्था करें। कोर्ट ने कहा कि अगर भ्रूण जीवित मिलता है तो उसे जिंदा रखने के सारे इंतजाम किए जाएंगे। भविष्य में राज्य सरकार के खर्च पर भ्रूण का पालन-पोषण किया जाएगा। यदि भ्रूण मृत पाया जाता है, तो उसके टिश्यू डीएनए रिपोर्ट के लिए स्टोर किए जाएंगे।

**अबॉर्शन के लिए माता-पिता सहमत थे :** पीड़ित लड़की की वकील सोनिया शांडिल्य ने बताया- पीड़ित 27 हफ्ते 6 दिन (7 महीने) की गर्भवती है। उसके माता-पिता भी गर्भपात कराना चाह रहे थे। हमने कोर्ट को बताया कि ऐसे कई मामले हैं, जहां हाईकोर्ट्स और सुप्रीम कोर्ट ने 28 हफ्ते (7 महीने) की प्रेग्नेंट को भी अबॉर्शन की अनुमति दी है। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने तीन एक्सपर्ट के मेडिकल बोर्ड से पीड़ित की जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। मेडिकल बोर्ड ने 8 मार्च को रिपोर्ट दी थी। इसमें कहा गया था कि अबॉर्शन में हाई रिस्क है, लेकिन इसे कराया जा सकता है। हमने कोर्ट से कहा कि पीड़ित बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट 1971 के अनुसार, रेप के कारण प्रेग्नेंसी से होने वाली पीड़ा को गर्भवती महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर माना जाएगा।

# मॉरीशस से होली का रंग लेकर जाऊंगा : पीएम मोदी

### कहा- आपके लिए महाकुंभ का पवित्र जल लाया हूं, आज राष्ट्रीय समारोह में चीफ गेस्ट बनेंगे

बढ़ता राजस्थान

**पोर्ट लुइस ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस के दो दिन के राजकीय दौरे पर हैं। उन्होंने मंगलवार दोपहर मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल से मुलाकात की। पीएम ने राष्ट्रपति धरम को गंगाजल और उनकी पत्नी को बनारसी साड़ी गिफ्ट दी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा। इस इवेंट में पीएम मोदी ने इंडियन डायस्पोरा को संबोधित किया। उन्होंने भोजपुरी में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा, जब 10 साल पहले आज की ही तारिख पर मैं मॉरीशस आया था, उस साल होली एक हफ्ते पहले बीती थी, तब मैं भारत से फगवा की उमंग अपने साथ लेकर आया था। अब इस बार मॉरीशस से होली के रंग अपने लेकर भारत जाउंगा। पीएम ने कहा कि आपने मुझे सम्मान दिया, इसे मैं विनम्रता से स्वीकारता हूं। यह उन भारतीयों का सम्मान है जिन्होंने पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस धरती की सेवा की और मॉरीशस को इस ऊंचाई पर लेकर आए। मैं मॉरीशस के हर नागरिक और यहां की सरकार का इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

### मुझे हमारे पूर्वजों का दर्द, तकलीफ याद आती है

पीएम ने कहा कि जब मैं आपके बीच आता हूं तो 200 साल पहले की उन बातों में भी खो जाता हूं जिनके बारे में हमने सिर्फ पढ़ा है। वो अनेक हिंदुस्तानी जो गुलामी के कालखंड में यहां झूठ बोलकर लाए गए, जिन्हें दर्द मिला, तकलीफ मिली, धोखा मिला और मुश्किलों के उस दौरे में उनका संबल थे भगवान राम। राम चरित मानस भगवान राम का संघर्ष उनकी विजय उनकी प्रेरणा, उनकी तपस्या ... भगवान राम में वो खुद को देखते थे, भगवान राम से उन्हें प्रेरणा मिलती थी।

मैं जानता हूं कि मॉरीशस के अनेक परिवार अभी महाकुंभ में भी होकर आए हैं। मुझे यह भी पता है कि अनेक परिवार चाहते हुए भी महाकुंभ में नहीं आ पाए। मुझे आपकी भावनाओं का ख्याल है, इसलिए मैं अपने साथ पवित्र संगम का जल लेकर आया हूं।



### दोनों देशों के रिश्ते मॉरीशस की चीनी जैसे मीठे

पीएम ने कहा कि अब होली की बात आई तो हम गुजिया की मिठास कैसे भुला सकते हैं। एक समय था जब भारत के पश्चिमी हिस्से में मिठाइओं के लिए मॉरीशस से भी चीनी आती थी। शायद यह भी एक वजह रही कि गुजराती में चीनी को मोरिस कहा गया। समय के साथ भारत और मॉरीशस के रिश्तों की यह मिठास और भी बढ़ती जा रही है।

### मॉरीशस की मिट्टी में भारत के पूर्वजों का खून-पसीना

मोदी बोले कि मैं जब भी मॉरीशस आता हूं तो ऐसा लगता है कि अपनों की बीच ही तो आता हूं। यहां की मिट्टी में, हवा में, पानी में अपनेपन का एहसास है। गीत गवाई में, ढोलक की थाप में, दाल पूरी में, कुच्चा में और गातो पिमा में भारत की खुशबू है, क्योंकि यहां की मिट्टी में कितने ही भारतीयों का, हमारे पूर्वजों का खून-पसीना मिला हुआ है।

### राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई, तो मॉरीशस में भी उत्साह था

पीएम ने कहा कि प्रभु राम और रामायण के लिए जो आस्था और भावना मैंने सालों पहले अनुभव की थी वही आज भी महसूस करता हूं। भावना का वही ज्वार पिछले साल जनवरी में भी दिखा जब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। हमारा 500 साल का इंतजार खत्म हुआ, तो जो उत्साह भारत में था वही उत्साह मॉरीशस में था। आपकी भावनाओं को समझते हुए तब मॉरीशस ने आधे दिन की छुट्टी भी घोषित की थी।

## सप्त शक्ति एडवेंचर टीम ने एडवेंचर चैलेंज कप 2024-25 जीत कर रचा इतिहास



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सप्त शक्ति कमान की एडवेन्चर टीम ने इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अपना नाम अंकित करते हुए पहली बार प्रतिष्ठित आर्मी एडवेन्चर चैलेंज कप ट्रॉफी 2024-25 को अपने नाम किया। आर्मी एडवेन्चर चैलेंज कप एक अत्यंत कठिन ट्रायथलॉन प्रतियोगिता है जिसे इस वर्ष अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम यिंग्कियोंग क्षेत्र में आयोजित किया गया।

इस प्रतियोगिता में 12 किमी हिल रनिंग, 20 किमी माउंटेन टेरेन बाइकिंग और 8 किमी व्हाइट वॉटर राफ्टिंग शामिल थी, जो शारिरिक और मानसिक सहनशक्ति की पराकाष्ठा की परीक्षा लेती है। सभी कठिनाइयों को मात देते हुए टीम सप्त शक्ति ने न्यूनतम समय में यह चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता पूरी की और सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में विजयी हुई। इसके साथ ही टीम के चार सदस्यों ने व्यक्तिगत पुरस्कार भी अपने नाम किया जिसमे तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक शामिल है। लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, दक्षिण पश्चिमी कमान ने 11 मार्च 2025 को जयपुर मिलिट्री स्टेशन में एक सम्मान समारोह के दौरान टीम को सम्मानित किया। आर्मी कमांडर ने टीम को नकद पुरस्कार प्रदान किया और विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एथलीटों को सम्मानित किया। इसके अलावा, टीम के पाँच सदस्यों और सहयोगी स्टाफ को उनके असाधारण योगदान के लिए जीओसी-इन-सी, दक्षिण पश्चिमी कमान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। टीम के साथ बातचीत के दौरान, आर्मी कमांडर ने सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की और पिछले छह महीनों में टीम को प्रशिक्षित करने और तैयार करने में सहयोगी स्टाफ द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान की भी प्रशंसा की। उन्होंने इस अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जीत को सप्त शक्ति कमान की गौरवशाली उपलब्धि बताया और कहा की कमान के सभी रैंक इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते है। उन्होंने सभी रैंकों को इस जीत से सीख लेने और अपने सभी कार्यों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।



# राष्ट्रपति मुर्मु ने पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बठिंडा में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन में एक चरण के पूरा होने और दूसरे चरण की शुरुआत का अवसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विद्यार्थी अपने आचरण और योगदान से इस विश्वविद्यालय, अपने परिवार और देश का नाम रोशन करेंगे। राष्ट्रपति ने छात्रों को सलाह दी कि वे पांच अच्छी चीजों- जिज्ञासा, मौलिकता, नैतिकता, दूरदर्शिता और सहजता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जिज्ञासा व्यक्ति को नई जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है। जिज्ञासु व्यक्ति जीवन भर नई-नई चीजें सीखते रहते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय को अच्छी तरह से समझने के बाद उस विषय या किसी अन्य क्षेत्र में कुछ नया करने का प्रयास करना चाहिए। मौलिकता से विशिष्ट पहचान मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नैतिकता ही सार्थक जीवन का आधार है। सफल व्यक्ति बनने से ज्यादा महत्वपूर्ण है अच्छा व्यक्ति बनना। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने निजी जीवन या कार्य में जो भी अवसर चुनें, वह तात्कालिक लाभ के आधार पर नहीं, बल्कि अपनी क्षमताओं और रुचियों के स्थायी उपयोग की संभावना पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहजता एक मूल्यवान गुण है। इसके कई आयाम हैं। दिखावे या दिखावे से बचना इसका एक आयाम है। शब्दों और कार्यों में एकरूपता सहजता का दूसरा आयाम है। अपनी जड़ों से जुड़े रहना भी सहजता का एक अन्य महत्वपूर्ण आयाम है। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के छात्र अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका शिक्षण समुदाय भी भारत की विविधता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में पूरे देश का प्रतिनिधित्व इस विश्वविद्यालय की एक सराहनीय विशेषता है। ऐसे संस्थान हमारे देश की जीवंत संस्कृति के प्रतिनिधि हैं।




बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com